3 राजधानी — एमसीडी में वार्ड समिति का चुनाव 4 सितंबर को
6 अभिमत — कमला हैरिस के लोकरंजक वादे
11 विदेश — इजराइल का वेस्ट बैंक में सैन्य अभियान
12 स्पोर्ट्स — भारतीय हॉकी टीम का ऐलान



RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 287
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई
राष्ट्रीय-10


# राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं, बस बहुत हो चुका : महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने को आगे बढ़े समाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोलकाता के** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से रेप-हत्या के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दर्द बयां किया है। उन्होंने अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि वह निराश और भयभीत हैं। उन्होंने महिला अपराधों पर रोक का आह्वान किया और कहा कि अब बहुत हो गया, अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 'विकृति' के प्रति जाग जाए और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को कम सक्षम, कम शक्तिशाली और कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की जघन्य घटना ने देश को झकझोर दिया है। जब यह खबर सुना तो बुरी तरह स्तब्ध और व्यथित हो गई। सबसे अधिक हताश करने वाली बात यह है कि यह केवल एक अकेला मामला नहीं है। यह महिलाओं के खिलाफ अपराधों की कड़ी का एक हिस्सा है। छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में जब प्रदर्शन कर रहे हैं तो उस समय भी अपराधी अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए हैं। पीड़ितों में छोटी-छोटी स्कूली बच्चियां तक शामिल हैं। कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों के साथ ऐसे बर्बरता की अनुमति नहीं दे सकता। राष्ट्र का आक्रोशित होना स्वाभाविक है और मैं भी आक्रोशित हूं।

पिछले साल महिला दिवस के अवसर पर मीडिया में लेख के रूप में महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार और उम्मीदें साझा की थीं। महिलाओं को सशक्त बनाने में हमारी पिछली उपलब्धियों के कारण वह आशावादी हैं। वह खुद को भारत में महिला सशक्तिकरण की उस शानदार यात्रा का एक उदाहरण मानती है, लेकिन जब वह देश के किसी भी हिस्से में महिलाओं के खिलाफ क्रूरता के बारे में सुनती हैं तो बहुत दुख होता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हाल ही में, वह एक अजीब दुविधा में फंस गई थी, जब राष्ट्रपति भवन में राखी मनाने आए कुछ स्कूली बच्चों ने उनसे मासूमियत से पूछा कि क्या उन्हें भरोसा दिया जा सकता है कि भविष्य में निर्भया जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। मैंने उनसे कहा कि हालांकि राज्य हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन आत्मरक्षा और मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण सभी के लिए, खासकर लड़कियों के लिए, उन्हें मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। लेकिन यह उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं है, क्योंकि महिलाओं की कमजोरी कई कारकों से प्रभावित होती



है। जाहिर है, इस सवाल का पूरा जवाब हमारे समाज से ही मिल सकता है और ऐसा होने के लिए, सबसे पहले जरूरत है कि ईमानदारी और बिना किसी पूर्वाग्रह के आत्मावलोकन किया जाए। अब समय आ गया है कि जब एक समाज के नाते हमें स्वयं से कुछ मुश्किल सवाल पूछने की जरूरत है। हमसे गलती कहां हुई और इन गलतियों को दूर करने के लिए हम क्या कर सकते है। इन सवालों का जवाब खोजे जाने तक हमारी आधी आबादी, दूसरी आधी आबादी की तरह स्वतंत्रतापूर्वक नहीं रह सकती।

इसका उत्तर देने के लिए, वह इसे शुरू में ही स्पष्ट कर देती हूं। हमारे संविधान ने महिलाओं सहित सभी को उस समय समानता प्रदान की, जब दुनिया के कई हिस्सों में यह केवल एक विचार था। राज्य (शासन) ने तब इस समानता को स्थापित करने के लिए, जहां भी ज़रूरत थी वहां संस्थाओं का निर्माण किया और इसे कई योजनाओं और पहलों के साथ बढ़ावा दिया। नागरिक समाज आगे आया और इस संबंध में राज्य के प्रयासों को गति प्रदान की। समाज के सभी क्षेत्रों में दूरदर्शी नेताओं ने लैंगिक समानता पर जोर दिया। अंत में, कुछ असाधारण, साहसी महिलाएं थीं, जिन्होंने अपनी कम भाग्यशाली बहनों के लिए इस सामाजिक क्रांति से लाभ उठाना संभव बनाया। यही महिला सशक्तिकरण की गाथा रही है। फिर भी, यह यात्रा बाधारहित नहीं रही। महिलाओं को अपनी जीती हुई एक- एक इंच जमीन के लिए संघर्ष करना पड़ा है। सामाजिक पूर्वाग्रहों के साथ-साथ कुछ रीति-रिवाजों और प्रथाओं ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों के विस्तार का विरोध किया है। यह एक बहुत ही विकृत मानसिकता है। वह इसे पुरुष मानसिकता नहीं कहती, क्योंकि इसका व्यक्ति की लैंगिकता से कोई खास लेना-देना नहीं है। ऐसे बहुत से पुरुष हैं जिनमें यह नहीं है। यह मानसिकता महिला को कमतर इंसान, कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। ऐसे विचार रखने वाले लोग इससे भी आगे बढ़कर महिला को एक वस्तु के रूप में देखते हैं। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश करने की यही मानसिकता जिम्मेदार है। यह भावना ऐसे लोगों के दिमाग में गहराई से बैठी हुई है। मैं यहां यह भी कहना चाहूंगी कि अफसोस की बात है कि यह केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में है। एक से दूसरी जगह के बीच का अंतर अपराध की प्रकृति के बजाय उसके स्तर का होता है। इस प्रकार की मानसिकता का मुकाबला राज्य और समाज दोनों को करना है। भारत में, इतने सालों में, दोनों ने इस गलत नजरिए में बदलाव के लिए कड़ा संघर्ष किया है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**घरेलू उद्योग** को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के मकसद से केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहर बनाने को मंजूरी दी। इस परियोजना की कुल लागत 28,602 करोड़ रुपये होगी। इन परियोजनाओं में दस लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। 10 राज्यों में फैली और छह प्रमुख कॉरिडोर के साथ रणनीतिक रूप से नियोजित ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक विकास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल को दर्शाती हैं। ये औद्योगिक क्षेत्र उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र प्रदेश में ओर्वाकल और कोपार्थी और राजस्थान



नई दिल्ली में पत्रकारों को कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनि वैष्णव

में जोधपुर-पाली में स्थित होंगे।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस अहम फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इन औद्योगिक शहरों की परिकल्पना छह प्रमुख गलियारों के करीब रणनीतिक रूप से की गई है। ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने में एक महत्वपूर्ण पहल को दर्शाती हैं। यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र एवं शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा। इन शहरों को वैश्विक मानकों के नए स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। ये शहर उन्नत बुनियादी ढांचे से लैस होंगे जो टिकाऊ और कुशल औद्योगिक संचालन का समर्थन करते हैं।

एनआईसीडीपी से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इन शहरों के गठन से करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और नियोजित औद्योगिकीकरण के माध्यम से 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। इन परियोजनाओं से लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपए की निवेश क्षमता भी पैदा होगी। इन औद्योगिक शहरों की स्थापना की परिकल्पना वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में पेश की गई थी। बजट में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए राज्यों और ( शेष पृष्ठ 9 )

# भाजपा के बंद से बंगाल में दिक्कतों से जूझे लोग

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता


**आरजी कर** मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में भाजपा द्वारा बुधवार को बंद के आह्वान का पश्चिम बंगाल में आंशिक असर दिखा। वहीं मंगलवार की घटना के बाद उसके अगले दिन भी बंगाल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच रुक-रुक कर सड़कों पर झड़पें हुईं, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

भाजपा समर्थित छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस अत्याचारों के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को बंद का आह्वान किया था। भाजपा ने मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर नबान्ना स्थित राज्य सचिवालय की तरफ मार्च किया था।


राज्यव्यापी बंद के आह्वान के बाद कोलकाता में धरना देते भाजपा के वरिष्ठ नेता

भाजपा समर्थन वाले क्षेत्र कोलकाता के उत्तर-पश्चिमी हिस्से और हावड़ा के व्यापारिक जिले के कुछ भागों में बंद का अधिक प्रभाव दिखा और सड़कों पर वाहन भी कम दिखे। शहर के बाकी हिस्सों में यातायात लगभग सामान्य रहा। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि भगवा समर्थकों द्वारा बीच-बीच में किए गए अवरोधों के कारण यातायात आंशिक रूप से बाधित रहा। दक्षिण उपनगरीय खंड और कोन्नगर, हुगली, नैहाटी-भाटपारा और कुछ अन्य स्थानों जैसे अन्य स्थानों पर भाजपा समर्थकों द्वारा आयोजित रेल रोको के कारण हावड़ा और सियालदह स्टेशनों से रवाना होने वाली और आने वाली स्थानीय उपनगरीय ट्रेनें अक्सर देरी से चलीं। सूत्रों ने कहा कि पुलिस ने हुगली में बंद लागू करने वाले भाजपा समर्थकों पर लाठीचार्ज किया। आसनसोल और कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों के कुछ हिस्सों में बंद को अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

जैसे ही बंद तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के स्थापना दिवस के साथ जुड़ा, दोनों दलों के समर्थकों के बीच उत्तर 24 परगना, जमुरिया, हुगली, कैनिंग और अन्य स्थानों पर विभिन्न स्थानों पर झड़प हुई। सूत्रों ने कहा कि उत्तर 24 परगना के भाटपारा में एक भाजपा नेता को गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने राहुल सिन्हा, लॉकेट चटर्जी, अग्निमित्रा पॉल और सजल घोष समेत कुछ वरिष्ठ भाजपा नेताओं को गिरफ्तार किया है। डीसीपी सेंट्रल ने शाम को बताया कि उपद्रव मचाने के आरोप में करीब 96 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



# मॉलीवुड के मामले में 17 केस और दर्ज

**कुमार चेल्लप्पन।** कोच्चि

**महिला आईपीएस** अधिकारियों की विशेष जांच टीम ने मलयालम फिल्म अभिनेत्रियों द्वारा मुकेश, सिद्दीकी, बाबू राज, मनियन पिल्ली राजू, जयसूर्या और फिल्म निर्माता रंजीत (जिन्होंने केरल सरकार द्वारा संचालित संस्थान केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है) जैसे वरिष्ठ कलाकारों के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। एसआइटी के सूत्रों ने द पायनियर को बताया कि वे मुकेश और रंजीत को पूछताछ के लिए टीम के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया जाएगा। बंगाली फिल्म अभिनेत्री श्रीलेखा मित्रा ने रंजीत के खिलाफ वर्ष 2009 में फिल्म निर्माता द्वारा किए गए उत्पीड़न के बारे में एसआइटी को ई-मेल के जरिए शिकायत दर्ज कराई है। मीनू मुनीर, सोनिया मल्होत्रा और रेवती संपत समेत अन्य कलाकार हैं जिन्होंने अपने पुरुष समकक्षों के खिलाफ बलात्कार, शारीरिक उत्पीड़न और शील भंग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। मुनीर ने अपनी शिकायत में कहा कि सीपीआई (एम) के विधायक मुकेश ने एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स (एएमएमए) की सदस्यता के लिए उनके आवेदन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए उनसे अपने साथ सोने के लिए कहा, जो फिल्म जगत के कल्याण कार्यक्रम की दिशा में एक कदम है। इस बीच मुकेश ने मुनीर पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया ( शेष पृष्ठ 9 )

# धन शोधन में जमानत का नियम कायम रहेगा: कोर्ट

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में दोहराया कि जमानत का सिद्धांत एक नियम है और जेल जाना अपवाद है, जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धन शोधन के मामलों में भी लागू होता है। इसके साथ ही, धन शोधन के एक मामले में अदालत ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी प्रेम प्रकाश को जमानत दे दी। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को राहत दिए जाने के एक दिन बाद आया है, जिन्हें मार्च में शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस महीने की शुरुआत में, आप नेता मनीष सिसोदिया को भी धन शोधन के एक मामले में जमानत मिली थी।

जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता कानून द्वारा स्थापित नियम है और उससे वंचित करना अपवाद है। पीठ ने यह स्पष्ट किया कि पीएमएलए के तहत जमानत के लिए कठोर शर्तें इस सिद्धांत को दरकिनार



कर देंगी। पीठ ने अपने 44 पृष्ठ के आदेश में कहा, जमानत अपील स्वीकार की जाती है और झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के दिनांक 22.03.2024 के आदेश को निरस्त किया जाता है तथा उसे अलग रखा जाता है।

अपीलकर्ता ने धारा 45 के तहत दो शर्तों को पूरा किया है। रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के अनुसार, यह न्यायालय संतुष्ट है कि यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि अपीलकर्ता पीएमएलए की धारा 3 और 4 के तहत कथित मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध का दोषी नहीं है और न्यायालय इस बात से भी संतुष्ट है कि यदि अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाता है, तो उसके द्वारा कोई अपराध किए जाने की संभावना नहीं है।

पीठ ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार मामलों में 9 अगस्त के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता नियम है और कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया द्वारा उससे वंचित करना अपवाद है। पीठ ने कहा, मनीष सिसोदिया के फैसले पर भरोसा करते हुए, हमने कहा है कि पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) में भी जमानत एक नियम है और जेल अपवाद है। पीठ ने पीएमएलए की धारा 45 का हवाला दिया जिसमें जमानत के लिए दोहरी शर्तों का उल्लेख है - प्रथम दृष्टया संतुष्टि होनी चाहिए कि आरोपी ने अपराध नहीं किया है और जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अपराध करने की संभावना नहीं है। अदालत ने कहा कि धारा 45 में केवल वही शर्तें बताई गई हैं जो जमानत के लिए पूरी की जानी चाहिए। व्यक्ति की स्वतंत्रता का नियम कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया द्वारा वंचना अपवाद है। दोहरी जांच इस सिद्धांत को ( शेष पृष्ठ 9 )

# जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रही हैं कांग्रेस-सपा: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अलीगढ़

**उप्र के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट घुट कर मरा था। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तब ये लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। 2014 में पीएम मोदी के आने के बाद से देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है।

सीएम योगी ने बुधवार को अलीगढ़ में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को संबोधित किया। साथ ही युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने समय में कोई


अलीगढ़ में बुधवार को एक कार्यक्रम में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

काम नहीं किया, सिर्फ कारनामे किए आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा है। यही समाजवादी पार्टी के लोग हैं, जो कहते थे कि लड़के हैं और लड़कों से गलती हो जाती है। यही लोग हैं जो बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करते थे। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए यमलोक का रास्ता खुला हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# ईडी ने डीएमके सांसद पर फेमा उल्लंघन पर 908 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय ने बुधवार को कहा कि द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद एस. जगतरक्षकन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन से संबंधित एक मामले में 908 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सितंबर 2020 में जब्त की गई 89.19 करोड़ रुपए की संपत्ति को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत 26 अगस्त को जारी एक आदेश के बाद कुर्क कर लिया गया है। जगतरक्षकन (76 साल) अरक्कोणम लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। एजेंसी ने कहा कि सांसद, उनके परिवार के सदस्यों और संबंधित भारतीय इकाई के खिलाफ एक फेमा जांच शुरू की गई थी। जगतरक्षकन तमिलनाडु के एक कारोबारी भी हैं। उसने कहा कि इस जांच के परिणामस्वरूप, सांसद और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर विभिन्न चल और अचल संपत्तियों के लिए फेमा की धारा 37 ए के तहत 11 सितंबर, 2020 को एक जब्ती आदेश पारित किया गया। इनकी कीमत 89.19 करोड़ रुपए है। ईडी ने कहा, फेमा की धारा 37ए के तहत जब्त की गई 89.19 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश भी दिया गया था और 26 अगस्त के आदेश के तहत 908 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वर्ष 2020 के जब्ती आदेश को सक्षम प्राधिकारी ने फरवरी 2021 में रद्द कर दिया था और ईडी ने इसे अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष चुनौती दी थी, जहां ईडी ने कहा, अपील लंबित है। बाद में, एजेंसी ने दिसंबर 2021 में सांसद, उनके ( शेष पृष्ठ 9 )

# ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी का केरल सरकार ने किया अपमान

**कुमार चेल्लप्पन।** कोच्चि

- पीआर श्रीजेश के सम्मान में आयोजित होने वाला कार्यक्रम अचानक रद्द किया

**एक चौंकाने** वाली घटना में, भारत के महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश (पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य) और उनके परिवार को केरल सरकार द्वारा अपमानित किया गया, जिसने राज्य में खेल जगत को झकझोर कर रख दिया है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने श्रीजेश को हॉकी में उनकी उपलब्धि के लिए राज्य समारोह में सम्मानित करने के लिए तिरुवनंतपुरम आमंत्रित किया था। स्टार हॉकी खिलाड़ी अपने परिवार के सदस्यों के साथ तिरुवनंतपुरम पहुंचे थे लेकिन श्रीजेश को पता नहीं था कि सम्मान समारोह रद्द कर दिया गया। श्रीजेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी और उनके द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भाग लिया था, जिससे मार्क्सवादी और मंत्रिपरिषद के मुस्लिम सदस्य नाराज थे। मोदी को धन्यवाद देने वाले लोगों को भी मार्क्सवादियों, सीपीआई, मुस्लिम लीग और कांग्रेस में पसंद नहीं किया जाता है।

राज्य सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी और खेल मंत्री वी. अब्दुल रहमान के बीच बिल का भुगतान करने के मुद्दे पर मतभेद के बाद कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। शिवनकुट्टी सीपीआई (एम) के विचारक हैं, जबकि



अब्दुल रहमान कांग्रेस नेता थे, जो वर्ष 2021 के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से कुछ घंटे पहले सीपीआई (एम) में शामिल हो गए थे। एक व्यवसायी रहमान, हालांकि एक कट्टर इस्लामवादी हैं, सीपीआई (एम) में उनका बहुत प्रभाव है। दोनों मंत्रियों का मानना था कि श्रीजेश को ऐसा सबक सिखाया जाना चाहिए जिसे वह जीवन भर न भूलें। मंगलवार की सुबह ही उन्हें बताया गया कि सम्मान समारोह रद्द कर दिया गया है और उन्हें इस अवसर पर राजधानी में बुलाया जाएगा।

श्रीजेश और परिवार ने श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर और पझावंगडी में भगवान गणपति मंदिर में दर्शन किया, जब उनकी मुलाकात केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी से हुई। सम्मान समारोह रद्द होने की खबर सुनकर गोपी हैरान हुए और श्रीजेश और उनके परिवार के सदस्यों को अपने घर ले गए तथा उन्हें दोपहर के खाने पर स्वादिष्ट ओणम व्यंजन परोसा। श्रीजेश की पत्नी, बच्चे, पिता और मां ने श्रीजेश के साथ अच्छा समय बिताया तथा मंगलवार को घर लौटने के लिए ट्रेन में चढ़ने से पहले सेल्फी ली। चूंकि श्रीजेश केरल सरकार के कर्मचारी हैं, इसलिए वह अपनी भावनाओं को व्यक्त करने की स्थिति में नहीं हैं। श्रीजेश के स्वदेश लौटने के बाद प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भाग लेने के लिए अपमानित किया गया, जबकि मुख्यमंत्री विजयन दिल्ली में मोदी से मुलाकात कर रहे थे तथा बाढ़ और भूस्खलन से तबाह हुए वायनाड के पुनर्निर्माण के लिए निधि की पहली किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपये मंजूर करने का अनुरोध कर रहे थे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 अगस्त, 2024



# नोएडा में होटल और कांप्लेक्स बनाने का मौका

## 200 से लेकर 40 हजार वर्गमीटर तक के भूखंड की आएगी योजना, ई ऑक्शन से होगा आवंटन




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अगले महीने करीब 15 व्यवसायिक भूखंड की योजना नोएडा प्राधिकरण लाएगा। इसमें 200, 300 से लेकर 20 से 40 हजार वर्ग मीटर तक के बड़े भूखंड योजना में शामिल किए गए हैं। इनका आवंटन ई-नीलामी के आधार पर होगा।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-62, 96, 97, 98, 105 आदि सेक्टर में संबंधित भूखंड चिह्नित किए गए हैं। सेक्टर का व्यवसायिक आवंटन रेट उसका रिजर्व प्राइस होगा। आवेदक को भूखंड लेने के लिए इससे अधिक कीमत की बोली लगानी होगी।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि अभी योजना लाने के क्रम में भूखंड के लिए जगह चिह्नित की गई है।

अब आगे की प्रक्रिया पर काम शुरू होगा। उम्मीद है कि अगले महीने भूखंड योजना लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रयास है कि योजना में और भूखंड शामिल किए जाएं। इसके लिए जगह देखी जा रही है।

वहीं, दूसरी ओर सेक्टर-32 में खाली पड़ी जगह पर भूखंड योजना लाने के लिए अलग-अलग विकल्प पर प्राधिकरण विचार कर रहा है। यहां दिल्ली के कनॉट प्लेस के अलावा दुबई के बुर्ज खलीफा की तरह भी यहां ऊंची इमारत और आसपास अन्य सुविधाएं देने पर प्राधिकरण के अधिकारी मंथन कर रहे हैं। प्राधिकरण पिछले साल भी व्यवसायिक भूखंड की योजना लेकर आया था, लेकिन अधिकांश भूखंड बिना बिके ही रह गए।

अधिकारी भी मान रहे हैं कि भूखंड की अधिक कीमत होने पर आवेदक आगे नहीं आए थे। इस बार फिर से प्रयास किया जा रहा है।

# औद्योगिक प्लाट आवंटन नीति में होगा बदलाव

- 8 हजार वर्गमीटर तक के प्लाट ई-ऑक्शन से होंगे आवंटित, सीएम की अगुआई में बनी सहमति

**नोएडा।** नोएडा में 3 विकास प्राधिकरण की औद्योगिक भूमि आवंटन नीति में एक ओर संशोधन होने जा रहा है। इसके तहत 8,000 वर्गमीटर तक के भूखंड का आवंटन ई-ऑक्शन के जरिए और 8,000 वर्गमीटर से ऊपर के भूखंड का आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जा सकता है। ये नियम तीनों प्राधिकरण में लागू हो सकता है। शनिवार को मुख्यमंत्री की अगुआई में हुई समीक्षा बैठक में सहमति बनी। बता दें साल 2022 में आयोजित बोर्ड बैठकों में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ई-नीलामी के माध्यम से औद्योगिक भूखंड को आवंटित करने का निर्णय लिया। पिछले साल जुलाई में औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने ई-नीलामी प्रक्रिया को समाप्त करने और अप्रैल 2022 से पहले लागू नियमों को बहाल करने का निर्देश जारी किया था। इसके बाद अगस्त 2023 में अपनी संबंधित बोर्ड बैठकों के दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्लाट आवंटन के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। सितंबर में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने भी इसका पालन किया। इसी नई आवंटन नीति के तहत नोएडा में हाल ही में 14 औद्योगिक भूखंड का आवंटन किया गया। जिसके बाद अब फिर से आवंटन नीति में बदलाव किया जा रहा है। ऐसे में दो श्रेणी बनाने पर विचार किया गया। जिसमें 8 हजार वर्गमीटर तक के प्लाट का आवंटन ई-ऑक्शन से और ब? प्लाट का आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा। बता दें फाइनल मुहर लगते ही एमएसएमई वर्ग के उद्यमीय में एक बार फिर रोष पैदा हो सकता है। क्योंकि उनकी लगातार शिकायतों के बाद ही ई-ऑक्शन प्रक्रिया को रद्द किया गया था।

# डंपिंग ग्राउंड का विरोध, दो युवकों ने खुद पर तेल डालकर की आत्मदाह की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र के कासना पुलिस के पास बन रहे डंपिंग ग्राउंड के विरोध में कुछ लोग उतर आए हैं। किसान संगठन भी इसके विरोध में उतर आया है। बुधवार को धरना प्रदर्शन के दौरान 2 युवकों ने अपने ऊपर तेल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उन्हें किसी तरह से रोक लिया। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया- थाना बीटा-2 में कासना पुलिया के पास ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी की से एमआरएफ का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। निर्माण रोकने के लिए अक्षित शर्मा निवासी मिलक लच्छी और हिमांशु वशिष्ठ निवासी ककौड़ जिला बुलंदशहर का प्रयास किया गया। अथॉरिटी के कर्मचारियों ने समझाने की कोशिश की तो ये लोग नहीं माने और अपने ऊपर तेल छिड़क लिया गया। एडिशनल डीसीपी ने बताया दोनों युवकों की इस जगह पर कोई जमीन भी अधिग्रहित नहीं है और न ही किसी सोसाइटी में इनका निवास है। ये साजिश के तहत यहां आए थे। राजकीय निर्माण रूकवाने की कोशिश हुई। शांति व्यवस्था स्थापित है। दोनों युवकों के खिलाफ सरकारी कार्यालय में बाधा डालने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गाजियाबाद में अपर जिला जज को धमकी

**गाजियाबाद।** सीबीआई इंस्पेक्टर बताकर अपर जिला जज को धमकी देने का मामला सामने आया है। ये धमकी तब मिली, जब जज कोर्ट में सुनवाई कर रहे थे।

थाना कवि नगर में अपर जिला जज ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना कवि नगर में अपर जिला जज अनिल कुमार ने एक मुकदमा दर्ज कराया है। जज के अनुसार, 23 अगस्त 2024 को जब वे कोर्ट में सुनवाई कर रहे थे। तब उन्हें एक अननोन नंबर से कॉल आई। कॉलर ने अपने आप को सीबीआई इंस्पेक्टर बताया। हालांकि यह कॉल वॉट्सऐप कॉल थी। कॉलर का नाम हाड़ी राजपूत अंकित है। अपर जिला जज ने जब नंबर को टूकॉलर पर चेक किया तो यही नाम आया। अपर जिला जज ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# संक्षिप्त समाचार

### सड़क निर्माण को लेकर सांसद को दिया ज्ञापन



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद ओवर ब्रिज से लेकर उत्सव भवन विजयनगर की जर्जर सड़कों को दुरूस्त करने की मांग को लेकर भाजपा के पूर्व महानगर मंत्री लेखराज माहौर ने अपने समर्थकों के साथ सांसद अतुल गर्ग को ज्ञापन सौंपा हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़क बेहद जर्जर हालात में हैं जिस कारण से वहां से गुजरने वाले वाहन कई बार वहां पलट जाने से यात्री घायल हो जाते हैं। टूटी सड़क होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। सांसद को ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में लेखराज माहौर, शिवकुमार शिबू, अजय पाल, पूर्व पार्षद ललित कश्यप आदि मौजूद रहे।

### एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग पर प्रदर्शन

**नोएडा।** एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के पदाधिकारी ने जिला कलेक्टर पर पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि संसद के अगले सत्र में एमएसपी पर कानून बनाया जाए। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून देश में लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को पत्र लिखकर एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग की थी। अब नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं इसलिए एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाना चाहिए। इसकी मांग पिछले काफी समय से किसान संगठन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को संगठन से जुड़े नेताओं की बैठक हुई थी जिसमें तय किया गया था कि एमएसपी गारंटी कानून लागू कराने की मांग को लेकर सभी जिलों व तहसीलों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने मांग की कि संसद के अगले सत्र में एमएसपी गारंटी कानून का प्रस्ताव पास किया जाए। प्रदर्शन के दौरान यूनियन की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवान, नोएडा महानगर के अध्यक्ष योगेश वैष्णव, जिला अध्यक्ष रामवीर भाटी सहित भारी संख्या में यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश के पास से बाइक, तमंचा, कारतूस व लूट का मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में बदमाश ने कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। यह जानकारी देते हुए एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि जब साहिबाबाद थाना पुलिस जब बटेर पथ पर चेकिंग कर रही थी तो एक बदमाश बाइक पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे चैक करने के लिये रोकाने का प्रयास किया तो वह पुलिस पर गोली चलाकर भागने लगा। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक गोली बदमाश के पैर में लगी। उसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार करके उसके पास से तमंचा, बाइक,व लूट का मोबाइल बरामद कर लिया। उपाध्याय ने बताया कि पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम रिजवान उर्फ बॉडी गार्ड पुत्र इस्लाम निवासी सरकारी फ्लैट दिनेश नगर जीएस मेडिकल कॉलेज पिलखुवा जनपद हापुड़ बताया।

### मैश अस्पताल ने एनसीआर में किया विस्तार

**नोएडा।** मैश अस्पताल ने अपना विस्तार करते हुए अब नोएडा में अपनी सेवा देने के लिए तैयार है। नोएडा में 50-बेड वाले मानस अस्पताल के साथ मैश समेत तीन हेल्थकेयर साझेदारों रणनीतिक साझेदारी की है। जहां मरीजों को एडवांस मेडिकल सुविधाएं भी मिलेंगी। मैश ने लगभग एक वर्ष पूर्व ही दक्षिण दिी में अपना पहला अस्पताल सफलतापूर्वक शुरू किया था। मैश की संस्थापक और सीईओ, मानसी बंसल झुंझुनवाला ने इस साझेदारी को एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। अस्पताल में होल्मियम लेजर, 4के लैप्रोस्कोपिक कैमरा और सीटी स्कैन जैसी नवीनतम तकनीक से लैस होगा।

# सड़क सुरक्षा: एक्सप्रेसवे पर 24 पोल होंगे शिफ्ट

- कमेटी देगी रिपोर्ट, तीन लाख वाहन रोजाना गुजरते हैं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा एक्सप्रेसवे पर क्रैश बैरियर के अंदर लगे पोल को शिफ्ट किया जा सकता है। दरअसल इनमें से एक पोल से 14 अगस्त को एक कार टकराई थी। जिसमें 3 स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। यहां करीब 8 पोल इंटीग्रेटेड ट्रैफिक सिस्टम के लगे है।

इसके अलावा 11 विज्ञापन के पोल और 5 फुट ओवर ब्रिज नोएडा एक्सप्रेस पर बने है। ये सभी क्रैश बैरियर के अंदर है। ट्रैफिक विभाग से बातचीत करके इन पोल को शिफ्ट किया जा सकता है। ऐसे स्ट्रक्चर जो क्रैश बैरियर के बाहर नहीं किए जा सकते। इसको लेकर एक बैठक ट्रैफिक विभाग के साथ होगी।प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि बतौर एक्सप्रेस वे की प?ताल के लिए एक कमेटी बनाई है। ये कमेटी अपना काम कर रही है। इप पोल्स को शिफ्ट किया जाए या कोई और मेजर सेफ्टी के पाइंट शामिल किए जाए इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट सब्मिट होते ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी। 24.5 किमी लंबे नोएडा एक्सप्रेस वे सिटी सर्विलांस सिस्टम के अंडर आता है। इस एक्सप्रेस की निगरानी के लिए यहां आईएसटीएमएस के तहत कैमरे लगाए है।

इन कैमरों को पोल पर लगाया गया है। पोल क्रैश बैरियर के अंदर यानी एक्सप्रेस वे की ओर लगे है। इसका कुछ हिस्सा ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के पास भी है। ऐसे में नोएडा वाहन चालकों के लिए इस एक्सप्रेस वे को सुरक्षित बनाता चाहता है। प्राधिकरण डीजीएम राजेश कुमार ने बताया कि पोल को क्रैश बैरियर के पीछे शिफ्ट करना एक लंबा प्रोसेस है। सेफ्टी पाइंट को लेकर मंथन किया जा रहा है। ट्रैफिक विभाग के साथ बैठक कर मेजर पाइंट पर चर्चा की जाएगी। सर्वे किया जाएगा इसके बाद फाइनल रिपोर्ट सब्मिट की जाएगी।

14 अगस्त को इसी एक्सप्रेस वे पर प्राधिकरण के जूनियर इंजीनियर के दो बेटे और बरौला निवासी उनके दोस्त की मौत स?क हादसे में हो गई थी। एक्सप्रेस-वे पर चल रही तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क से उतरी और क्रैश बैरियर से पहले लगे ढ्स्झस्र् के पोल के कन्क्रीट स्ट्रक्र से टकराई। यहां पर दो खंभे लगाकर उनके बीच निगरानी के लिए प्राधिकरण की एजेंसी ने कैमरे और पावर बैकअप के लिए सोलर सिस्टम लगवाया है। इस स्ट्रक्र का एक पोल जो डिवाइडर की तरफ है वह क्रैश बैरियर के बाहर है। ये एक्सप्रेस वे दिल्ली को नोएडा और ग्रेटर नोएडा से जो?ता है। यही आगरा एक्सप्रेस वे को भी जीरो पाइंट पर जो?ता है। सामरिक दृष्टि से ये काफी महत्वपूर्ण है। रोजाना इस एक्सप्रेस वे से 3 लाख से ज्यादा वाहन निकलते है। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से ये सेफ्टी प्रोजेक्ट काफी अहम हो जाएगा।

# डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड मेजर जनरल से दो करोड़ की ठगी

- पार्सल में ड्रग्स बताकर वसूली थी रकम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में एक रिटायर्ड मेजर जनरल से दो करोड़ की ठगी कर ली गई। उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया गया। इसके बाद ड्रग्स से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग तक के केस में फंसाने की धमकी दी गई। फिर, बैंक डिटेल मांगते हुए पूरी रकम उड़ा ली गई।

पूरी वारदात को फोन कॉल के जरिए अंजाम दिया गया। ठगों के झांसे में आए पीड़ित ने 18 दिन बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। ठगों ने मुंबई पुलिस और सीबीआई अधिकारी बनकर रिटायर्ड अधिकारी को धमकाया। कहा गया- पार्सल में ड्रग है, मार डाले जाओगे। एसीपी विवेक रंजन ने बताया कि रिटायर्ड मेजर जनरल ने शिकायत दी कि 10 अगस्त 2024 को मुझे एक एक फोन आया। कॉल करने वाले ने बताया कि वह डीएचएल से बोल रहा है और मेरे नाम पर मुंबई से ताइवान का एक पार्सल बुक है।

उसने बताया कि मुंबई कस्टम्स ने पार्सल को खोला और पाया कि उसमें पांच पासपोर्ट, चार बैंक क्रेडिट कार्ड, कपड़े, 200 ग्राम एमडीएमए (ड्रग्स) और एक लैपटॉप है। 14 अगस्त को मुझे बिना किसी को बताए बैंक जाकर एक अकाउंट में पैसा ट्रांसफर करने को कहा गया। ऐसे में सरकार के लिए वेरिफाइड करना जरूरी है। मुझसे ड्रीम होम हाउसिंग एंड प्रॉपर्टी अकाउंट में दो करोड़ ट्रांसफर करवाए गए। पुलिस के अनुसार मामल की जांच चल रही है

# सीए की ईमेल आईडी हैककर कंपनी का डाटा चोरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना बीटा- दो में एक चार्टर्ड एकाउंटेंट ने बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने उनकी ई-मेल आईडी को हैक कर लिया तथा उनके द्वारा जिन कंपनियों का कार्य किया जा रहा था।

आईडी पासवर्ड हैक कर अपना पर्सनल आईडी व मोबाइल नंबर डालकर उपरोक्त कंपनियों के नाम से जीएसटी के फर्जी बिल काटे गए, जिससे कंपनियों को लाखों का आर्थिक नुकसान हुआ है। थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि बीती रात को चार्टर्ड अकाउंटेंट भीम कुमार पुत्र रामकुमार सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका जगत फार्म में टैक्स कंसलटेंसी का कार्यालय है। पीड़ित के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने वर्ष 2023 के दिसंबर माह में उनका ईमेल आईडी को हैक कर लिया। उनके यहां जिन कंपनियों का काम होता है उनका आईडी पासवर्ड हैक कर अपना पर्सनल आईडी व मोबाइल नंबर डालकर इन कंपनियों के डाटा में छेड़छाड़ की गई।

पंजाब नैशनल बैंक
........भरोसे का प्रतीक
मण्डल कार्यालय दक्षिणी दिल्ली, योजना एवं विकास अनुभाग
यूजीएफ, भिकाजी कामा प्लेस, दिल्ली
लॉकर्स हेतु ब्रेक ओपन नोटिस

| शाखा | क्र.सं. | लॉकर नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|
| शाखा का नाम – 014700 – जंगपुरा | 1. | AC00341 | रजनी सूरी |
| शाखा का नाम – 061200 – दिल्ली न्यू मैत्री नगर | 1. | AA00023 | बकुल कपूर और रीना कपूर |
| | 2. | AN01132 | कुमार राजेश और बीना सिन्हा |
| | 3. | BB00320 | फूल रानी शर्मा, सुषमा कमल और पूनम शर्मा |
| शाखा का नाम – 150900 – दिल्ली न्यू महारानी बाग | 1. | AB00667 | इंदर जीत बलेजा और मीना बलेजा |
| शाखा का नाम – 308700 – दिल्ली न्यू डीएससी अलकनंदा | 1. | AA00027 | दिशी और सुनील कुमार |
| | 2. | AM00054 | सविंदर सिंह सलूजा और हरबीर सिंह सलूजा |
| शाखा का नाम – 411400 – नई दिल्ली, वसंत कुंज | 1. | AI00889 | राजेंद्र सिंह जादौन |
| शाखा का नाम – 015300 – दिल्ली न्यू संसद मार्ग | 1. | AJ01822 | सुनसनी राजदान |
| | 2. | BD03554 | अनिल आनंद और शशि आनंद |
| शाखा का नाम – 146700 दिल्ली न्यू ग्रेटर कैलाश-2 | 1. | AN01314 | दया रानी बरेजा और प्रीति बेजा |
| | 2. | AP01420 | चारू स्वरूप |
| शाखा का नाम – 153000 – दिल्ली, वसंत विहार डी ब्लॉक | 1. | AH00009 | कमलेश नाथ सिन्हा |
| शाखा का नाम – 309000 – नई दिल्ली, जंगपुरा एक्सटेंशन | 1. | AE00064 | संतोष कुमारी, नूतन ढींगरा, ब्रह्म देव दीवान और कपिल देव दीवान |
| शाखा का नाम – 015900 – दिल्ली न्यू ग्रीन पार्क | 1. | AP01246 | मधु दुआ |
| | 2. | AP01715 | रवींद्र गोयल |
| शाखा का नाम – 150400 – दिल्ली न्यू चिराग दिल्ली | 1. | AA00011 | सतीश गंभीर और मीनागंभीर |
| | 2. | AP00164 | बी खन्ना और ए न खन्ना |
| शाखा का नाम – 198800 दिल्ली न्यू भीकाजी कामा पैलेस | 1. | AD01167 | दिनेश चंद |
| शाखा का नाम – 309300 – दिल्ली, महरौली रोड, होज खास | 1. | PS00410 | अलका खन्ना |

दिनांक: 29.09.2024, स्थान: नई दिल्ली
मंडल कार्यालय: दक्षिणी दिल्ली

# ट्रक में बाइक की टक्कर, इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित एक ढाबे के सामने ट्रक व बाइक की टक्क हो गई , जिसमें बाइक सवार घायल होने पर उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट ट्रक चालक के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

पुलिस चालक की तलाश में लगी है। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर जनपद के बिचोला गांव निवासी गौरी शंकर बाइक पर सवार होकर 20 अगस्त को गाजियाबाद के लिए जा रहा था। गौरीशंकर ने हेलमेट लगा रखा था। जब वह बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर जेडीबी ढाबे के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे ट्रक चालक में अचानक ट्रक मोड़ दिया। जिससे बाइक की टक्कर हो गई । गौरीशंकर बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से चचेरा भाई संदीप भी बाइक पर आ रहा था। जिसने घायल अवस्था में देख घटना की सूचना परिजनों को दी। आसपास के लोगों के सहयोग से नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहां पर हालत बिगड़ती देख दिल्ली के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया । दिल्ली के ट्रामा सेंटर ले जाते हुए रास्ते में गौरी शंकर की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट कोतवाली में एक सप्ताह बाद दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में लगी है ।

# मालिक गए विदेश, जेवरात नगदी लेकर नौकर फरार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर 50 में रहने वाले एक व्यापारी के घर से दो नौकर लाखों रुपए कीमत के जेवरात और नगदी आदि लेकर रफू चक्कर हो गए हैं।

प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि सेक्टर 50 के बी-ब्लॉक में रहने वाले आशीष शर्मा ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है उनका देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शनी आयोजित करने का व्यवसाय है। पीड़ित के अनुसार वह अपने व्यापार के मकसद से बैंकाक व थाईलैंड गए हुए थे। उनके घर पर कुक के रूप में काम करने वाला विवेक कुमार तथा राजेश आदि ने उसके घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात,नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है।

# एनसीआर के पांच शातिर बदमाश गिरफ्तार, 31 मोबाइल फोन व हथियार बरामद

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दर्जनों लूटपाट करने वाले गैंग के पांच बदमाशों को थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे हुए 31 मोबाइल फोन, अवैध हथियार तथा घटना में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल बरामद किया है।



पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस-दो पुलिस ने एक सूचना के आधार पर यश चंडालिया, कुनाल, नीतीश कुमार, साहिल और आशीष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से लूटे हुए 31 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल और एक चाकू बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है।

# नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

- अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने तीन मुकदमे दर्ज कराये

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में स्थित ग्राम नगली बाजितपुर के खसरा नंबर 72,73 और 74 की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण हो रहा है।

इस बाबत नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता ने थाना एक्सप्रेसवे में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण में तैनात अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम नगली बाजितपुर के खसरा संख्या 72,73 व 74 की भूमि पर अवैध निर्माण हो रहा है। उनके अनुसार यह जमीन नोएडा प्राधिकरण द्वारा अर्जित/ अधिसूचित है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि वहां निर्माण कर रहे भंवर सिंह, टीकम सिंह तथा महावीर सिंह को नोएडा प्राधिकरण की टीम ने कई बार रोकने का प्रयास किया, लेकिन ये लोग चोरी छिपे अपने कार्य को कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर 130 में 5 प्रतिशत आबादी भूखंडों के समीप ग्राम वाजीत पुर के खसरा संख्या 188 की भूमि पर चार दिवारी तोड़कर अवैध रास्ता बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़ति आरोप है कि इस रास्ते के चलते सेक्टर 130 में रहने वाले आवंटियों द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की गई है कि उनके सेक्टर में आपराधिक गतिविधियां बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि पांच प्रतिशत आबादी भूखंड हेतु प्राधिकार द्वारा गांव की ओर निर्मित की गई चारदीवारी को भी कुछ अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम नगली नगला के खसरा संख्या 4/2 की भूमि पर अवैध निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़ति के अनुसार उक्त जमीन पर परमल, विजय सिंह, अजय सिंह, राकेश कुमार, बृजपाल तथा विमल कुमार अवैध निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के नियमों के अनुसार अधिसूचित क्षेत्र में नोएडा प्राधिकरण की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का निर्माण किया जाना अनुमान्य नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नगर निगम में वार्ड समिति चुनाव 4 सितंबर को

**● एमसीडी के 12 जोन में होगा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अपने 12 जोन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनने के लिए चार सितंबर को वार्ड समिति के चुनाव कराएगा। एक आधिकारिक आदेश में बुधवार को यह जानकारी दी गई। आदेश में कहा गया है कि दिल्ली नगर निगम विनियम 1958 के अनुसार वार्ड समिति के चुनाव गुप्त मतदान के जरिए कराए जाएंगे। पार्षद 30 अगस्त तक निगम सचिव के पास अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

एमसीडी के छह जोन– रोहिणी, नजफगढ़, पश्चिम, दक्षिण और मध्य जोन के लिए वार्ड समिति के चुनाव नगर निगम मुख्यालय के हंसराज गुप्ता सभागार में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक कराए जाएंगे। दिल्ली नगर निगम के शेष छह जोन– करोल बाग, केशवपुरम, शाहदरा दक्षिण, शाहदरा उत्तर, सिविल लाइंस और नरेला में एमसीडी मुख्यालय के सत्य नारायण बंसल सभागार में इसी समय अवधि के दौरान चुनाव कराए जाएंगे। निगम विनियमों के अनुसार, प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव के लिए निर्धारित प्रपत्र में नामांकन पत्र द्वारा नामांकित किया जाएगा, जिस पर उम्मीदवार और नगर निगम के दो अन्य सदस्यों द्वारा प्रस्तावक एवं अनुमोदक के तौर पर हस्ताक्षर होंगे। उम्मीदवार 30 अगस्त तक निगम सचिव के पास सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे के बीच नामांकन पत्र दाखिल करा सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि कोई भी उम्मीदवार चुनाव से पहले किसी भी समय अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकता है।

वार्ड समितियां स्थाई समिति के गठन के लिए आवश्यक हैं। स्थाई समिति एमसीडी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली इकाई है।डीएमसी विनियमों के प्रावधान के अनुसार, वार्ड समितियां प्रत्येक वर्ष अपनी पहली बैठक में अपने सदस्यों (पार्षद) में से एक को अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों को क्षेत्रीय स्तर की इकाई का उपाध्यक्ष चुनती हैं। यह स्थाई समिति के लिए भी एक–एक सदस्य को नामित करता है। चार सितंबर को होने वाले चुनाव वार्ड समिति की पहली बैठक मानी जाएगी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच राजनीतिक गतिरोध के कारण वार्ड समिति और तदनुरूप स्थाई समिति के चुनाव में डेढ़ साल से अधिक की देरी हो चुकी है।

## चुनाव की घोषणा लोकतंत्र की जीत : भाजपा


भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर

*दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली नगर निगम की वार्ड कमेटियों के चुनाव की घोषणा दिल्ली में लोकतंत्र की विजय है। उन्होंने कहा, गत लगभग 19 माह से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक कमेटियों की हत्या की हुई थी और भाजपा लगातार कमेटियों के गठन का दबाव बना रही थी और आज दिल्ली की जनता के अधिकारों एवं भाजपा की विजय हुई है। अब दिल्ली का रखरखाव सुधरेगा, विकास कार्य भी शुरू हो सकेंगे। भाजपा ना सिर्फ अधिकांश वार्ड कमेटी चुनाव जीतेगी, हम कुछ दिन बाद होने पर स्थाई समिति का चुनाव भी जीतेंगे और दिल्ली में ठप्प पड़े विकास कार्य भी शुरू करवाएंगे।*

# खाने के ऑर्डर में देरी पर हुए विवाद में युवक की हत्या

**● राजौरी गार्डन की घटना, मामले में दो आरोपियों को पकड़ा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में स्थित एक भोजनालय में खाने को लेकर दिए गए ऑर्डर में देरी के कारण हुए विवाद के बाद बुधवार तड़के एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हरनीत सिंह सचदेवा (29) सुबह–सुबह एक ढाबे पर गया था और उसने एक ऑर्डर दिया। लेकिन खाने का ऑर्डर देरी से आने के कारण सचदेवा और भोजनालय के कर्मचारियों के बीच बहस हो गई। डीसीपी वीर ने बताया कि इसके बाद कर्मचारियों ने भोजनालय के मालिक केतन नरूला और अजय नरूला को इस बात की जानकारी दी जिसके बाद वे कुछ अन्य लोगों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे।

इसके बाद उनका सचदेवा और उसके दोस्तों से झगड़ा शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि सचदेवा के दोस्त उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस मामले में ढाबे में काम करने वालों की पूछताछ कर रही है।

# चिंता: पांच साल में 4000 बच्चों की मौतें

**चाचा नेहरू अस्पताल का मामला**

**● आरटीआई से मिली जानकारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा संचालित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में 2019 से इस साल जून तक सेप्सिस, निमोनिया और सेप्टिक शॉक जैसी विभिन्न बीमारियों के कारण पांच साल से कम आयु के चार हजार से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है।

सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। 2019 में अस्पताल में विभिन्न बीमारियों के कारण सबसे अधिक 875 बच्चों की मौत हुई, जबकि पिछले साल सबसे कम 548 मौतें दर्ज की गईं। इस साल जून तक कुल 314 मौतें दर्ज की गईं।

वर्ष 2020 और 2021 में, जब देश कोविड–19 महामारी से जूझ रहा था, बच्चों के इस अस्पताल में क्रमश: 866 और 626 मौतें हुईं। यह जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता अमित गुप्ता के साथ साझा की गई, जिन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में बच्चों की मृत्यु दर के बारे में जानकारी मांगी थी। हालांकि, अमित गुप्ता को केवल चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय से ही जानकारी प्राप्त हुई, जिसमें कहा गया कि 2019 से इस वर्ष जून के बीच पांच वर्ष से कम आयु के 4,095 बच्चों की मृत्यु हुई।

इस संबंध में अस्पताल प्राधिकारियों को कॉल और संदेश भेजने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अमित गुप्ता ने इस साल जून में सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी मांगी थी।

## बच्ची से दुष्कर्म मामले में 12 साल की सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में छह साल की एक बच्ची का अपहरण करके उसका यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 12 साल की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रीति परेवा उस व्यक्ति के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थीं, जिसे पहले अपहरण के दंडात्मक प्रावधान और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 10 के तहत दोषी ठहराया गया था।

अतिरिक्त लोक अभियोजक विनीत दहिया ने कहा कि दोषी ने जघन्य अपराध किया है और उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# दो नए मार्गों पर मोहल्ला बस का ट्रायल शुरू

**● कैलाश कॉलोनी मेट्रो से पीएनबी गीतांजलि, लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन से वसंत विहार तक होगा परीक्षण**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


मोहल्ला बस सेवा का ट्रायल के दौरान सफर करतीं महिलाएं।



आम आदमी पार्टी की सरकार राष्ट्रीय राजधानी में लास्ट–माईल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए मोहल्ल बस सेवा का ट्रायल शुरू किया है। इसका मकसद अलग–अलग रूटों पर मोहल्ला बसों को चलाकर यह देखा जा रहा है कि उनके परिचालन में कहीं कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। इससे मोहल्ला बस सेवा के प्रति लोगों का फीडबैक जानने और रूटों में जरूरी सुधार करने में भी काफी मदद मिल रही है। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए परिवहन विभाग ने बुधवार से दो और नए रूटों पर मोहल्ला बसों का ट्रायल शुरू किया है। पहला रूट है कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन से पीएनबी गीतांजलि कॉलोनी तक। दूसरा रूट है लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन वसंत विहार मेट्रो स्टेशन तक। ये रूट जेएमसी, मैत्रेयी वेंकटेश्वर, एआरएसडी, आरएलए, मोतीलाल नेहरु जैसे 6–7 साउथ कैंपस कॉलेजों को कवर करेंगे। इससे दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली के लोगों को लास्टमाइल कनेक्टविटी का एक नया विकल्प मिल सकेगा। इन बसों का परिचालन डीटीसी और डिम्ट्स के द्वारा किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक सोमनाथ भारती व प्रमिला टोकस ने अपने–अपने विधानसभा क्षेत्र में इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मोहल्ला बसों के संचालन से लाखों लोगों को फायदा होगा और इलेक्ट्रिक बसें होने की वजह से प्रदूषण भी नहीं होगा। मोहल्ला बसों का किराया डीटीसी के सामान्य 12 मीटर एसी बसों के समान होगा और गुलाबी पास भी मान्य होगा। वर्ष 2025 तक केजरीवाल सरकार की दिल्ली में 2,180 मोहल्ला बसें शुरू करने की योजना है।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि मोहल्ला बसों के जरिए वह स्थानीय स्तर पर सभी महत्वपूर्ण स्थानों को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ रहे हैं ताकि पहले और अंतिम छोर तक परिवहन सुविधा सुनिश्चित हो सके। दो नए रूट्स पर इन बसों के परिक्षण से मोतीलाल नेहरू कॉलेज, जीसस एंड मैरी कॉलेज, मैत्रेयी कॉलेज, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, एलएसआर कॉलेज, सेंट्रल स्कूल और वोकेशनल कॉलेज जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों को भी ठहराव के रूप में शामिल किया है, जिससे कि आसपास रहने वाले निवासियों के साथ–साथ युवाओं और छात्रों की परिवहन आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। मंत्री के अनुसार, लास्ट–माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बना कर दिल्लीवासियों को कुशल और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प प्रदान कर रहें हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक परिवहन को अपना सकें। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 और मालवीय नगर के लोगों की मांग थी कि उनके लिए छोटी बसें शुरू की जाएं। आज यहां मोहल्ला बस की शुरुआत कर दी गई है। यह बस सेवा कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन से होते हुए लेडी श्रीराम कॉलेज, जीके 1 एन ब्लॉक, एम ब्लॉक मार्केट, जीके–1 ई ब्लॉक और पंपोस से होते हुए जीके मेट्रो स्टेशन, जीके 2 के सामने, चिराग दिल्ली, शेख सराय, वोकेशनल प्रेस एनक्लेव से होते हुए मालवीय नगर के गीतांजलि बस डिपो तक जाएगी। इसके रूट में कई मेट्रो स्टेशन, साकेत मॉल, तीन बड़े मार्केट, पीएसआरआई और मैक्स जैसे बड़े अस्पताल आते हैं। लोग इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन से पीएनबी गीतांजलि रूट पर चलने वाली मोहल्ला बस कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन से कैलाश कॉलोनी, एल.एस.आर. कॉलेज, सेंट्रल स्कूल, सादिक नगर, एम–ब्लॉक मार्केट जीके–1, ग्रेटर कैलाश ई–ब्लॉक, पीएस ग्रेटर कैलाश, पम्पोज एन्क्लेव, मस्जिद मोड़, चिराग दिल्ली, शेख सराय फेज–दो, शेख सराय मोड़, वोकेशनल कॉलेज, पी.एस.आर.आई, खिरकी गांव, हौज रानी, मोदी अस्पताल, प्रेस एन्क्लेव, साकेत ए–ब्लॉक, मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन होते हुए पीएनबी गीतांजलि तक जाएगी।

# डीजेबी पर मुख्य सचिव की रिपोर्ट को दबा रही सरकार : विजेंद्र

**● बोले, वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए ब्यौरा नहीं कर रही तैयार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल दिल्ली जल बॉर्ड में वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए इसका वित्तीय ब्यौरा तैयार नहीं कर रही है।

विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के मुख्य सचिव की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर आरोप लगाया कि वह भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की जांच से बचने की कोशिश कर रही है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को धन से वंचित रखने के आप मंत्रियों के आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा नेता ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि बजट में दिए गए पैसों का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया। विजेंद्र गुप्ता ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि डीजेबी ने 73,000 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण चुकाने में असमर्थता जताई है। भाजपा नेता ने आप सकरार को मिले 28,400 करोड़ रुपये का हिसाब मांगा और इस मामले की सीबीआई जांच करवाने की भी मांग की। उन्होंने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा भ्रष्टाचार के कारण, दिल्ली जल बोर्ड की 2021–22 और 2022–23 की बैलेंस शीट तैयार नहीं की गई है, जिसके कारण सीएजी द्वारा ऑडिट नहीं किया जा सका है।

गुप्ता ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इस रिपोर्ट, जो अनियमितताओं का खुलासा करती है, को विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित होने के बाद मुख्य सचिव द्वारा 15 मार्च 2024 को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन इस रिपोर्ट को फाइलों में छिपा दिया गया। गुप्ता ने आगे कहा कि वर्तमान जल मंत्री आतिशी अक्सर यह शिकायत करती रहती हैं कि उन्हें फंड नहीं मिलता, लेकिन हकीकत यह है कि दिल्ली जल बोर्ड बजट में आवंटित फंड का उपयोग ही नहीं कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### निरंकारी मिशन ने मिरांडा हाउस में किया पौधरोपण




**नई दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'वननेस वन' परियोजना के अंतर्गत मिरांडा हाउस कॉलेज में स्वयंसेवकों, छात्रों और मिरांडा हाउस के संकाय सदस्यों ने 100 पौधों लगाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगिंदर सुखीजा और मिरांडा हाउस कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. बिजयलक्ष्मी नंदा द्वारा की गयी। इस हरित पहल के चौथे चरण का आयोजन 11 अगस्त को संपूर्ण भारतवर्ष के 600 से अधिक स्थानों पर किया गया।

### आयुष ने 5 विकेट लेकर दिलाई जीत



**नई दिल्ली।** अदानी प्लेयर ऑफ द मैच दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आयुष सिंह के 5/27 मैजिक स्पेल, सनत सांगवान 47 रन और अर्पित राणा 42 रन, मयंक गुसाईं 40 एनटी की मदद से पुरानी दिल्ली– 6 की टीम ने अरुण जेटली फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में नार्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रनों से मात दी। नॉर्थ दिल्ली के स्ट्राइकर 20 ओवर में 172/7, वैभव कांडपाल 57 रन, यजस शर्मा 47 वैभव रावल 32 आयुष सिंह 5/27 का योगदान रहा। अडानी प्लेयर ऑफ द मैच अशोक शर्मा ने आयुष सिंह को दिया।

### संतोष ओझा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** अगले साल की शुरुआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने मंगलवार को संतोष ओझा को पूर्वांचल मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी ने यह जानकारी दी।भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा द्वारा जारी ओझा के नियुक्ति पत्र के अनुसार, उन्हें तत्काल प्रभाव से मोर्चा का नया अध्यक्ष बनाया गया है। नीरज तिवारी को दिल्ली भाजपा मीडिया विभाग का प्रवक्ता नियुक्त किया गया। उनका नियुक्ति पत्र सचदेवा ने जारी किया।

### स्टीफंस कॉलेज ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज ने बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले अपने नए सत्र से पहले, नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम रद्द कर दिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। कॉलेज ने कार्यक्रम को रद्द करने के बारे में सुबह 10 बजे सूचना दी, लेकिन इसका कारण नहीं बताया है। कॉलेज के प्राचार्य जॉन वर्गीस की ओर से एक विज्ञप्ति में कहा गया, सूचित किया जाता है कि 28 अगस्त को सुबह 10 बजे निर्धारित ओरिएंटेशन कार्यक्रम अब रद्द कर दिया गया है।

# देहात की समस्या को लेकर एलजी से मिले भाजपा सांसद

**● मांगों को लेकर उपराज्यपाल को दिया ज्ञापन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


एलजी वीके सक्सेना को ज्ञापन सौंपते सांसद रामबीर, मनोज, योगेंद्र व कमलजीत।

भाजपा के 4 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात कर दिल्ली देहात से जुड़ी समस्याओं पर एक ज्ञापन सौंपा। भाजपा सांसद प्रतिनिधिमंडल में मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत और योगेन्द्र चांदोलिया शामिल थे।

भाजपा सांसदों द्वारा सौंपे गये ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उचित कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में में उठाये गये दिल्ली देहात के प्रमुख मुद्दे निम्नलिखित हैं– म्यूटेशन, अल्टरनेट प्लॉट, बिजली के मीटर हेतु डीडीए एनओसी और पीएम उदय सर्वे कालोनी का मुद्दा प्रमुख है। ज्ञापन के अनुसार 5–6 वर्ष पूर्व 89 गांवों को शहरीकृत घोषित कर दिया गया था जिससे दिल्ली देहात में जितनी भी कृषि भूमि है उसमें दिल्ली भूमि सुधार बंद कर दिया गया था तथा यह गांव दिल्ली विकास प्राधिकरण को विकास हेतु सौंप दिये गये थे। इसके बाद म्यूटेशन को बंद कर दिया गया था। इस वजह से न तो कोई किसान जमीन को बेच सकता है और न ही कृषि जमीन उनके लीगल हायर्स को ट्रांस्फर हो पाती है। इस कारण किसान परिवारों को बहुत दिक्कत हो रही है। दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली के गांवों की खेती की जमीन का अधिग्रहण वर्ष 2002–03 में किया गया था। सरकार की खेती की जमीन अधिग्रहण करने के अनुसार किसानों को मुआवजे के साथ–साथ एक रिहायशी वैकल्पिक प्लाट देने एवं रोजगार के लिये एक दुकान देने का प्रावधान था, परन्तु 20 वर्षों के पश्चात भी यह अभी तक नहीं दिये गये।

# दिवंगत स्वच्छता सैनिक की पत्नी को सौंपा नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को नरेला क्षेत्र के दिवंगत स्वच्छता सैनिक धनराज की पत्नी श्रीमती रानी को उनके आवास पर जाकर दैनिक वेतनभोगी स्वच्छता कर्मचारी के पद पर अनुकंपा के आधार पर नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर नरेला विधानसभा के विधायक शरद चौहान, वार्ड नंबर–1 नरेला की पार्षद श्वेता कमल खत्री, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त पवन यादव सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। मेयर ने इस अवसर पर कहा कि यहां के क्षेत्रीय पार्षद ने जब दिवंगत कर्मचारी के परिजनों को नौकरी देने का मुझसे आग्रह किया और दिवंगत कर्मचारी के परिवार वालों से मिलवाया तो उनकी पत्नी एवं छोटे से बच्चे को देख कर मेरा हृदय द्रवित हो उठा। डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि मैंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिवंगत कर्मचारी के आश्रित को जल्द से जल्द नियमानुसार नौकरी देने की प्रक्रिया पूरी की जाए। मेयर ने कहा कि जब से नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से यह ऐसा चौथा मामला है जब दिवंगत कर्मचारी के आश्रित को अनुकंवस के आधार पर नौकरी दी जा रही है।

## डीयू में मनाया संस्कृत दिवस समारोह



**नई दिल्ली।** संस्कृत विभाग तथा संस्कृत भारती के संयुक्त संयोजन में आयोजित संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. ब्रजेश कुमार पाण्डेय रहे। सारस्वत अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के शोध संकाय की अधिष्ठात्री प्रो.रत्ना बली ने कहा संस्कृत भाषा में संस्कृति भी निहित है। प्रथम सत्र में आयोजित श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता की अध्यक्षा प्रो. मीरा द्विवेदी रही। जिसमें प्रथम स्थान पूजा, द्वीतीय स्थान भारत, तृतीय स्थान जयातथा प्रोत्साहन पुरस्कार सुरुचि ने प्राप्त किया। द्वितीय सत्र में आयोजित संस्कृत भाषण प्रतियोगिता के अध्यक्ष प्रो. दयाशंकर तिवारी रहे। जिसमें प्रथम स्थान लक्ष्मण,द्वितीय स्थान गौरव,तृतीय स्थान आदर्श तथा प्रोत्साहन पुरस्कार दीपक ने प्राप्त किया। सायं कालीन कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. ओमनाथ बिमलि की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में सभी अतिथियों का स्वागत प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय ने किया। मुख्यवक्ता के रूप में संस्कृत संवर्द्धन प्रतिष्ठान के अकादमिक निदेशक प्रो.चान्दकिरण सलूजा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्व की समस्त समस्या का समाधान संस्कृत में है।

# प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करेंगे शिक्षक

**● दिल्ली सरकार ने अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया पांच दिवसीय कार्यक्रम**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करने और उनकी क्षमता का उपयोग करने के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने के वास्ते स्कूली शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया है।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने दिल्ली के कालकाजी स्थित एक सरकारी स्कूल में प्रोजेक्ट अभिशिक्त के तहत 104 शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रही है। प्रोजेक्ट अभिशिक्त का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना, खास पाठ्यक्रम के लिए समर्थ शिक्षकों का चयन करना, प्रतिभाशाली छात्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना और उन्हें यह पाठ्यक्रम उपलब्ध कराना है। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक नाहर सिंह ने बताया, प्रोजेक्ट अभिशिक्त का प्राथमिक लक्ष्य इन छात्रों की वर्तमान क्षमताओं और उनकी अपार संभावनाओं के बीच के अंतर को पाटना है। यह उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सहायता और एक अच्छी तरह से विकसित पाठ्यक्रम प्रदान करके हासिल किया जाएगा।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य कक्षा छह और कक्षा नौ के विद्यार्थियों की अप्रयुक्त क्षमता का पता लगाना है, जो बाकी विद्यार्थियों से बेहतर हैं। अधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर शिक्षक पढ़ाई में कमजोर छात्रों पर ध्यान देते हैं और इससे कभी–कभी प्रतिभाशाली छात्रों की क्षमताओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा निदेशालय और एससीईआरटी ने 15 सरकारी स्कूलों में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करने के लिए प्रोजेक्ट अभिशिक्त की शुरुआत की है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन का विषय था 'प्रतिभा का परिचय और समझ'।

# गुरुग्राम के दो थाने आईएसओ सर्टिफाइड

## पुलिस कार्यशैली का सही से अनुसरण करने व कानून के अनुसार ड्यूटियों की अनुपालना करने पर मिला प्रमाण पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


आईएसओ प्रमाण पत्र ग्रहण करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के दो पुलिस थानों को आईएसओ 9001:2015 सर्टिफाइड किया गया है। पुलिस के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) द्वारा पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा को आईएसओ सर्टिफाइड सर्टिफिकेट्स प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र मिलने पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने जिला पुलिस को शुभकामनाएं दीं।

अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) द्वारा पुलिस थाना सेक्टर-65 तथा थाना साइबर अपराध पूर्व गुरुग्राम को आईएसओ सर्टिफिकेट देने के निर्णय पर पुलिस थाना सेक्टर-65 में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि गुरुग्राम के बाकी थाने भी अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) की ऑडिट में खरे उतरेंगे तथा आईएसओ सर्टिफाइड बनेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के थानों में अपराधियों/अपराधों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने, पीड़ितों को शीघ्रता से न्याय दिलाने, महिला/बच्चों व विशेष अपराधिक मामलों में विशेष कानून व्यवस्था की अनुपालना करने सहित कानून में दिए गए प्रावधानों तथा उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यवाही की जाती है। पुलिस थाना द्वारा थाना परिसर में लोगों को जागरुक करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी बोर्ड पर छपवाकर लगाई जाती है, ताकि पीड़ित को यह पता लग सके कि पुलिस किस तरह से कार्य करती है। उन्हें पुलिस की सहायता कैसे मिल सकती है। इसी तरह से पुलिस थाना के रिकॉर्ड का व्यवस्थित रखरखाव, थाना प्रबन्धक, थाना मोहर्रर (मुंशी), अनुसंधान अधिकारी, संतरी ड्यूटी, हेल्प डेस्क सहित अन्य सभी ड्यूटियों की पालना कानून व उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार की जाती है।

अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) की टीमों द्वारा थाना पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की सभी जानकारी प्राप्त करके थानों की ऑडिट की जाती है। थाना के लिए बताई गई कार्यशैली के अनुरूप कार्यवाही करने वाले थाना को यह सर्टिफिकेट दिया जाता है। करीब दो महीने पहले आईएसओ की टीमों द्वारा पुलिस थाना सेक्टर-65 व पुलिस थाना साइबर अपराध पूर्व गुरुग्राम की ऑडिट की गई थी। टीमों द्वारा बहुत ही बारीकी से थानों की व्यवस्था देखी गई।

इस दौरान पुलिस उपायुक्त द्वारा पुलिस थाना परिसर में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण व अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करने का भी संदेश दिया।

# उम्मीदवारों को परिणाम घोषित होने के बाद एक माह में देना होगा खर्च का विवरण

- चुनाव खर्च का ब्यौरा रखेंगे सभी उम्मीदवार
- हलका व जिला स्तर पर बनाई गई है एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग कमेटी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

विधानसभा चुनाव के दौरान जिला के चार विधानसभा क्षेत्रों से जो भी उम्मीदवार होंगे, उनको चुनाव परिणाम आने के बाद एक माह में अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करवाना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समयावधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

इस बार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित की गई है। आयोग के नियम अनुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक रजिस्टर में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है। हर उम्मीदवार को चुनाव के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना की जाती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से अधिक रकम खर्च नहीं कर सकता है।


डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार या राजनीतिक दलों द्वारा दस हजार रुपये से अधिक का चुनाव व्यय उम्मीदवार के बैंक खाते से चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस, एनईएफटी या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड में किया जाएगा। जैसे ही विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होंगे, उस तिथि से एक माह के भीतर उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा देना अनिवार्य है।

चुनाव खर्च का हिसाब रखने के लिए विधानसभा क्षेत्र व जिला स्तर पर एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग कमेटियां गठित की गई हैं। जो कि अपने स्तर पर प्रत्येक उम्मीदवार के चुनाव खर्च का हिसाब रखेंगी। चुनाव के बाद मॉनिटरिंग कमेटी के खर्च रजिस्टर और उम्मीदवार के खर्च रजिस्टर का मिलान किया जाएगा। इसमें जो भी व्यय अधिक होगा, उसे अंतिम खर्च माना जाएगा। डीसी ने बताया कि निर्वाचन विभाग ने टेंट, होर्डिंग, चाय, जलपान, भोजन, कुर्सी, झंडे, माइक सिस्टम, वाहन आदि सभी मदों के रेट निर्धारित कर दिए हैं। जिनकी सूची उम्मीदवार को भी नामांकन के समय दी जाएगी।

# सभी दायित्व पूरी निष्ठा से निभाते रहे बोधराज

- पार्टी का कुनबा बढ़ाने में भी रही अहम भूमिका
- गुरुग्राम विधानसभा से हैं टिकट के प्रबल दावेदार, 2019 में भी मांगा था टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


बोधराज सीकरी।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बोधराज सीकरी, जिनकी संगठन ही नहीं समाज में भी निष्काम भाव से सेवा की पहचान है। उन्हें संगठन ने जब भी कोई जिम्मेदारी दी, उसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाते रहे। बोधराज सीकरी ने गुरुग्राम में संगठन का कुनबा बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। उनकी संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए ही उन्हें एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश संयोजक का भी दायित्व भी दिया जा चुका है।

समाजसेवी बोधराज सीकरी ने 2024 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से टिकट मांगी है। अपने कार्यों की बदौलत उन्होंने गुड़गांव विधानसभा से दावेदारी पेश की है। संगठन के लिए वे पूरी मेहनत से जुटे हैं। टिकट मांगने वाले अन्य नेताओं में टिकट के लिए इस बार उनकी भी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़े बोधराज सीकरी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में भी गुड़गांव विधानसभा से टिकट की दावेदारी की थी।

संगठन की ओर से पूर्व मंत्री सीता राम सिंगला के पुत्र सुधीर सिंगला एडवोकेट को टिकट दे दी गई। टिकट नहीं मिलने पर की सूरत में अक्सर नेता रुष्ट हो जाते हैं। पार्टी से विमुख होकर तरह-तरह की बयानबाजी करते हैं, लेकिन बोधराज सीकरी ने किसी भी प्रकार की नाराजगी ना जाहिर करते हुए पार्टी प्रत्याशी सुधीर सिंगला एडवोकेट के साथ पूरी निष्ठा से काम करना शुरू कर दिया। पूरे चुनाव में उनके साथ रहे।

उनके निस्वार्थ भाव से कार्यों को देखते हुए संगठन ने उन्हें हमेशा सम्मान दिया। सरकार ने भी उन्हें हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट का उपाध्यक्ष बनाया, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री थे। कोविड के समय में उन्होंने सर्व समाज के हित में जो कार्य किए, उनसे भी संगठन में उनकी अलग पहचान बनी। बोधराज सीकरी भविष्य की योजनाओं को लेकर हमेशा समाज के बीच में रहे हैं। लगातार सेवा कार्य करते रहे हैं।

# दस वर्षों में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसे लोग: आशीष

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


आशीष दुआ।

गुरुग्राम विश्व में मिलेनियम सिटी के नाम से जाना जाता है। प्रदेश में सबसे अधिक राजस्व देने वाला जिला भी गुरुग्राम ही है। विश्व का ऐसा कोई देश नहीं है, जिसकी नामी-गिरामी प्रतिष्ठानों के गुरुग्राम में कारपोरेट कार्यालय न हों। इस सबके बावजूद भी गुरुग्रामवासी मूलभूत सुविधाओं को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान आज तक भी नहीं हो पाया है।

यह कहना है कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आशीष दुआ का। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के तारों का जाल, खंभों की जर्जर स्थिति, सालों से रोड़ लाइट्स का खस्ताहाल होना, नियमित बिजली आपूर्ति न होना और लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं का दंश गुरुग्रामवासियों को झेलना पड़ रहा है। सुरक्षा और सुविधा के नाम पर जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार गुरुग्राम वासियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। मूलभूत सुविधाओं से शहरवासी वंचित है।

सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। प्रतिवर्ष जलभराव की समस्या का सामना गुरुग्रामवासियों को करना पड़ता है। कचरा व गंदगी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में देखी जा सकती है।

# बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने पर मंथन

- शिक्षाविदों ने नई शिक्षा नीति के लिए एक कक्षा-एक किताब ऑल-इन-वन का फार्मूला लागू करने पर दिया जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


नई शिक्षा नीति-2020 पर मंथन के लिए संगोष्ठी में मौजूद सूर्या फाउंडेशन के सदस्य।

समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा को सुलभ तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य के साथ सूर्या फाउंडेशन द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर मंथन के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सूर्या फाउंडेशन के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के बस्ते का बोझ और मानसिक तनाव कम किया जाए। फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा थिंक टैंक के माध्यम से सभी विषयों को समेकित कर एक कक्षा-एक किताब ऑल-इन-वन, सूर्य भारती पुस्तकें बनाई गई हैं।

प्रो. एच.एल शर्मा की अगुवाई में देश के जाने-माने शिक्षाविदों प्रो. चंद्रभूषण, गंगादत्त शर्मा, प्रभाकर द्विवेदी, शांति स्वरूप रस्तोगी, टी.आर. गुप्ता, डॉ. गुज्जरमल वर्मा, प्रो.डी.पी. नय्यर जैसे अनेक विषय विशेषज्ञों ने कई वर्षों की मेहनत करके ये पुस्तकें बनाई। इन पुस्तकों में शिक्षण की सभी बातों का ध्यान रखा गया है। खेल-खेल में पढ़ाई कैसे कराई जा सकती है, इस विषय पर विशेष बल दिया गया है। प्रो. एचएल शर्मा ने कहा कि भारत की महान परंपरा व संस्कृति का परिचय, कहानी, योग, पहेली और ढेर सारे चित्रों को पुस्तकों में स्थान दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशानुसार इन पुस्तकों में सभी विषयों का इंटीग्रेशन किया गया है। ये पुस्तकें 18 राज्यों में 80 से अधिक विद्यालयों, 400 से अधिक संस्कार केन्द्रों व एकल विद्यालयों एवं 10 से अधिक अन्य समाजसेवी शिक्षा केन्द्रों में पढ़ाई जा रही हैं। विद्या भारती, सेवा भारती, समर्थ शिक्षा समिति, सनातन धर्म शिक्षा समिति, डीएवी शिक्षा समिति आदि की ओर से प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए हैं।

# चुनाव से पहले ही हार मान चुकी है भाजपा: राजबीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लोहारू


लोहारू में जनसभा के दौरान मंचासीन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजबीर फरटिया व अन्य नेतागण।

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं भिवानी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजबीर फरटिया ने हल्का लोहारू में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान रुपाना, ढाणी धीरजा, मोतीपुरा, बख्तावरपुरा व सिवानी के वार्ड नंबर-13 में जनसभा की।

राजबीर फरटिया का जनसभा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं व सम्मान प्रतीक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजबीर फरटिया ने कहा कि जिस तरह बीजेपी चुनाव की तारीखों को टालने की मांग कर रही है, उससे स्पष्ट है कि वह मतदान से पहले ही हार मान चुकी है। अगर बीजेपी को छुट्टियों को लेकर कोई चिंता थी तो उसे मतदान बाद में कराने की बजाय पहले कराने की मांग की अर्जी चुनाव आयोग के सामने लगानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को देश में सबसे ज्यादा 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम, गरीब परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट व 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे के मकान, किसान को एमएसपी गारंटी और रसोई गैस 500 रूपये करने का कार्य कांग्रेस सरकार करेगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

- पीड़िता की मां का दोस्त है आरोपी, दोनों गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

खेड़ी पुल थाना पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोपी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की मां को गिरफ्तार करने के बाद फरार आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार पीडिता की मां व दुष्कर्म के मुख्य आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

खेड़ी थाना इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ फरवरी व मार्च माह में आरोपी रिभु त्यागी ने दुष्कर्म किया है। मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर ने तुरंत कार्रवाई के लिए प्रबंधक थाना खेडीपुल को निर्देश दिए, पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए पीड़िता की मां को गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ के बाद आरोपी रिभु त्यागी को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता की पत्नी आरोपी रिभु त्यागी के साथ फरीदाबाद में रहती है। पीड़िता कभी-कभी अपनी मां के पास मिलने के लिए चली जाती थी। माह फरवरी व मार्च में जब पीड़िता अपनी मां के पास मिलने के लिए गई तो वहां पर आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और जब इस संबंध में पीड़िता ने अपनी मां को बताया तो मां ने उसको चुप रहने के लिए मजबूर किया।

# संक्षिप्त समाचार


जगन्नाथ बाल गृह आश्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड तथा प्राथमिक सहायता शिविर में प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

### स्काउट एंड गाइड और फर्स्ट एड की ट्रेनिंग वर्कशॉप

**गुरुग्राम।** जगन्नाथ बाल गृह आश्रम में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से एक दिवसीय भारत स्काउट्स एंड गाइड तथा प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने बुधवार को बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को इतना सक्षम बनाना है कि वे मुसीबत के समय दूसरों की सहायता कर सकें। भारत स्काउट्स एंड गाइड तथा प्राथमिक सहायता की प्रशिक्षण कार्यशाला में यही सिखाया जाता है कि दुर्घटना के वक्त किस प्रकार से राहत कार्य किया जाए। डा. सतीश कुमार ने बताया कि युवाओं को स्काउट गाइड और फर्स्ट एड की ट्रेनिंग अवश्य लेनी चाहिए। अपने जीवन में हम किसी जरूरतमंद का कल्याण कर सके, इसके लिए इस तरह के प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी है। कार्यशाला में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के ट्रेनर जतिन शर्मा व विक्रम द्वारा प्राथमिक सहायता की ट्रेनिंग दी गई। भारत स्काउट्स एंड गाइड के ट्रेनिंग ऑफिसर मिथलेश सैनी, रामफल शर्मा और सुधीर कुमार ने प्रतिभागियों को स्काउट की ट्रेनिंग दी। इस मौके पर बाल भवन के बच्चे व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बैठक में स्वच्छता व कचरा प्रबंधन पर हुई चर्चा

**गुरुग्राम।** नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय में सिटीजन सुपरवाईजरी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता व कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत निगम सीमा में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटर्स को अपने गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करके उसका निष्पादन सही ढंग से करना अनिवार्य है। बीडब्ल्यूजी को तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए नगर निगम द्वारा एजेंसियों को एंपैनल किया हुआ है। इसके साथ ही बीडब्ल्यूजी के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल भी बनाया गया है, जिस पर सभी बीडब्ल्यूजी के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निगम टीमें बीडब्ल्यूजी को नोटिस तथा जुर्माना करने की कार्रवाई लगातार कर रही हैं। इसके साथ ही अब एंपैनल एजेंसियों की कार्यप्रणाली की जांच भी शुरू की गई है।

### चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस लागू करेगी ओपीएस: हुड्डा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने केंद्र की एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को कर्मचारी विरोधी करार देते हुए कहा कि उनकी पार्टी एक अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद हरियाणा में सत्ता में आने पर राज्य में पुरानी पेंशन योजना को लागू करेगी। हुड्डा ने मंगलवार को झज्जर में कहा, यूपीएस सरकारी कर्मचारियों के साथ एनपीएस (नई पेंशन योजना) से भी बड़ा धोखा है। उन्होंने झज्जर के बिरोहड़ गांव में एक कार्यक्रम में भाग लिया, जहां पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने वाले पहलवान अमन सहरावत को सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 अगस्त को यूपीएस को मंजूरी दी, जिसमें एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वालों के लिए मूल वेतन का 50 प्रतिशत सुनिश्चित पेंशन की घोषणा की गई। यूपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारी 25 साल की सेवा के बाद पेंशन के लिए पात्र होंगे।

# नर्सिंग ऑफिसर की पदोन्नति पर जाहिर की खुशी

- लंबे समय से प्रयासरत थीं एसोसिएशन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

हरियाणा में नर्सिंग ऑफिसर्स की पदोन्नति को लेकर हरियाणा की दोनों नर्सिंग एसोसिएशन ऑल नर्सिंग आफिसर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा व नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने संतुष्टि जाहिर की है। इसके लिए दोनों ही एसोसिएशन लंबे समय से प्रयासरत थीं।

एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों की ओर से कहा गया है कि हरियाणा में नर्सिंग ऑफिसर्स की पदोन्नति जनवरी से ही प्रोसेस में थी। पदोन्नति को लेकर दोनों एसोसिएशन पहले तो 10 जुलाई 2024 को महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं से मुलाकात की गई थी। उस मुलाकात में अन्य मांगों के साथ पदोन्नति की मांग को भी रखा गया था। जिसमें डीजी ने आश्वस्त किया था कि 15 अगस्त तक पदोन्नति की सूची जारी की जाएगी। एसोसिएशन ने 14 अगस्त को फिर से ऑल नर्सिंग आफिसर वेलफेयर एसोसिएशन ने डीजी से भेंट की और इस विषय पर बात की। उन्होंने यही आश्वासन दिया कि सूची फाइनेंस कमेटी के पास पहुंचाई जा चुकी है।

# नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर होगी कड़ी कार्रवाई: उपायुक्त

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग के नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छपाने और बिना परमिशन केवल टीवी पर प्रचार करने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नियमों के उल्लंघन करने पर सजा व प्रिंटिंग प्रेस का लाइसेंस निरस्त करने का प्रावधान है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें।

# भारत में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति स्ट्रोक का शिकार, हर 4 मिनट में होती है एक मौत

- हमारे देश में स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण
- इलाज में क्रांति लाने के लिए शुरू किया गया समय कार्यक्रम

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम


स्ट्रोक को लेकर शुरू किए गए समय कार्यक्रम की जानकारी देते चिकित्सक।

भारत में स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण है। देश में हर साल लगभग 1,85,000 स्ट्रोक के मामले सामने आते हैं। हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति स्ट्रोक का शिकार होता है और हर 4 मिनट में इससे एक व्यक्ति की जान चली जाती है।

वर्ष 2023 में एम्स में न्यूरोलॉजी प्रोफेसर डॉ. एमवी पद्मा श्रीवास्तव से बातचीत पर आधारित एक लेख में यह तथ्य सामने आया था। लेख में कहा गया कि स्ट्रोक के मामले में भारत की स्थिति सबसे जटिल है। स्ट्रोक के 68.6 प्रतिशत मामले भारत से जुड़े हैं। स्ट्रोक के कारण जान गंवाने वाले 70.9 प्रतिशत भारत में हैं। वहीं, डिसएबिलिटी एडजस्टेड लाइफ ईयर्स लॉस्ट (दिव्यांगता के कारण जीवन प्रत्याशा में आई कमी) में भारत की हिस्सेदारी 77.7 प्रतिशत है।

वहीं लैंसेट न्यूरोलॉजी जर्नल (आईसीएमआर रिलीज) में प्रकाशित एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि स्ट्रोक के मामले में बचाव और उपचार दोनों की संभावना ज्यादा रहती है।

अगर ध्यान नहीं दिया गया तो 2050 तक यह सालाना एक करोड़ मौतों का कारण बन सकता है। यह अनुमान वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गनाइजेशन और लैंसेट न्यूरोलॉजी आयोग के संयुक्त प्रयास से आया है, जिसके तहत चार अध्ययन प्रकाशित किए गए हैं। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि स्ट्रोक से होने वाली मौतों की संख्या 2020 में 66 लाख से बढ़कर 2050 तक 97 लाख हो जाने की आशंका है। भारत में स्ट्रोक इमरमेंसी को ध्यान में रखकर आर्टेमिस हॉस्पिटल्स ने एक नए कार्यक्रम, समय-स्ट्रोक, एक्टिंग विदिन, मिनट्स, एड्स टू, इयर्स की शुरुआत की है।

### मरीज को मिले तत्काल एवं विशेष देखभाल

आर्टेमिस हॉस्पिटल्स की एमडी डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा कि समय के साथ हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्ट्रोक के प्रत्येक मरीज को तत्काल एवं विशेष देखभाल मिले। इसके साथ हम अपने न्यूरोसाइंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, क्योंकि हम स्ट्रोक केयर के क्षेत्र की जटिल चुनौतियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आपातकालीन प्रतिक्रियाओं में अक्षमता के कारण देरी का सामना करना पड़ता है। भारत में हर 4 मिनट में स्ट्रोक से एक मौत को देखते हुए तुरंत कदम उठाना बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुमित सिंह (चीफ ऑफ न्यूरोलॉजी एंड स्ट्रोक सर्विसेज), डॉ. आदित्य गुप्ता (चेयरपर्सन-न्यूरोसर्जरी एंड सीएनएस रेडियोसर्जरी एवं को-चीफ-साइबरनाइफ सेंटर), डॉ. एस.के. राजन (चीफ-न्यूरो स्पाइन सर्जरी एवं एडिशनल डायरेक्टर- न्यूरोसर्जरी), डॉ. तारीक मतीन (चीफ एवं डायरेक्टर-न्यूरो इंटरवेंशन) तथा डॉ. सौरभ आनंद (चीफ ऑफ न्यूरोएनेस्थीसिया एंड न्यूरो क्रिटिकल केयर) उपस्थित रहे।

# तेजी से भरे जा रहे सड़कों के गड्ढे: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



उपायुक्त विक्रम सिंह द्वारा जिले की सड़कों एवं मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने तथा सडकों तथा मुख्य मार्गों की मरम्मत तथा पैच वर्क के लिए नगर निगम, पीडबल्यूडी, एफएमडीए तथा एनएचएआई सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी गये हैं कि सभी अधिकारी उनके विभागों के अंतर्गत आने वाली सड़कों एवं मुख्य मार्गों के मरम्मत तथा पैच वर्क जल्द-से-जल्द पूरा करवाएं तथा इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट भी उनके कार्यालय में नियमित रूप से भिजवायें।

उपायुक्त ने कहा कि जिला फरीदाबाद की सड़कों व मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने तक यह मरम्मत एवं गड्ढे भरने का कार्य निरंतर चलता रहेगा। उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशों की पालना में पैच वर्क तथा गड्ढे भरने का कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। जिनमें विभिन्न स्थानों पर सड़कों एवं मुख्य मार्गों की मरम्मत का कार्य करवा दिया गया है तथा बहुत स्थानों पर मरम्मत कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में बुधवार को निगम द्वारा के.एल. मेहता रोड, ब्लाक-जी एनआईटी फरीदाबाद, एनआईटी बस स्टैंड, नेहरु ग्राउंड, नियर लायंस क्लब, बीके चौक, वार्ड न.-15, केसी रोड, एसजीएम नगर, भीकम कॉलोनी, जैन कॉलोनी व अन्य कई स्थानों पर मरम्मत करवाई गई।

# भाजपा के पैंतरे से कांग्रेस में मची खलबली

## बीजेपी ने की मांग, कहा- हरियाणा में सैलजा को सीएम चेहरा घोषित करे कांग्रेस

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

हरियाणा की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस में मची अंदरूनी कलह के बीच जातिवाद के मुद्दे पर बड़ा दांव खेल दिया है। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कुमारी सैलजा को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने की मांग उठाई है। भारतीय जनता पार्टी के इस ट्वीट के बाद प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा से अधिक कांग्रेस में इसकी चर्चा हो रही है।

हरियाणा में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर 'जंग' चल रही है। पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा उनके सांसद पुत्र दीपेंद्र सिंह हुड्डा को भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में माना जाता है। इस बार के चुनावों में पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद

### चौ. उदयभान का पलटवार, क्या राजस्थान व मध्य प्रदेश में घोषित किया था चेहरा

रणदीप सिंह सुरजेवाला भी सीएम पद की दौड़ में हैं। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव भी अहीरवाल की चौधर का नारा देते रहे हैं। कुमारी सैलजा के समर्थन में पहले ही प्रदेश के कई जिलों में मुख्य बनाए जाने को लेकर बैनर लग चुके हैं।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी हरियाणा ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करके राहुल गांधी को लेकर भी कटाक्ष किया है। भाजपा ने पोस्ट में लिखा-राहुल गांधी एससी वर्ग का खूब पक्ष रख रहे हैं। भाजपा ने तो पिछले वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया। राहुल गांधी, कुमारी सैलजा को



हरियाणा से मुख्यमंत्री प्रत्याशी घोषित करें ताकि पता चले कि वे समाज के कितने शुभचिंतक हैं।

भाजपा की यह पोस्ट दिनभर राजनीतिक व प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का विषय बनी रही। कांग्रेस ने भाजपा की इस पोस्ट पर पलटवार किया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने भाजपा की पोस्ट पर सवाल दागते हुए कहा कि क्या भाजपा ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरा पहले घोषित किया था। क्या भाजपा ने 2014 में मनोहर लाल को हरियाणा का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था। ऐसे में कांग्रेस क्यों पहले मुख्यमंत्री नाम का ऐलान करे।

भाजपा विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री पद का चेहरा पहले ही घोषित कर चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी हरियाणा दौरे व पंचकूला में हुई पदाधिकारियों की बैठक में स्पष्ट तौर पर कह चुके हैं कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़े जाएंगे और वही मुख्यमंत्री का चेहरा भी होंगे। 2014 के विधानसभा चुनावों में भाजपा बिना चेहरा घोषित किए चुनावी मैदान में उतरी थी।

12 मार्च को मनोहर लाल के इस्तीफा दिए जाने के बाद उनकी जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा ने प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के बड़े वोट बैंक को साधते हुए सैनी पर दांव खेला है। इस वोट बैंक के दृष्टिगत ही भाजपा ने उन्हीं के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।

### ब्राह्मणों ने 22 सीटों पर पेश किया दावा

**चंडीगढ़।** प्रदेश का चुनावी माहौल गरमाने के बाद अब विभिन्न जातिगत संगठनों द्वारा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों से उनके समाज के लोगों को टिकट देने की मांग की जा रही है। ब्राह्मण खाप ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को पत्र लिखकर 22 सीटों पर ब्राह्मणों का प्रभाव बताते हुए टिकटों की मांग की है। ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बुधवार को चंडीगढ़ में कहा कि हरियाणा में इस समय ब्राह्मणों की संख्या 15.56 प्रतिशत है। ब्राह्मण कालका, यमुनानगर, असंध, सफीदों, समालखा, राई, एनआईटी फरीदाबाद, गुड़गांव, भिवानी, उचाना, बादली, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पुंडरी, जुलाना, गन्नौर, बल्लभगढ़, पृथला, महेंद्रगढ़, नारनौद, बेरी तथा दादरी हलकों में अपना प्रभाव रखते हैं। कई क्षेत्र तो ऐसे हैं जहां से ब्राह्मण चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचते रहे हैं।

# हाईकोर्ट पहुंचे कंबोपुरा हत्याकांड के पीड़ित

## इंसाफ न मिलने पर मृतक के परिवार ने दी आत्मदाह की चेतावनी

### आरोपी जिले राम के भाजपा में जाते ही सरकार ने पुलिस सुरक्षा भी हटाई

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा की पूर्व हुड्डा सरकार के कार्यकाल के दौरान करनाल जिले के गांव कंबोपुरा में हुए बहुचर्चित हत्याकांड में पीड़ितों के परिजनों ने सीबीआई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

मृतक कर्म सिंह के बेटे राजिंदर, पत्नी राजबाला, वकील राजेश मलिक ने बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2011 में हुए कर्म सिंह हत्याकांड में तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव जिले राम शर्मा व परिवहन मंत्री ओपी जैन समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था।

कई वर्षों तक चली सुनवाई के बाद सीबीआई कोर्ट में जिले राम शर्मा को आरोप मुक्त करार दे दिया। उन्होंने बताया कि अब उन्होंने



सीबीआई कोर्ट के फैसले को पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जिसकी सुनवाई पांच सितंबर को तय हुई है। उन्होंने बताया कि जिले राम शर्मा भाजपा में शामिल होकर दोबारा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीबीआई कोर्ट का फैसला आने के बाद जिले राम शर्मा भाजपा में शामिल हुए तो उनके लोगों द्वारा पीड़ितों को लगातार धमकाया जा रहा है। हत्याकांड के बाद परिवार को मिली पुलिस सुरक्षा को हटा लिया गया है। जिसके बाद परिवार के लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। एडवोकेट राजेश मलिक ने परिवार को दोबारा सुरक्षा प्रदान करने की मांग करते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस महानिदेशक तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है।

कर्म सिंह के बेटे राजिंदर के अनुसार जिले राम शर्मा खुलेआम कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अगर जिले राम को टिकट दिया तो सैन समाज इसका विरोध करते हुए सड़कों पर उतरेगा। कर्म सिंह के बेटे व पत्नी ने कहा कि उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को भी पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अगर इंसाफ नहीं मिला तो वह जिले राम शर्मा के आवास के बाहर आत्मदाह कर लेंगे।

# पार्षदों ने सुभाष सुधा को दिया जीत का आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

राज्यमंत्री एवं थानेसर विधायक सुभाष सुधा को थानेसर नगरपरिषद के अंतर्गत आने वाले 30 से अधिक निवर्तमान पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों ने एकजुट होकर जीत का आशीर्वाद दिया और थानेसर विधानसभा चुनाव में तन मन धन से उन्हें अपना सहयोग देने की बात कही।



राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने पिपली रोड स्थित होटल सैफरन में पहुंचे इन सभी निवर्तमान और पूर्व पार्षदों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में थानेसर नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि थानेसर की जनता उनका परिवार है। वह अपने इस परिवार के बीच रहकर 3 दशकों से लगातार थानेसर की जनता की सेवा कर रहे हैं।

# सांसदों को विस चुनाव नहीं लड़ाएगी कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में कांग्रेस किसी मौजूदा सांसद को विधानसभा चुनाव नहीं लड़वाएगी। कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने इस बारे में स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है। बुधवार को कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की पहले दिन की बैठक के बाद पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में सक्रिय राजनीति करने तथा विधानसभा चुनाव लडने् की इच्छा जाहिर की थी। सैलजा के विधानसभा चुनाव लडने् की इच्छा जताने के बाद पार्टी प्रभारी द्वारा किसी सांसद को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं दिए जाने की बात कहने का मतलब साफ है कि पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे के प्रति नरम माना जाता है। लोकसभा चुनाव में अधिकतर टिकट हुड्डा की पसंद के उम्मीदवारों को दिए गए थे। हरियाणा में हुड्डा और सैलजा-रणदीप-बीरेंद्र गुट आमने-सामने है। राज्य में एक समय ऐसा भी आया था, जब 11 साल से लंबित कांग्रेस संगठन को बनाने की कोशिश दीपक बाबरिया ने की थी। लेकिन तब संगठन में हुड्डा समर्थकों की अधिक संख्या का आरोप लगाते हुए सैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने उनके विरुद्ध सीधा मोर्चा खोल दिया था।

# पूर्व मंत्री राव नरबीर पर नहीं चलेगा आपराधिक मामला

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के पूर्व मंत्री राव नरबीर द्वारा चुनाव के समय अपने शपथ पत्रों में झूठे शैक्षणिक दस्तावेज लगाने के मामले में आपराधिक मामला चलाने की मांग को खारिज कर दिया है। यह मामला पिछले पांच साल से हाई कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को हाई कोर्ट के जस्टिस महावीर सिंह संधू ने फैसला सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले में अभी विस्तृत फैसला आना बाकी है। हाईकोर्ट ने जुलाई 2019 में राव को नोटिस जारी कर पूछा था कि क्यों न उनके खिलाफ आपराधिक मामला चलाया जाए, लेकिन इसके बाद सुनवाई लगातार स्थगित होती रही। हाईकोर्ट ने आरटीआई कार्यकर्ता हरेंद्र ढींगरा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राव नरबीर से जवाब मांगा था। याचिका के अनुसार याची ने 2017 में मंत्री राव नरबीर की शैक्षणिक योग्यता की जानकारी मांगी थी।


Rungta Irrigation Limited

रूंगटा इरिगेशन लिमिटेड

CIN: L74899DL1986PLC023934

पंजीकृत पताः 101, प्रगति टॉवर 26, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली–110008

दूरभाषः 91–(11)40453330, वेबसाइटः www.rungtairrigation.com

आम बैठक, रिमोट ई–वोटिंग सूचना, रिकॉर्ड तिथि और बुक क्लोज़र की तिथियां

1. कंपनी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि रूंगटा इरिगेशन लिमिटेड (कंपनी) की 40वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 20 सितंबर 2024 को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य दृश्य–श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से 40वीं एजीएम नोटिस (एजीएम की सूचना) में निर्धारित व्यवसायों को पूरा करने के लिए, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और अन्य कानूनों/परिपत्रों द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी।
2. 2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार कंपनी के सदस्यों को एतद्वारा नोटिस भी दिया जाता है कि एजीएम के उद्देश्य से कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक शनिवार, 14 सितंबर 2024 से शुक्रवार 20 सितंबर 2024 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगी।
3. परिपत्रों के अनुपालन में, वार्षिक आम बैठक की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023–24 की वार्षिक रिपोर्ट, इसके साथ संलग्न किए जाने वाले सभी दस्तावेजों के साथ, 16 अगस्त, 2024 को कंपनी के सभी सदस्यों को भेज दी गई है, जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट (https://www.rungtairrigation.in/), स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध होंगे। जिन सदस्यों को उपर्युक्त दस्तावेज प्राप्त नहीं होते हैं, वे इसे डाउनलोड कर सकते हैं या 19 सितंबर 2024 को द पायनियर (अंग्रेजी) और द पायनियर (हिंदी), दिल्ली संस्करण में कंपनी द्वारा प्रकाशित 40वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में सूचना के लिए नोटिस में बताए गए तरीके से अपने केवाईसी और ईमेल पते को पंजीकृत/अपडेट करके प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त नोटिस/समाचार पत्र की प्रति उपरोक्त स्टॉक एक्सचेंजों और कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
4. कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, और अन्य लागू कानून के लागू प्रावधानों के अनुसार कंपनी अपने सदस्यों को कंपनी के आरटीए, बीटल फाइनेंशियल कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ('रिमोट ई–वोटिंग') द्वारा वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने में प्रसन्न है।
5. रिमोट ई–वोटिंग अवधि मंगलवार, 17 सितंबर 2024 को सुबह 9:00 बजे IST से शुरू होगी और गुरुवार, 19 सितंबर 2024 को शाम 5.00 बजे IST पर समाप्त होगी। इस खंड में निर्धारित समय के बाद ई–वोटिंग मॉड्यूल अक्षम कर दिया जाएगा।
6. वह व्यक्ति, जिसका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार 13 सितंबर 2024 को सदस्यों/लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देता है, वे रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
7. कोई भी व्यक्ति जो एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि अर्थात 13 सितंबर 2024 तक शेयर रखता है, वह beetalrta@gmail.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है। यदि सदस्य ई–वोटिंग के लिए बीटल के साथ पहले से पंजीकृत है तो वह रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
8. जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है, वे बीटल द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम में वोट कर सकेंगे।
9. जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन एजीएम में दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
10. ई–वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने से संबंधित किसी भी प्रश्न या शिकायत के मामले में, सदस्य अमित विशाल, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड–ए विंग, कमला मिल्स कंपाउंड लोअर परेल, मुंबई–400013 ईमेलः evoting@nsdl.co.in, टोल फ्री नं. 18001020990 और 1800224430 से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, सदस्य श्री पुनीत मित्तल, महाप्रबंधक–बीटल फाइनेंशियल कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरटीए से beetalrta@gmail.com पर या टेलीफोन नं. 011–29961281–283, 26051061–064 पर भी संपर्क कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग से संबंधित विवरण के लिए, कृपया एजीएम की सूचना देखें। यदि आपके पास रिमोट ई–वोटिंग से संबंधित कोई प्रश्न हैं, तो कृपया https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देखें।

बोर्ड के आदेश द्वारा
रूंगटा इरिगेशन लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
कंवल ओहरी
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28 अगस्त, 2024

TENDER NOTICE

The Mass CGHS Ltd., Plot-24, Sector-10, Dwarka, New Delhi -110075 invites Quotations from contractors having 5 years or more experience of similar works for Structural Strengthening & Repair Works, preferably of society buildings, valuing a minimum of Rs. 5 crores.

The Quotations may be submitted in sealed envelopes addressed to The President/Secretary, and superscribed as "Quotation for Structural Strengthening and Repair Works", by 05:00 pm of 07th September, 2024 (Saturday) at the society office. The Form of RFQ may be obtained Free of Cost from the Society Office. Date of Opening: 08th September, 2024 (Sunday) at 11:30 AM in the community hall of the society.

PUBLIC NOTICE

TO WHOM IT MAY CONCERN

Mrs. Kavita Ambwani and Mr. Naresh Jotwani have resigned from partnership Firm M/s MAA PAARPATI MEENAKSHI EDUCATIONAL FOUNDATION: 12/25, East Patel Nagar, New Delhi-110008 on closing of 06.05.2024.

For Maa Paarpati Meenakshi Educational Foundation
Girish Kumar Goel, Partner
Date: 16.08.2024
Place: New Delhi

ADMISSION NOTICE

एस.सी.ई.आर.टी के संबद्ध संस्थान के लिए डीपीएसई (2024-26) के तहत प्रबंधन कोटा के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

आवेदन की अंतिम तारीख: 06.09.2024

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

Satyam International Polytechnic
GD Block, Near Pitampura Metro Station, Pitampura, Delhi-110088 Ph: 9711396842

PUBLIC NOTICE

The public at large is informed vide this notice that client Sh. Chanran Singh S/o Risal Singh R/o E-2/103, Gali No-2, Shani Bazar Road Shiv Ram Park, Nangloi West, Delhi-110041, has debarred his Son Chaman Singh & his Wife Monika from all his moveable and immoveable properties forever as they have misbehaved, disregarding and disobeying my client, henceforth my client will have no concern with them whatsoever. if anybody deals with them my client will not responsible in any manner.
NISHA KHAN (Advocate), Ch. No. M-8, M-9, Western Wing Tis Hazari Court Delhi-54, M: 7982332406.

PUBLIC NOTICE

We, Reena Dhawan D/o Late Madan Walia and Sheena Walia D/o Late Madan Walia R/o N-98-B, W-17, South Avenue, Sainik Farms, NCR of Delhi-110062 are sole owner of the Property bearing No. 108, Block-D, Lakewood City, Suraj Kund Road, Faridabad, Haryana being the only Legal heir of Late Madan Walia who unfortunately Left for her heavenly abode on 21.01.2021.

Public Notice

This is to inform general public that **Mrs. Neelam Devi** has acquired Land area measuring 100 sq. yds., comprised in khewat no. 2694, khasra no. 1584(4-10) ka 2/90th share i.e. 2 biswa, situated at waka shiv colony, kasba karnal (under nagar nigam) tehsil and district Karnal Haryana vide **Sale Deed** dated 01.06.2018 and same was duly registered with SRO Karnal as Doc no. 2006, book no. I, volume no. 581/13623 on pages 61.25/96-97 dated 01.06.2018.
Documents related to the above said property has been misplaced i.e. **1. Original GPA, SPA, ATS** dated 09.11.1995, 2. **Original Sale Deed** dated 08.12.1997 as Document No.4470, 3. **Original ATS, Will** dated 12.01.2010 4. **Original ATS, Will** dated 20.01.2011.
Anyone who find the said documents shall handover the same to the Manager of **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** and Further **Mrs. Neelam Devi** intends to sell said property to **Mrs. Shanti Devi** who is availing loan on above said property from **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** & in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to **Mr. Pramod Kumar Singh (Advocate), AccuLaw Source LLP, Unit No. S-2-U, 2nd Floor, built on Plot no. 4 and 5, Ansal Utility Commercial Center, Paschim Vihar, New Delhi-110063 or contact at +91 9560309909 (M).**

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल जनेश कुमार पुत्र वीर सिंह और "गीता पत्नी जनेश कुमार दोनों निवासी मकानं संख्याए-3/122 "गली नंबर ए-3 क्रिमिनेशन ग्राउंड के पास, सबोली एक्सटेंशन, उत्तर पूर्व दिल्ली-110093 ने अपने बेटे पंकज और बहू मंजू और पोते आरव पांचाल को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में उनके किसी भी कृत्य/लेन-देन के लिए मेरे मुवक्किल जिम्मेदार नहीं होंगे।
ध्रुव कुमार (वकील)

PUBLIC NOTICE

Lost/Misplaced/Not Traceable GPA and ATS Dated 24.11.1986 Executed by Sudha Sikri W/o Shyam Lal Sikri in favour of Reena Murlidhar W/o Murlidhar Kewal Ram belongs to property no. C-575, New Friends Colony, New Delhi-110065. also lost/misplaced/not traceable GPAs dated 10.05.1995 executed by Murlidhar Kewal Ram and Jai Kumar Kewal Ram both S/o Kewal Ram in favour of V.K Gupta S/o P.R gupta belongs to first floor and second floor of property no. C-575, New Friends Colony, New Delhi-110065. finder may inform V.K Gupta at 956033556.

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Kunwar Pal Singh S/o Ghurey Singh R/o. B-9/272, Sector 3 Rohini, Delhi 110085, Mob. 8447730855, Email: kpsingh.mtnl@gmail.com, The owner of the Janta Flat No. 270 Ground Floor Pocket- B-9 Sector-03 Rohini Delhi. The original papers i.e. Original Conveyance Deed Regn. No. 12582, Book No. 1, Vol No. 4441 Page 55 To 56 executed by DDA of abovesaid property has been lost. A F.I.R to this effect has been lodged to police station dt. 04/08/2024. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact - Kunwar Pal Singh, R/o. B-9/272, Sector 3 Rohini, Delhi 110085, Mob. 8447730855, 90131 38800

सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एम0आई0जी0 मकान सं0 बी-78, सैक्टर-19, नौएडा जिसके मालिक श्री विनोद कुमार पुत्र श्री आई0डी0 शर्मा निवासी आई0-57-सी, दिलशाद गार्डन, दिल्ली है। उपरोक्त संपत्ति मालिक द्वारा पंजीकृत जी0पी0ए0 व अपंजीकृत एग्रीमेन्ट टू सेल धारक श्रीमती कांता शर्मा पत्नी श्री विनोद कुमार शर्मा निवासी बी-78, सैक्टर-19, नौएडा को विक्रय किया गया था, जिसकी जी0पी0ए0 दिनांक 16.01.2004 को पंजीकृत है। अतः उपरोक्त मकान जी0पी0ए0 धारक श्रीमती कांता शर्मा पत्नी श्री विनोद कुमार शर्मा द्वारा श्री सुनील चौधरी पुत्र श्री चौधरी सुरेन्द्र सिंह के पक्ष में अंतरित किया जा रहा है। अतः किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो अपनी आपत्ति नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सार्वजनिक सूचना से 15 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित दर्ज करें।
श्रीमती कांता शर्मा
पत्नी श्री विनोद कुमार शर्मा
निवासी बी-78, सैक्टर-19, नौएडा

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Hitherto known as Sanjeev S/O Om Prakash R/O H.No.114 Gali No.1 Old Seelampur Gandhi Nagar East Delhi-110031 have changed my name and shall hereafter be known as Sandeep

PD(711)C

"फॉर्म संख्या INC-26"
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
केंद्र सरकार के समक्ष (क्षेत्रीय निदेशक, नई दिल्ली)
उत्तरी क्षेत्र
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (क) के तहत
तथा
सर्जीन हेल्थकेयर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कायाzलय ए बी-4, द्वितीय तल शालीमार बाग, उत्तर पश्चिम, नई दिल्ली-110088 में स्थित है,
.......याचिकाकर्ता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत केंद्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली) को कंपनी के एसोसिएशन के ज्ञापन में परिवर्तन की पुष्टि हेतु आवेदन करने का प्रस्ताव किया गया है। शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार, कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य"** में स्थानांतरित किया जाएगा।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करके **एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर जमा कर सकता है** या अपने हित की प्रति और विरोध को आधार बताते हुए हलफनामे के साथ अपनी आपत्तियाँ पंजीकृत डाक से क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, द्वितीय तल पर्यावरण भवन सीजीओ, कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है। आपत्ति की एक प्रति आवेदक कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे उल्लिखित पते पर भी भेजी जा सकती है:

**सर्जीन हेल्थकेयर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड**
**ए बी-4, द्वितीय तल शालीमार बाग, उत्तर पश्चिम, नई दिल्ली-110088**

**के लिए और उसकी ओर से,**
**सर्जीन हेल्थकेयर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड**
(अमित कुमार)
निदेशक
डीआईएनः 02109068
दिनांकः 24/08/2024
स्थानः दिल्ली

Public Notice

This is to inform the general public that **Smt. Panna Devi** is the owner Third Floor with roof rights area measuring 50 sq. yds. built on property no. D-19 out of Khasra No. 19/3 & 20/10 situated at village Gharonda Neem Ka Bangar alias Patparganj in the abadi of Pandav Nagar Patparganj Road Delhi 110092 through Sale Deed dated 11.07.2014 as doc. No. 3244 executed by Smt. Shalini Vadhara in favour of Smt. Panna Devi in respect of Said floor.
The above-said owner has misplaced the **Original GPA, ATS** and Will dated 23.04.2012 executed by Smt. Manisha Bhardwaj in favour of Smt. Shalini Vadhara in respect of the said floor. FIR No. 2053765/2024 was also registered at **P.S: Crime Branch, Delhi** on 23.08.2024. Anyone who finds the above-mentioned documents, kindly handover the same to the Manager of **SMFG India Home Finance Co. Ltd. (Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.), Faridabad.**
**Smt. Panna Devi** intends to transfer the ownership by way of Sale Deed of aforementioned property to **Sh. Arup Baidya.** Subsequently, **Sh. Arup Baidya** is in the process of mortgaging the said **SMFG India Home Finance Co. Ltd. (Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.).** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-days period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683, e-mail: accounts@lvnorth.in**

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client namely Mr. Ashok Kumar Arora, S/o Late Sh. Shiv Dayal Arora, R/o E-4/11 Malviya Nagar, New Delhi-110017 is the owner of the built-up property bearing No. E-4/11, Malviya Nagar, New Delhi-110017 ad measuring 125 sq. yds being the only legal heir of Late Smt. Maya Wanti who unfortunately left for her heavenly abode on 13.06.2017. My client intends to get the above property mutated in his name in the records of Land & Development Officer, Delhi (L&DO) as also requisite approval for transfer of existing connection/new connection pertaining to electricity, water etc. before other statutory authorities such as Municipal Corporation of Delhi, BSES, DJB etc. If any person/entity is having or claiming any right, title, claim or interest of any kind whatsoever in the aforesaid property or any part thereof, is required to put forth his/her/their/its claim before the undersigned within 14 days of the publication of this notice with the documentary proof thereof, failing which the same shall not be binding on my client and my client shall proceed to make requisite application to get the aforesaid property mutated in his name before the L&DO and/or transfer of existing connection/new connection pertaining to electricity, water etc. before other statutory authorities such as Municipal Corporation of Delhi, BSES, DJB etc. No claims shall be entertained thereafter and as such shall not be binding on our client.
AYUSHYA KUMAR (Advocate), B-5, Ground Floor, Jangpura Extension. New Delhi-14. M-9810837473

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,

**सम्मान कैपिटल लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **अजय आहूजा (थ्रु पीओए होल्डर विजय आहूजा) और विजय आहूजा** को **13.12.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLDUB00428240** की राशि **रू. 2,29,38,349.81 (रूपये दो करोड़ उनतीस लाख अड़तीस हजार तीन सौ उनतालीस और इक्यासी पैसे मात्र)** और **12.12.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतदद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **23.08.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषतः कर्जदारों और सामान्यतः जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 2,29,38,349.81 (रूपये दो करोड़ उनतीस लाख अड़तीस हजार तीन सौ उनतालीस और इक्यासी पैसे मात्र) 12.12.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** के आधीन होगा।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

टावर-बी/नोवा वेस्ट में, प्रोजेक्ट "सुपर नोवा" में, तेरहवीं मंजिल पर, यूनिट नं. R203NWEST1302 (फ्लैट नं. 1302) सुपर एरिया मापित 1380 स्क्वे. फीट, बी-टू-बी कवर पार्किंग के साथ, प्लॉट नं. 3 पर स्थित, सेक्टर 94, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
दिनांकः 23.08.2024
स्थान : नोएडा

SRF LIMITED

**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

NOTICE

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SRF0115633 | Daya Kumari: Deceased | 1139440 | 296723570-4569 | 1000 |
| | | Anil Bhatnagar: Joint Shareholder | 90111508-9 | 9291470-569 | 100 |
| | | | 90194015-7 | 15082000-149 | 150 |
| 2 | S 0000722 | Shah Himatlal Chaturbhuj: Deceased | 143540 | 5790585-620 | 36 |
| | | Sudha Gautam Shah: Claimant | 1133912 | 295620086-949 | 864 |
| | | | 90038004-5 | 7524070-149 | 80 |
| | | | 90172688-9 | 13027020-119 | 100 |
| 3 | SRF0039382 | Rajesh Agarwal: Shareholder | 1135669 | 295971270-669 | 400 |
| | | | 90195516-7 | 15140235-334 | 100 |
| 4 | SRF0047626 | Rama Kant Maudgal: Deceased | 386694-5 | 17331358-82 | 25 |
| | | Anju Maudgal Kalam: Joint Shareholder | 535694-5 | 25351150-74 | 25 |
| | | | 1126008 | 308427294-693 | 400 |
| | | | 90201019 | 15350975-1024 | 50 |
| 5 | L0000853 | Love Kumar Gupta: Shareholder | 41399 | 2471626-50 | 25 |
| | | | 67785 | 3429217-27 | 11 |
| | | | 129935 | 5429117-34 | 18 |
| | | | 1134201 | 295678702-9037 | 336 |
| | | | 90162710 | 12569755-84 | 30 |

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary
Place: Gurugram
Date: 28-08-2024

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF PERSON ACCUSED
(See Section 82)
Case No. 817/2019
PARVESH ARORA VS M/S SKY DROP WATER TECHNOLOGIES
To,
PRIYANKA RANA
A-31/24, NETAJI GALI NO.1
MAUJPUR, DELHI-110053
WHEREAS complaint has been made before me that Priyanka Rana has committed (or is suspected to have committed) the offence punishable under section 138 NI ACT, and it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said Priyanka Rana cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Priyanka Rana has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant). Proclamation is hereby made that the said Priyanka Rana is required to appear before this Court to answer the said complaint.
By Order
Ms. Sanghmitra Metropolitan Magistrate-01 Room No.54 KKD Court Shahdara Delhi-110032.

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF PERSON ACCUSED
(See Section 82)
Case No. 817/2019
PARVESH ARORA VS M/S SKY DROP WATER TECHNOLOGIES
To,
PRIYANKA RANA PROP. OF
M/S SKY DROP WATER TECHNOLOGIES
E-70, Block-E, AVANTIKA
SEC-1, ROHINI DELHI-110085
WHEREAS complaint has been made before me that Priyanka Rana has committed (or is suspected to have committed) the offence punishable under section 138 NI ACT, and it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said Priyanka Rana cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Priyanka Rana has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant). Proclamation is hereby made that the said Priyanka Rana is required to appear before this Court to answer the said complaint.
By Order
Ms. Sanghmitra Metropolitan Magistrate-01 Room No.54 KKD Court Shahdara Delhi-110032.

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF PERSON ACCUSED
(See Section 82)
Case No. 821/2019
VIPIN ARORA VS M/S SKY DROP WATER TECHNOLOGIES
To,
PRIYANKA RANA
A-31/24, NETAJI GALI NO.1
MAUJPUR, DELHI-110053
WHEREAS complaint has been made before me that PRIYANKA RANA has committed (or is suspected to have committed) the offence punishable under section 138 NI ACT, and it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said PRIYANKA RANA cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said PRIYANKA RANA has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant) Proclamation is hereby made that the said PRIYANKA RANA is required to appear before this Court to answer the said complaint.
By Order
Ms. Sanghmitra Metropolitan Magistrate-01 Room No.54 KKD Court Shahdara Delhi-110032.

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF PERSON ACCUSED
(See Section 82)
Case No. 823/2019
VIPIN ARORA VS DALJEET SINGH RANA
To,
DALJEET SINGH RANA
A-31/24, NETAJI GALI NO.1
MAUJPUR, DELHI-110053
WHEREAS complaint has been made before me that Daljit Singh Rana has committed (or is suspected to have committed) the offence punishable under section 138 NI ACT, and it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said Daljit Singh Rana cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Daljit Singh Rana has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant) Proclamation is hereby made that the said Daljit Singh Rana. is required to appear before this Court to answer the said complaint.
By Order
Ms. Sanghmitra Metropolitan Magistrate-01 Room No.54 KKD Court Shahdara Delhi-110032.

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF PERSON ACCUSED
(See Section 82)
Case No. 821/2019
VIPIN ARORA VS M/S SKY DROP WATER TECHNOLOGIES
To,
PRIYANKA RANA PROP. OF
M/S SKY DROP WATER TECHNOLOGIES
E-70, BLOCK-E, AVANTIKA
SEC-1, ROHINI, DELHI-110085
WHEREAS complaint has been made before me that PRIYANKA RANA has committed (or is suspected to have committed) the offence punishable under section 138 NI ACT, and it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said PRIYANKA RANA cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said PRIYANKA RANA has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant). Proclamation is hereby made that the said PRIYANKA RANA is required to appear before this Court to answer the said complaint.
By Order
Ms. Sanghmitra Metropolitan Magistrate-01 Room No.54 KKD Court Shahdara Delhi-110032.

## मोदी सरकार

### सुनिश्चित पेंशन

**मोदी सरकार** ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित पेंशन योजना शुरू की है, हालांकि इसके वित्तीय प्रभाव भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल ही मे केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित पेंशन योजना की घोषणा की है। यह केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए बहुत खुशी की बात है क्योंकि वे वर्तमान 'बाजार-केन्द्रित' पेंशन योजना से संतुष्ट नहीं थे और इसे समाप्त करने की मांग कर रहे थे। एक महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तन के रूप में भारत सरकार ने एक नई पेंशन योजना की घोषणा की है जिसमें केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को उनके मूल वेतन के 50 प्रतिशत पेंशन की गारंटी है। यह कदम वर्तमान राष्ट्रीय पेंशन योजना-एनपीएस से बदलाव है जो भुगतानों को बाजार से होने वाले मुनाफों से जोड़ती है। नई घोषित 'एकीकृत पेंशन योजना'-यूपीएस का क्रियान्वयन 1 अप्रैल, 2025 से होगा और इससे संघ सरकार के दो मिलियन से अधिक कर्मचारियों को लाभ होगा। यूपीएस की ओर बदलाव का कारण कर्मचारियों का एनपीएस से बढ़ता असंतोष है जिसे व्यापक राजकोषीय सुधार के रूप में 2004 में स्वीकार किया गया था। एनपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों को अपने मूल वेतन का 10 प्रतिशत योगदान करना होता था और सरकार इसमें अपनी ओर से 14 प्रतिशत का योगदान करती थी। इसके बाद मिलने वाली वास्तविक पेंशन बाजार में इसके निवेश से मिलने वाले लाभ पर निर्भर करती थी जो मुख्यत: संघीय कर्ज में होता था। लेकिन कुछ राज्यों ने 'पेंशन गारंटी' की पुरानी योजना लागू करना शुरू किया था जिसका राजकोष पर भारी बोझ पड़ता था। इस कारण मोदी सरकार पर एनपीएस की समीक्षा का दबाव बढ़ रहा था।



यूपीएस लागू करने का निर्णय ट्रेड यूनियनों व विपक्षी दलों की मांगों के अनुरूप है जो लंबे समय से न्यूनतम पेंशन गारंटी की मांग कर रहे थे। इस मुद्दे को हालिया आम चुनाव में राजनीतिक बल मिला था क्योंकि एनपीएस योजना के अंतर्गत पेंशन गारंटी का अभाव विवादास्पद मुद्दा था। यूपीएस की गारंटी है कि सेवा के कम से कम 25 साल पूरे करने वाले कर्मचारी को मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा जिसकी गणना सेवानिवृत्ति के पहले अंतिम 12 महीने में प्राप्त वेतन के औसत पर होगी। यह सुनिश्चित भुगतान सेवानिवृत्त लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हुए बाजार-केन्द्रित पेंशनों की अस्थिरता को भी संबोधित करेगा। हालांकि, यूपीएस कर्मचारियों को ज्यादा सुरक्षा प्रदान करती है, पर यह सरकार पर काफी वित्तीय बोझ भी डालती है। वित्त वर्ष 2024-25 में इससे राजकोष पर लगभग 62.5 बिलियन रुपये का बोझ पड़ेगा। हर साल सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की संख्या के आधार पर वार्षिक खर्च में उतार-चढ़ाव आता रहेगा। लेकिन यूपीएस में परिवर्तन कई सवाल खड़े करता है। पहला, योजना का वित्तीय टिकाऊपन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पेंशन की गारंटी वाली प्रकृति सरकारी वित्त पर कर राजस्व धीमा होने की स्थिति में खासकर दबाव डालेगी। इसके साथ ही यूपीएस के कारण केन्द्र व राज्य सरकार कर्मचारियों के बीच असंगति पैदा होगी। पेंशन योजना से मिलने वाले लाभ के कारण अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी ही गारंटियों की मांग बढ़ने का खतरा भी है। इससे राजकोषीय चुनौतियां खासकर इसलिए बढ़ेंगी क्योंकि सामाजिक कल्याण पर खर्च पहले ही काफी अधिक है। भारत 2025 में यूपीएस लागू करने जा रहा है। ऐसे में यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क प्रबंधन एवं निरंतर मूल्यांकन जरूरी होगा कि योजना के लाभों तथा इसके राजकोषीय प्रभावों के बीच संतुलन बनाए रखा जाए।

# कमला हैरिस के लोकरंजक वादे

**कमला हैरिस ने कार्पोरेट हितों पर आम नागरिकों को प्राथमिकता दी है। उनका यह संदेश और लोकरंजक वादे न केवल अमेरिका, बल्कि सारी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र बने हैं।**



**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार तथा वर्तमान उप-राष्ट्रपति सुश्री कमला हैरिस ने कार्पोरेट हितों पर आम नागरिकों को प्राथमिकता दी है। उनका यह संदेश न केवल अमेरिका, बल्कि सारी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र बना है। यदि अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस चुनाव में सफलता के बाद अपने साहसी दृष्टिकोण का क्रियान्वयन करती हैं तो इससे मूल्य वृद्धि तथा कार्पोरेट के बेलगाम कामकाज पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी। उनके इस दृष्टिकोण ने सारी दुनिया में हलचल मचा दी है। इससे 'आम नागरिक' को वैश्विक आर्थिक व राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता मिली है। उनके इस दृष्टिकोण के कारण भारत समेत अनेक देशों को अपने वर्तमान आर्थिक माडलों पर पुन: विचार के लिए मजबूर होना पड़ा है।

उल्लेखनीय है कि आर्थिक उदारीकरण का युग शुरू होने के बाद कार्पोरेट की शक्तियों में असाधारण वृद्धि हुई है। ऐसा लगता है कि सुश्री कमला हैरिस के नेतृत्व में अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी दुनिया भर में अब तक चल रही कार्पोरेट प्रभुत्व की धारा उलटने का प्रयास कर रही है। वैसे भी दुनिया भर की जनता कार्पोरेट के हथकंडों से परेशान हो गई है जिसके चलते मूल्यवृद्धि बेलगाम होती जा रही है। कमला हैरिस का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि अब 'अमेरिकन जनता आसमान छूती कीमतें झेलने के लिए तैयार नहीं है।' उनके आक्रामक व लोकरंजक आर्थिक एजेंडे का लक्ष्य कार्पोरेट जगत की शक्तियों पर लगाम लगाना तथा आम लोगों के जीवन का खर्च घटाना है। इससे वैश्विक आर्थिक नीतियों के नए मानक स्थापित हो सकते हैं। इसका उदाहरण 74 वर्षीय एक भारतीय ब्लागर हैं जिन्होंने शानोशौकत और बेतहाशा खर्च वाली एक कार्पोरेट शादी का वर्णन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए हैं। जुलाई में उन्होंने एक्स-टिवटर पर लिखा, 'अपने 74 वर्ष के जीवन में मैनें ऐसी सनक भरी व बेतहाशा खर्च वाली शादी न देखी और न इसके बारे में सुना जिसे चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाले टेलीवीजन ने प्रसारित किया।' ऐसी बेतहाशा खर्च वाली शादी के पीछे छिपी विकृत सोच उनके इस कथन से स्पष्ट होती है-'यह विकृति पैसा खर्च करने के तरीके में सामने आती है। बेतहाशा खर्च करने वाली यह शादी ऐसे समय हुई जब आम भारतीय आर्थिक रूप से इतना बदहाल पहले कभी नहीं था, जब असमानता और बेरोजगारी रिकार्ड ऊंचाइयों तक पहुंच गई हे, जब 67 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान सबसे गरीब 50 प्रतिशत लोगों द्वारा किया जाता है, जब देश में सबसे ऊपर के एक प्रतिशत लोगों का देश की संपदा के 40 प्रतिशत पर नियंत्रण है, जब 800 मिलियन लोगों को जीवित रहने के लिए मुफ्त और सस्ता अनाज देना पड़ता है।'

इस सप्ताहांत अमेरिका में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस का भाषण इस स्थिति से अलग नहीं था। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि बहुत से अमेरिकनों को अपने जीवन में किसी प्रगति का अनुभव नहीं हो रहा है। कीमतें अब भी बहुत ज्यादा हैं और ऐसे में आगे बढ़ना बहुत कठिन है।' कोई आश्चर्य नहीं कि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप कमला हैरिस को 'बहुत अधिक उदारवादी' कहते हैं। यहभारत में हालिया जून में हुए लोकसभा चुनाव जैसी स्थिति है जब मटन, मुस्लिम, मंदिर और मुजरा जैसे शब्दों में महंगाई और बेरोजगारी गुम हो गए। भारतीयों की तरह अमेरिकनों को भी रोज भोजन, जीवन का न्यूनतम मानक तथा संगठित उत्पीड़न से मुक्ति चाहिए। भारतीयों को इस स्थिति की ज्यादा चिन्ता करनी चाहिए क्योंकि भले ही विश्व अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान चाहे जो हो, वह अमेरिका के कहीं नजदीक भी नहीं है। यदि अमेरिकन अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है तो भारतीय अर्थव्यवस्था को भी कोविड-19 के बाद ठीक नहीं कहा जा सकता है।

लेकिन भारत में अमेरिका की तुलना में कार्पोरेट की पकड़ ज्यादा मजबूत लगती है क्योंकि वहां बड़े कार्पोरेट घरानों के व्यापक विरोध के बावजूद मजबूत 'एंटी-ट्रस्ट' कानून हैं। भारतीय नीतियां बड़े कार्पोरेट के पक्ष में ज्यादा झुकी हैं, उनको टैक्सों में रियायत दी गई है तथा दूसरे लाभ प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय और शेयर बाजार नीतियों से भी उनको ज्यादा लाभ हो रहा है। अमेरिका की उप-राष्ट्रपति होने के बावजूद कमला हैरिस ने आम अमेरिकन जनता के साथ संवेदना प्रकट करते हुए कहा, 'भोजन, किराए, गैस, स्कूली ड्रेस, जरूरी दवाइयों आदि का खर्च बढ़ता जा रहा है। इसके कारण अनेक परिवारों के पास महीने के अंत में कुछ खास नहीं बचता है। राष्ट्रपति के रूप में मैं भारी खर्चों से निपटने का काम करूंगी जो अधिकांश अमेरिकनों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण समस्या है।' भारतीय मतदाताओं को भी अपने किसी नेता से ऐसे शब्द सुन कर खुशी होती। कमला हैरिस की ये बातें अमेरिकनों का जीवन सुधारने के एक दर्जन प्रस्तावों के बाद आई हैं। हालांकि, एक भारतीय राजनीतिक पार्टी के घोषणापत्र में 3 मिलियन नए मकान बनाने की घोषणा स्वागत योग्य है। शायद कमला हैरिस ने भारत के 'पीएम आवास' की तर्ज पर 25,000 डालर के भुगतान पर पहली बार घर खरीदने वाले एक मिलियन लोगों को अपना घर पाने में सहायता का प्रस्ताव किया है।

इसके साथ ही सस्ते घर किराए पर देने वाले बिल्डरों को भारत में अतिरिक्त कर प्रोत्साहन की घोषणा की गई है। यह अधिकांश भारतीयों के लिए स्वागत योग्य है। वर्तमान समय में जिस प्रकार भारत में 'कैपिटल गेन्स टैक्स इंडेक्शेसन' की बात हो रही है, उसी प्रकार हैरिस ने कार्पोरेट मालिकों को बड़े पैमाने पर किराया बढ़ाने से रोकने के प्रयास किए हैं। भारत में यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोयडा, गुरुग्राम, दिल्ली के द्वारका, बैंगलुरू व चेन्ने में बड़ी समस्या बनती जा रही है। भारत ने अभी इसका अनुभव करना शुरू किया है।

अमेरिका में दवा-इलाज का खर्च और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में धोखाधड़ी बढ़ती जा रही है। अब अनेक भारतीय कंपनियों ने भी इसकी नकल शुरू कर दी है। भारत और अमेरिका में चिकित्सा खर्च बढ़ रहे हैं। दोनों देशों में इस पर गंभीर चर्चा हो रही है और अक्सर ब्रिटेन की सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाओं को आदर्श माना जाता है। हैरिस ने लाखों अमेरिकनों के लिए चिकित्सा कर्ज समाप्त करने का वादा किया है। इसके लिए वे फेडरल फंड का प्रयोग कर स्वास्थ्य प्रदाताओं का कर्ज खरीद सकती हैं। हैरिस चाहती हैं कि अमेरिकनों का दवाओं पर अपनी जेब से खर्च 2,000 डालर से अधिक न हो। आश्चर्य है कि भारत से हजारों किलोमीटर दूर अमेरिका में भी ऐसी स्थिति है। विडंबना है कि जहां भारत अमेरिकी बीमा तरीके लागू करना चाहता है, वहीं अमेरिका इसे बदलने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, 'पीएम जनौषधि' जैसे मामलों में भारत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और वह सस्ती कीमतों पर 'जेनेरिक औषधियां' दे रहा है।

लेकिन हैरिस के पास यह विकल्प नहीं है और वे इंसुलिन पर जेब से होने वाले खर्च को 35 डालर प्रति माह तक सीमित करना चाहती हैं। भारत में जिस तरह किसानों को 'प्रत्यक्ष लाभ पेंशन' दी जा रही है, उसकी प्रकार हैरिस बच्चे के जीवन में पहले साल के लिए परिवारों को प्रति बच्चा 6,000 डालर देने का प्रस्ताव कर रही हैं। भारतीय बजट में अनोखे ढंग से प्रयोग की जाने वाली 'प्रत्यक्ष लाभ' या अनेक प्रकार की पेंशनें कमला हैरिस को आकर्षित करती हैं। भोजन, दवा, आवास या बच्चों की देखभाल के हैरिस के वादे 'लोकरंजक' हैं जिनमें कार्पोरेट हितों के मुकाबले उपभोक्ताओं के हित में सरकारी हस्तक्षेप शामिल हैं।

हालांकि, बड़ी कंपनियों का कब्जा है, पर विश्व राजनीति में 'समाजवाद' की प्रत्यक्ष या परोक्ष वापसी हो रही है। कमला हैरिस ने अपने प्रस्तावों से दुनिया भर में हलचल पैदा कर दी है। ऐसे में भारत जैसे देशों को गरीबों, किसानों और कामगार वर्गों के कल्याण की दिशा में ज्यादा सावधानी से कदम उठाने होंगे। कमला हैरिस के प्रस्तावों और राष्ट्रपति बनने की स्थिति में संभावित कदमों को देखते हुए भारत को भी कार्पोरेट हितों पर लगाम लगा कर जनता के हित साधने चाहिए। दुनिया बदल रही है और भारत की 'लोकरंजकता' लोगों को आकर्षित कर रही है।

# वर्तमान में जीना सीखें

> परिस्थिति चाहे जो भी हो, हमें अपने अंदर संतुलन और शांत रहने की आदत डालनी चाहिए।

**रवि वलूरी**
(लेखक आर्ट आफ लिविंग से जुड़े हैं)



जब भारत ने ब्रिटिश शासन से मुक्ति पाई, तो हवा में रोमांस था। यह 1950 का दौर था, जब भारत ने देश को पुनर्जीवित करने के लिए समाजवादी पैटर्न अपनाया, जिसे विरासत में एक गरीब अर्थव्यवस्था मिली थी। तटीय आंध्र के दो होनहार छात्र अपने सपनों को पूरा करने के लिए बारिश से भीगे दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचे। अपने अतीत से जुड़े रहने के लिए, वे अपने राज्य से आने वाले छात्रों को लेने और उन पुराने पलों को फिर से जीने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बार-बार जाते थे। जब बार-बार कहा जाता है, वो अच्छे पुराने दिन! तो हम एक झटके में अपने ब्रह्मांड को संकेत देते हैं कि वर्तमान अनुकूल नहीं है। जैसा कि बुद्ध कहते हैं, मन ही सब कुछ है। आप जो सोचते हैं, वही बन जाते हैं। अगर हम अतीत में जीते हैं, तो हम छूटे हुए अवसरों के बारे में चिंता और गुस्सा करते रहते हैं और वे अतीत के प्रभाव हमारी भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति में बाधा उत्पन्न करते हैं।

अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, ज़्यादा महत्वाकांक्षी छात्र यहीं रह गए और कम उद्यमी छात्र घर लौट गए। दिल्ली में रहने वाला व्यक्ति अपने ज़्यादा मशहूर भाई-बहनों और उनके बच्चों की तरह सिविल सेवक बनना चाहता था। लेकिन नियति ने अपनी योजना बना ली थी।

उसके दोस्त और परिचित इस प्रतिष्ठित नौकरी के लिए योग्य थे, एक ऐसा काम जो उसे नहीं मिला। इसलिए, मन अपने भाई-बहनों, उनके बच्चों और दोस्तों से ईर्ष्या करने लगा और अपने असफल मिशन को अपने बच्चों पर थोपना शुरू कर दिया, जिससे वे बहुत निराश हुए। कोई व्यक्ति %वर्तमान क्षण%



की उस स्थिति तक कैसे पहुंच सकता है? कुछ तकनीकों पर विचार करने से पहले, एक आकर्षक बौद्ध दृष्टांत पढ़ना उपयोगी होगा। एक दोपहर एक बौद्ध भिक्षु घने जंगल में पानी से भरी बाल्टी लेकर जा रहा था। अचानक उसे सरसराहट सुनाई दी। यह एक बाघ था, जो अपने होठों को चटका रहा था और संभावित शिकार को ध्यान से देख रहा था। भिक्षु अपनी जान बचाने के लिए भागा, जबकि बाघ उसका पीछा कर रहा था। भिक्षु एक खाई पर पहुँच गया और उसे दो विकल्प चुनने पड़े, या तो वह खूंखार बाघ द्वारा निगल लिया जाए या चट्टान से कूद जाए। मौत उसके सामने खड़ी थी। साधु उछल पड़ा और सौभाग्य से स्ट्रॉबेरी के पेड़ की एक शाखा से चिपक गया। उसने स्ट्रॉबेरी खा ली - इसे अपना आखिरी भोजन मानते हुए - और उसका भरपूर आनंद लिया। साधु ने ऐसा भोजन कभी नहीं खाया था, क्योंकि वह बिल्कुल वर्तमान क्षण में था। साधना की एक सरल लेकिन गहन तकनीक है सभी क्रियाओं और गतिविधियों का साक्षी होना। हमारे भीतर का अभिनेता भी दर्शक बन जाता है। यही बात अष्टावक्र गीता (राजा जनक - जो स्वयं एक राज ऋषि थे - और ऋषि अष्टावक्र के बीच एक क्लासिक संवाद) के गूढ़ दर्शन में कही गई है।

किसी भी व्यक्ति, गृहस्थ या साधक को शांत रहने के लिए, चाहे परिस्थिति या परिस्थिति कैसी भी हो, संतुष्ट रहने और वर्तमान क्षण में रहने के लिए समता, संतुलन और संतुलन की आदतों को अपनाने की आवश्यकता है। दिल्ली में रहने वाला नायक अपने सपनों को आंशिक रूप से ही पूरा कर सका। उसका बेटा सिविल सेवाओं के लिए अर्हता प्राप्त कर गया, लेकिन अपनी पसंद की सेवा में शामिल नहीं हो सका; यह पहले से ही कुलीन सेवाओं में पहले से ही मौजूद परिवार के सदस्यों द्वारा लगाए गए अत्यधिक दबाव के कारण था।

आखिरकार, बेटा शराबी बन गया। शायद ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पिता और पुत्र दोनों ही ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञ नहीं थे और कृतज्ञता के नियम का पालन नहीं करते थे। इस तरह, जीवन बर्बाद हो गया। इस बीच, घर लौटने वाला दोस्त समय की रेत में अपना रास्ता नहीं खोया। वह एक ट्रेड यूनियन नेता और राजनीतिज्ञ बन गया, जो वर्तमान में जी रहा था। जीवन एक बड़ी सड़क है जिसमें बहुत सारे संकेत हैं। इसलिए, जब आप ऊबड़-खाबड़ रास्तों से गुजर रहे हों, तो अपने दिमाग को जटिल न बनाएं नफरत, शरारत और ईर्ष्या से दूर भागें, बॉब मार्ले ने गाया।

## आप की बात

### मीडिया का दुरुपयोग

**इंटरनेट** और सोशल मीडिया आम आदमी की जीवन का अनिवार्य अंग बन चुका है। एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के लिए सबसे अहम प्लेटफार्म होने के बावजूद इसका दुरुपयोग अपराधों को जन्म देता है। टेलीग्राम के संस्थापक और सीईओ पावेल डुरोव को उनके मैसेजिंग एप से जुड़े कथित अपराधों के चलते पेरिस एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। फ्रांस में नाबालिग बच्चों के खिलाफ हिंसा रोकने वाली सरकारी एजेंसी ने धोखाधड़ी, ड्रग्स तस्करी, साइबर बुलिंग, संगठित अपराध और आतंकवाद को बढ़ावा देने जैसे कई संगीन अपराधों को रोकने में विफल रहने के आरोप में पावेल की गिरफ्तारी की है। रूस-यूक्रेन के साथ ही पूर्वी देशों में टेलीग्राम अन्य प्लेटफार्मों, जैसे फेसबुक, यूट्यूब, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टिकटोक के बीच काफी लोकप्रिय है। लोकप्रियता के बीच इस ऐप का दुरुपयोग निश्चित रूप से बड़ा आपराधिक षड्यंत्र है जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फ्रांस सरकार को तमाम आरोपों की तह तक जांच कर पावेल को उचित दंड देना चाहिए ताकि कोई लोकप्रियता की आड़ में अपराध न कर सके। सोशल मीडिया प्लेटफार्म संचालकों के लिए विश्व स्तर पर कठोर नियम बना कर इनको सभी देशों को लागू करने की व्यवस्था ही समस्या का समाधान हो सकती है।

– **अमृतलाल मारू**, इन्दौर

### बंगाल में बवाल

**चुनावी हिंसा** के बाद अब मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु छात्रा से रेप व मर्डर से उभरा पश्चिम बंगाल में छात्रों का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प व वहां बढ़ती अशांति को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि लगता है कि वहां राष्ट्रपति शासन से ही हालात काबू में आ सकेंगे। बंगाल में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है क्योंकि आखिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हठधर्मी और पक्षपात के चलते कानून-व्यवस्था लगभग समाप्त हो गई है। इन स्थितियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। मुख्य विरोधी दल भाजपा व आंदोलनकारी छात्रों ने ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग तक कर डाली है। राज्यपाल ने भी सरकार की लगातार आलोचना कर हालत सुधारने को कहा है। ममता बनर्जी अपनी सारी समस्याओं और जनान्दोलन का ठीकरा वाम और राम, यानी माकपा और भाजपा पर फोड़ती हैं। लेकिन वे तानाशाही तरीके से अपनी सरकार तथा समर्थकों की गुंडागर्दी व वसूली बनाए रखने के लिए किसी सीमा तक जाने को तैयार हैं। भले ही कांग्रेस और वाम पार्टियां ममता बनर्जी का विरोध करें, पर वे राज्य में राष्ट्रपति शासन जैसी स्थिति में भाजपा-विरोध में ममता के साथ एकजुट हो जांएगी। इससे लगता है कि बंगाल में बवाल जल्द समाप्त नहीं होगा।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### पक्षियों की बिक्री

**नीलकंठ** व तोते समेत अन्य अनुसूचित पक्षियों को कैद में रखना और उनकी खरीद- बिक्री वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें तीन वर्ष के कारावास और जुर्माने की सजा का प्राविधान है। पहले की तुलना में आजकल खुले आकाश में चहचहाती चिड़ियों व कोयलों आदि की आवाज सुनने और देखने में बहुत कम आती है। तितलियां भी अब लुप्तप्राय होने जा रही है। बाजार में मोरपंख और मोरपंख से बनी वस्तुएं भी धड़ल्ले से बिक रही हैं। सख्त कानूनी पाबंदी के बावजूद भी इन्हें पकड़कर बेचने या मार कर खा जाने की गतिविधियां चल रही हैं। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम लागू कराने के लिए समुचित पुलिस न होने के कारण वन्यजीवों व प्रतिबंधित पक्षियों की बिक्री जारी है। यदि ऐसा ही चलाता रहा तो पक्षियों के रूप में हमें मिली प्रकृति की यह रंग बिरंगी सौगातें पूरी तरह नष्ट हो जाएंगी और दुनिया अधिक बदरंग हो जाएगी। इन्हें बचाने के लिए अब आम जनता को आगे आना होगा और ऐसे अवैध व्यापारियों और शिकारियों को पकड़कर पुलिस को सौंपना होगा। जनता को पशु पक्षी और इनके पंखों, आदि से बनी चीजें खरीदने के खिलाफ जागरूकता पैदा करनी चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### मोदी के प्रयास

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा कई मायनों में सफल रही। इस यात्रा से पोलैंड और यूक्रेन के साथ भारत के रिश्तों में नई गर्माहट आई है। युद्धग्रस्त यूक्रेन की यात्रा निश्चित रूप से मोदी के लिए साहस का काम था। मोदी ने यूक्रेन से लौटने के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर बात की है। इस प्रकार वे तीनों विश्व नेताओं के बीच लगातार संवाद कर रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने के लिए प्रयासरत हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की ने नई दिल्ली में यूक्रेन शांति सम्मेलन बुलाने का प्रस्ताव कर निश्चित रूप से भारतीय राजनयिकों व प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों में सराहनीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के इन शांति स्थापना प्रयासों ने उनका कद दुनिया में बहुत बढ़ा दिया है। भारत ने सफल जी20 सम्मेलन से जो दर्जा प्राप्त किया था, मोदी उसे और आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। देश-विदेश के सभी नेताओं को नरेन्द्र मोदी के विश्व शांति के प्रयासों में अपना योगदान देना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# महिला सुरक्षा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता, मिशन शक्ति को प्रभावी ढंग से करें संचालितः योगी

● मुख्यमंत्री ने अलीगढ़ में कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की मंडल स्तरीय समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अलीगढ़



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अलीगढ़ में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और मिशन शक्ति को प्रभावी ढंग से संचालित करें। सीएम योगी ने कहा कि अपराधी से अपराधी की भांति व्यवहार करते हुए जनसामान्य को सुरक्षा प्रदान की जाए। किसी भी स्तर पर गुंडागर्दी बर्दाश्त न की जाएगी, यदि कोई भी कानून के साथ खिलवाड़ करता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सीएम योगी ने कहा कि यदि आपसी समन्वय व सामंजस्य बेहतर होता है तो बहुत सारे कार्य एवं समस्याओं का निस्तारण स्थानीय स्तर पर ही संभव हो जाता है। इसके दृष्टिगत माह में एक बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान ढूंढा जाए। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों, समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि बहुत सारी समस्याएं संवादहीनता से पनपती हैं, जिसे आपसी सामंजस्य एवं संवाद से ही दूर किया जा सकता है। सीएम योगी ने कहा कि जिले का विकास, कानून व्यवस्था एवं जन शिकायत निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले की लंबित परियोजनाओं को शासन स्तर से आहूत होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रखी जाएं, ताकि उनका त्वरित समाधान संभव हो सके। सीएम योगी ने विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया कि शहर में उपयुक्त स्थान पर कन्वेंशन सेंटर विकसित कर जनसामान्य को उसका लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मॉडल के तौर पर होने चाहिए। सीएम योगी ने किसानों को विद्युत, खाद, बीज एवं पानी की उपलब्धता समय से सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। एक जनपद-एक उत्पाद योजना को बढ़ावा देने के लिए ओडीओपी को नई तकनीक और नई डिजाइन देने के साथ ही मार्केट विकसित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना एवं तहसील स्तर पर होने वाले दिवसों को प्रभावी बनाते हुए भूमि संबंधी मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। सीएम योगी ने भूमि संबंधी मामलों के निपटारे के लिए मिशन मोड पर कार्य करने की भी बात कही। समीक्षा बैठक के दौरान सीएम योगी ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने शेष कार्य पूर्ण करने के साथ ही परिसर में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से वृहद पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कुलपति को निर्देशित किया कि भवन तैयार है, वह भवन का हैंडओवर लें।

इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, अलीगढ़ सांसद सतीश कुमार गौतम, हाथरस सांसद अनूप वाल्मीकि, विधायक जयवीर सिंह, रवेंद्र पाल सिंह, अनिल पाराशर, मुक्ता संजीव राजा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# देश के पांच बड़े एयरपोर्ट्स पर 'ब्रांड यूपी' का होगा प्रमोशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने अब यूपी को टूरिज्म के लिहाज से देश के मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के विभिन्न रेलवे स्टेशंस, बस टर्मिनल्स, एयरपोर्ट्स व मेजर फुटफॉल वाले डेस्टिनेशंस पर पहले से ही उत्तर प्रदेश के टूरिस्ट डेस्टिनेशंस को शोकेस किया ही जा रहा है, मगर अब इसे देश के अन्य बड़े एयरपोर्ट्स पर भी शोकेस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार, शुरुआत में अभी देश के 5 बड़े एयरपोर्ट्स पर ब्रांड यूपी के प्रमोशन की तैयारी की गई है जिसे आगे अन्य एयरपोर्ट्स पर भी सुविधा अनुसार बढ़ाया जा सकता है। योजना के अंतर्गत दिल्ली व मुंबई के इंटरनेशनल व डोमेस्टिक टर्मिनल्स के अराइवल व डिपार्चर सेक्शन समेत एयरपोर्ट के विभिन्न चिह्नित क्षेत्रों में बड़े डिस्प्ले बोर्ड्स के माध्यम से ब्रांड यूपी को प्रमोट किया जाएगा। यहां उत्तर प्रदेश के विभिन्न टूरिस्ट डेस्टिनेशंस और उत्तर प्रदेश के टूरिज्म परिदृश्य के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार, कोलकाता, कोयंबटूर व इंदौर के विभिन्न टर्मिनल्स पर भी ब्रांड यूपी के प्रमोशन को तरजीह दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा इस प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए इसे जल्द अमलीजामा पहनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध और विविध संस्कृति के साथ कई आयोजनों और त्योहारों के लिए भी देश व दुनिया में प्रसिद्ध है। ऐसे में, ब्रांडिंग इनीशिएटिव्स के माध्यम से, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जीवंत शहरों, आकर्षणों, प्रकृति, वन्य जीवन, एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशंस, भोजन, विरासत, धर्म और संस्कृति का प्रमोशन कर प्रदेश को भारत में एक पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश में पर्यटन उद्योग का राज्य की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूप से रोजगार सृजन में पर्यटन का योगदान राज्य के लिए अत्यधिक महत्व रखता है। यह प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर्यटन क्षेत्र के महत्व को अच्छे से समझती है और इसी कारण उसने पहले ही पर्यटन को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया है। ऐसे में, सीएम योगी के विजन अनुसार इस क्षेत्र की अनंत संभावनाओं को पहचानकर राज्य को एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बनाने के लिए रणनीतिक और संगठित प्रयास के तौर पर इस पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# हर आवासविहीन परिवारों को मिलेगा पक्का मकानः केशव

## पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु जल्द शुरू किया जाएगा सर्वेक्षण का कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रह जाए ,इस हेतु होने वाले सर्वेक्षण के कार्य को पूरी पारदर्शिता , गम्भीरता व निष्ठा के साथ कराया जाय। पात्रता एवं अपात्रता के मानकों की ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थान पर वाल राइटिंग करायी जाय, जिससे जन सामान्य को इसके सम्बन्ध में जानकारी हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण एक बेहत महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के आवासविहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाती है। कहा है कि पात्र लाभार्थियों के चयन के लिए किये जाने वाले सर्वेक्षण को जितने अच्छे एवं पारदर्शी तरीके से कराया जायेगा, उतना ही योजना के संचालन एवं पात्र लाभार्थियों को सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी ।

उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग श्री जी एस प्रियदर्शी द्वारा सर्वेक्षण से पूर्व, इस हेतु जिला अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में ही निर्देश दिए गए हैं कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर तत्काल बैठक कर पात्रता/अपात्रता तथा चिन्हीकरण के मानक में हुए महत्वपूर्ण बदलाव तथा चयन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा कर रणनीति तैयार की जाय। बैठक के बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रेस ब्रीफिंग करेंगे, जिससे आम जनमानस को इसके बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।निर्देशों में कहा गया है कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचियों द्वारा बैठक आयोजित कर ग्राम वासियों को संशोधित मानक एवं सर्वेक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जाय। इस बैठक को ष्पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठीष् का नाम दिया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन दिन पूर्व बैठक के सम्बन्ध में नोटिस निर्गत किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि बैठक में गाँव के अधिकाधिक लोग प्रतिभाग करें। बैठक की फोटोग्राफी कराकर इसे एलबम के रूप में जनपद स्तर पर संरक्षित किया जाय। खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत की बैठक की प्रतिभागिता हेतु स्वयं को या अपने अधिनस्थ सहायक विकास अधिकारियों को नामित करेंगें।

# ऑपरेशन भेड़िया पर सीएम की नजर, बहराइच पहुंच पीड़ितों से मिले वन मंत्री

● बहराइच के कई गांवों में आमजन से मिले, दिलाया विश्वास- भेड़िया पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम मुस्तैद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बहराइच में ऑपरेशन भेड़िया पर नजर बनाए हुए हैं। उनके निर्देश पर वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना बुधवार को बहराइच पहुंचे। वन मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग बैठक भी की। उन्होंने यहां के कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आमजन की सुरक्षा व भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम मुस्तैदी से जुटी है। वन विभाग सुरक्षा के लिए ड्रोन मैपिंग कर रहा है। साथ ही थर्मल ड्रोन से भी भेड़ियों को पकड़ने के लिए निगरानी जारी है। वहीं बीते दिनों चार मृतकों के आश्रितों को जिला प्रशासन की तरफ से पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि पहले ही दी जा चुकी है। शेष के परिजनों को जल्द ही राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बहराइच पहुंचे वन मंत्री उन गांवों में भी पहुंचे, जहां भेड़ियों ने आमजन पर हमला किया है। वन मंत्री ने पीड़ित परिवारों संग ग्रामीणों से भी बातचीत की।

उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान को लेकर विभाग सजग है। तीन बचे भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम हरसंभव कोशिश कर रही है। वन मंत्री ने आमजन से अपील की कि किसी भी हाल में रात में बाहर न सोएं। बच्चों को साथ रखें। दरवाजे खुला न छोड़िए। लॉक करके रखें, जब तक भेड़िया न पकड़ा जाए, लाठी आदि लेकर झुंड में निकलें। वन मंत्री के साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव आदि भी मौके पर मौजूद रहे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव संजय श्रीवास्तव ने बताया कि भेड़ियों को पकड़ने के लिए 16 टीमें तैनात की गई हैं। यहां जिला स्तर के 12 अधिकारी भी कैंप कर रहे हैं। भेड़िया पकड़े जाने तक अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह यहां कैंप करती रहेंगी।

## योगी सरकार के कार्यकाल में हो रहा कुशीनगर का कायाकल्प

**लखनऊ।** सरकार चाह ले तो कुछ भी संभव है। किसी जिले या क्षेत्र का कायाकल्प भी। कुशीनगर जिला इसका प्रमाण है। बिहार से सटे पूर्वांचल का यह जिला कभी बेहद पिछड़ा होता था। किसी समय यहां आयोडीन की कमी के कारण अधिकांश लोगों को घेंघा रोग हुआ करता था। चार दशकों में इंसेफेलाइटिस के कहर से जिन हजारों बच्चों की मौत हुई या इसके असर से जो शारीरिक और मानसिक रूप से जो विकलांग हुए उनमें सर्वाधिक संख्या कुशीनगर जिले के लोगों की थी। नारायणी और गंडक हर साल बाढ़ के सीजन में कहर ढाती थीं। जंगल गिरोह के डाकुओं का आतंक अलग से। गरीबी इतनी कि इस जिले के कुछ लोग अपनी भूख मिटाने के लिए मूस (चूहा) खाते थे। इनका कोटे का अनाज राशन माफिया डकार जाते थे। मूस खाने के कारण इनको मुसहर कहा जाता था। पर कुशीनगर को भयाक्रांत करने वाले ये कारण बीते जमाने की बात हो गए हैं। योगी सरकार के प्रयास से इंसेफेलाइटिस और इससे होने वाली मौतें लगभग खत्म हो चुकी हैं। जिले को बाढ़ से बचाने के लिए योगी सरकार के कार्यकाल में सात वर्षों में बाढ़ बचाव पर 600 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं।

# भाजपा समाजवादी सरकार के विकास कार्यों पर पानी फेरने में लगी हैः अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा समाजवादी सरकार के विकास कार्यों पर पानी फेरने में लगी है। भाजपा ने सरकार में रहते हुए उत्तर प्रदेश में तो कोई विकास किया नहीं, दूसरे के कामों पर दावा ठोंकने में उसे कोई शर्म नहीं आती है। अब जनता ने इस भाजपा सरकार के जाने का समय तय कर लिया है। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता की तकलीफों से कोई लेना देना नहीं है। वर्षा में तमाम गरीबों के मकान ढह गए। बाढ़ से किसानों की फसलों को जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई नहीं की जा रही है। यादव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व लोकतंत्र के साथ छल कर रहा है। झूठ और लूट उसका एजेंडा है। महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। बेरोजगारी से श्रम शक्ति पलायन को मजबूर है। नौजवानों का भविष्य अंधकारमय है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। बहू-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। दवा-इलाज के बिना मरीज दम तोड़ रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा झूठ और छल से जीती है।

समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता साथियों को उत्तर प्रदेश में सतर्क और जागरूक रहना है। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले 10 विधानसभा उपचुनाव में भाजपा का सफाया होगा। यादव ने कहा कि 2022 के चुनाव में भी भाजपा ने सश्रा के दुरूपयोग से सरकार बनाई थी। जबकि जनता ने समाजवादी पार्टी और गठबंधन को जिताने का काम किया था।

## बहन-बेटियों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया यूपीः अजय राय

**लखनऊ।** फर्रुखाबाद के कोतवाली कायमगंज के गांव भगौतीपुर में दो दिनों पूर्व एक ही दुपट्टे से 2 युवतियों के शव लटकते मिलने की घटना पर दुख प्रकट करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बहन-बेटियों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया। आए दिन महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराध हो रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले आगरा में दलित युवती के साथ बलात्कार के बाद हत्या, हमीरपुर में दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, झांसी में नाबालिग बच्ची के साथ चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म, बरेली में महिला का सिर काट कर निर्मम हत्या, मेरठ में 2 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या सच तो ये है कि उ0प्र0 अब जुर्म प्रदेश बन गया है। महिलाओं के लिए स्थितियां भयावह हो गई हैं। अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और बहन बेटियां घरों की चारदीवारी में सहमी सी बैठी हैं। राय ने कहा कि योगी जी सिर्फ धार्मिक विद्वेष फैलाना जानते हैं, नफरत बोते हैं, काटते हैं, बिछाते हैं, मगर जब बात लॉ एण्ड आर्डर की आती है तो मौन साध लेते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक पूरे भारत में महिलाओं के खिलाफ हाने वाले अपराधों में 114 अकेले उप्र में होते हैं।

# 30 व 31 अगस्त को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए किए जाएं बेहतर प्रबंधः मुख्य सचिव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह ने समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए आरक्षी भर्ती की गत 3 दिनों में 6 पालियों में आयोजित लिखित परीक्षा अच्छी तरह से प्रबंधित और घटनामुक्त रही है। इसी तरह आगामी 30 व 31 अगस्त, 2024 को आयोजित होने वाली परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, पारदर्शी व घटनामुक्त संपन्न कराया जाये। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाये। परीक्षा के दौरान व पहले पूरी सतर्कता बरती जाये और अधिकारियों की मोबिलिटी बनायी रखी जाये।

उन्होंने ट्रेजरी की सुरक्षा पर विशेष बल देते हुये कहा कि ट्रैजरी कक्ष के अंदर और बाहर सभी कैमरे 24 गुणे 7 क्रियाशील और विधिवत प्रकाश की व्यवस्था अनिवार्य रूप रहे। सभी ट्रैजरी कक्ष की 24 गुणे 7 सीसीटीवी निगरानी पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा की जा रही है। कैमरे किसी भी समय बंद न हो इसके लिये जनरेटर अथवा इनवर्टर की व्यवस्था रहे। प्रश्नपत्रों की निकासी के समय जिलाधिकारी उपस्थित रहें, ताकि वही सेट निकले जो भर्ती बोर्ड द्वारा बताया गया है। मुख्य सचिव ने कहा चिकित्सा संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों का फुटफॉल के आधार पर सिक्योरिटी ऑडिट कराया जाये और यह सुनिश्चित कराया जाये कि सभी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील हो और परिसर में प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। बड़ें संस्थानों में किसी भी कोने में अंधेरा न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस और चिकित्सा संस्थान के मध्य बेहतर समन्वय होना चाहिये। किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में स्ट्रेचर व व्हीलचेयर्स की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिये। पुलिस महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि शासन द्वारा भर्ती परीक्षा को फुल प्रूफ एवं लीक प्रूफ कराने का निर्णय लिया गया है, इसमें सभी को सहभागिता करनी है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि पुलिस भर्ती के बारे में जारी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

## सदस्यता अभियान में पार्टी कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचेंगेः नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश की सदस्यता अभियान की कार्यशाला मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को सहकारिता भवन में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी द्वारा 2 सितंबर से शुरू किए जा रहे सदस्यता अभियान में पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में जन जन तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता पार्टी संगठन के विस्तार का एक बड़ा अवसर है। जिसमें हम सभी कार्यकर्ताओ को लक्ष्य तय करके सदस्यता के अभियान में जुटना होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाते हुए हमें पूरे प्रदेश में हर वर्ग और हर घर तक पहुंच कर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार कर जन जन को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाने का काम करना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सशक्त भाजपा, विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए विश्व में सर्वाधिक सदस्य संख्या वाली हमारी पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम करते हुए भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओ का आह्वान किया कि वे पार्टी द्वारा बनायी गयी योजना पर कार्य करते हुए सदस्यता अभियान में अपनी भूमिका का निवर्हन करें। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने सदस्यता अभियान में पिछडा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता की भूमिका को विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मोर्चे को पार्टी द्वारा 10 लाख सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य दिया है।

# अंधेरे में जंगली जानवरों से मिलेगी सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंधेरे** में जंगली जानवरों से ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार ने नई पहल की है। मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं सीएम योगी के आह्वान पर निजी क्षेत्र की कंपनियां भी प्रदेश सरकार के सहयोग के लिए आगे आई हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार और भारत केयर्स के बीच एमओयू हुआ है, जिसके तहत भारत केयर्स एनजीओ अपने सीएसआर फंड से दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ व रानीपुर टाइगर रिजर्व के आसपास के संवेदनशील गांवों में स्ट्रीट लाइट लगा रहा है। यह स्ट्रीट लाइट सिग्निफाई की तरफ से उपलब्ध कराई गई है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के समीप अतिसंवेदनशील गांवों में लाइट लगाने का कार्य शुरू हो गया है। शेष स्थानों पर मार्किंग व सर्वे का कार्य चल रहा है। योगी सरकार का यह कदम रात में गांवों में प्रवेश करने वाले जंगली जानवरों से संघर्ष को रोकने और सुरक्षा में काफी कारगर साबित होगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के समीप मानव वन्य जीव संघर्ष को लेकर अतिसंवेदनशील गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं। टाइगर, तेंदुआ जैसे कई जानवरों के खतरों को भांपते हुए यह लाइट्स लगाई जा रही हैं। पीलीभीत के डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि भारत केयर्स के सीएसआर फंड से 12 अगस्त से यह कार्य प्रारंभ हुआ है। 50 गांवों के समीप 200 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा चुकी हैं। यहां गांवों में 750 से अधिक लाइट्स लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। मनीष सिंह के मुताबिक पंडरी, भैरों, गोयल कॉलोनी, माला कॉलोनी, जमुनिया, मंदारी आदि गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। अब तक मंदारी में 16 से अधिक लाइट लगाई जा चुकी है। शेष स्थानों पर भी लाइट लगाने का कार्य तेजी से पूरा होगा। दुधवा टाइगर रिजर्व के समीप 60 से अधिक गांवों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। अपर मुख्य वन संरक्षक ललित कुमार वर्मा ने बताया कि कंपनी की तरफ से सोलर लाइट लगाने का निर्णय लिया गया है।

# 'दद्दा' की स्मृतियों को संजो रही योगी सरकार

● झांसी में कराया गया हीरोज ग्राउंड का अपग्रेडेशन, स्मार्ट सिटी के माध्यम से निर्मित कराया मेजर ध्यानचंद म्यूजियम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ झांसी

## मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम से बन रहा पहला खेल विश्वविद्यालय



**योगी** सरकार प्रदेश की विरासत को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद से जुड़ी स्मृतियों को भी संजोने का काम किया है। सीएम योगी ने अपने सात साल के कार्यकाल में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में झांसी में दद्दा की स्मृतियों से जुड़े 'हीरोज ग्राउंड' को झांसी विकास प्राधिकरण ने उच्चीकृत करते हुए यहां सुविधाओं का विस्तार किया है और इसको नया लुक देने का काम किया। वहीं, झांसी स्मार्ट सिटी ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क में ध्यानचंद म्यूजियम का निर्माण कर यहां दद्दा के जीवन की यादगार कहानियों को अनूठे अंदाज में प्रदर्शित किया है। विगत वर्ष सीएम योगी ने स्वयं इसका लोकार्पण किया था। इसके अलावा, योगी सरकार मेरठ में दद्दा के नाम पर प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का भी निर्माण करा रही है, जो महान खेल विभूति 'दद्दा' को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेजर ध्यानचंद के आवास के निकट स्थित हीरोज ग्राउंड दद्दा के खेल जीवन के शुरुआती दिनों से जुड़ा रहा है और इस ग्राउंड पर उन्होंने खुद अभ्यास करने के साथ ही बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिया। इसी ग्राउंड के एक हिस्से में दद्दा की समाधि स्थित है। झांसी विकास प्राधिकरण ने इस ग्राउंड के चारों ओर बाउंड्री वाल, लाइटिंग, ट्रैक निर्माण और घास लगवाने का काम किया। इसके एक हिस्से में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में संग्रहालय का निर्माण कराया गया है। ग्राउंड की दीवारों पर मेजर ध्यानचंद से जुड़ी आकर्षक पेंटिंग्स बनाई गई हैं। मेजर ध्यानचंद के प्रशंसक झांसी में इस ग्राउंड का अवलोकन करने जरूर आते हैं।

झांसी स्मार्ट सिटी ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क में मेजर ध्यानचंद म्यूजियम का निर्माण कराया है, जिसका लोकार्पण 29 अगस्त, 2023 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। मेजर ध्यानचंद संग्रहालय विश्व का दूसरा और एशिया का पहला हॉकी संग्रहालय है, जो मेजर ध्यानचंद को समर्पित है। इस संग्रहालय में मेजर ध्यानचंद के द्वारा जीते गए ओलंपिक पदकों के साथ ही हॉकी से जुड़ी उनकी निजी वस्तुओं को भी प्रदर्शित किया गया है। इसमें डिजिटल डिस्प्ले की मदद से मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व और खेल जीवन को प्रदर्शित किया गया है। मॉडर्न टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के कारण यह संग्रहालय झांसी में पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश और दुनिया के हॉकी फैंस यहां मेजर ध्यानचंद को जानने के लिए यहां आते हैं। इसी संग्रहालय के पास सीएम योगी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का भी अनावरण किया था। उत्तर प्रदेश सरकार हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण करा रही है। यहां खिलाड़ियों को सभी प्रकार के खेलों की सुविधा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# अपराधी से पुलिस की मुठभेड़, गिरफ्तार

● तमंचा, कारतूस समेत चोरी के उपकरण भी बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

**बिंदकी** कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर खजुहा नहर पुलिया के पास श्मशान घाट के सामने ग्राम जिगनी जाने वाले मार्ग पर एक शातिर अपराधी को घेर लिया। पुलिस टीम से घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी बिंदकी लाया गया। पकड़ा गया शातिर अपराधी व चोर है। जिसके ऊपर आधा दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि बुधवार की भोर तीन बजे बिंदकी कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम खजुहा नहर पुलिया बहद ग्राम बिन्दकी के पास चेंकिग में मामूर थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मु0अ0स0 228/2024 धारा 305/331(4) बीएनएसएस से संबंधित अभियुक्त पुनः कही चोरी करने के फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम नहर पुलिया की तरफ बढ़ी और देखा कि अभियुक्त श्मसान घाट के सामने बने टीन शेड में बैठा था। पुलिस बल को अपनी तरफ आता हुआ देख खजुहा नहर पुलिया से दक्षिण दिशा की तरफभागने लगा। अपने आपको घिरता देख जान से मारने की नियत से पुलिस की तरफ फायरिंग करने लगा। पुलिस की जबावी फायरिंग में अभियुक्त गोपाल उर्फइंदल पुत्र सुखनंदन निवासी मो0 मीरखपुर कस्बा व थाना बिन्दकी घायल हो गया। जिसको पुलिस ने हिरासत में लेकर उपचार हेतु सीएचसी बिंदकी पहुंचाया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, चोरी के उपकरण में एक लोहे का सब्बल व 730 रूपए भी बरामद किए हैं। एएसपी ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म का चोर है। जिसके बिरुद्ध करीब आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है। इसकी गिरफ्तारी से अपराध व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में बिंदकी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक सत्यदेव सिंह, नीरज कुशवाहा, प्रवीण दुबे, कांस्टेबल दीपक वर्मा, विशाल सिंह, मनीष कुमार सिंह, विपिन चौधरी के अलावा एसओजी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव, उपनिरीक्षक सुरेश सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह, शैलेन्द्र कुशवाहा, कांस्टेबल विपिन मिश्रा, अतुल त्रिपाठी, अभिमन्यु, राहुल व बृजेश शामिल रहे।

# मिट्टी में दफन शव को खुदवा कर भिजवाया पोस्टमार्टम के लिये

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम रीवन में दो माह पूर्व संदिग्ध हालत में हुई बालिका की मौत के बाद मृतका की मां ने अपनी पुत्री की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए आरोपियों के खिलाफकार्यवाही की मांग की थी। कोई कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने जिलाधिकारी से शिकायत की जिस पर बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतका का शव कोतवाली पुलिस ने कब्र से निकलवा कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। यह घटना गांव समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम रीवन निवासी सपना (11) पुत्री विश्राम अनुरागी का शव एक जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर में लटकता हुआ मिला था जिस पर उसकी मां ने अपने परिजनों व पड़ोसियों की मदद से पुलिस को बगैर बताएं सपना के शव का अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया था लेकिन एक माह बाद मृतका सपना की मां उर्मिला ने कोतवाली पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर अपनी पुत्री की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए गांव के ही प्रधान प्रतिनिधि व मृतका के चाचा चाची समेत अन्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी परन्तु पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कदम ना उठाने पर आहत उर्मिला ने डीएम को एक शिकायती पत्र देकर गोल चबूतरे पर अनशन शुरू कर दिया था जिस पर जिलाधिकारी ने मृतका सपना के शव को कब्र से निकलवा कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज मृत्यु का करण स्पष्ट होने का आदेश किया था जिस पर बुधवार को तहसीलदार मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में कोतवाली पुलिस प्रभारी राम आसरे सरोज ने गांव के कब्रिस्तान से सपना की कब्र को खुदवा कर उसका शव निकलवा उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होने पर उचित कार्यवाही की जाएगी वही प्रधान प्रतिनिधि शिव प्रकाश ने अपने ऊपर लगाए गये आरोपों को बेबुनियाद व निराधार बताया है।

# निवेश मित्र पोर्टल के आवेदनों का समय से करें निस्तारणः जिलाधिकारी

● औद्योगिक इकाईयों के श्रमिकों के लिए डिस्पेंसरी का करवाएं निर्माण

● जिलास्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता। फतेहपुर

**जिलास्तरीय** उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय से संबंधित विभाग करें। आवेदन डिफाल्टर श्रेणी में नहीं आने पाए। डीएम ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद के उद्योग लगाने के लिए प्राप्त आवेदनों को नियमानुसार कार्यवाही कर ऋण मुहैया कराया जाए।

उद्यमियों द्वारा उठाई गई शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ एवं सकारात्मक सहयोग के साथ नियमानुसार हल कराएं। औद्योगिक ईकाइयों के श्रमिकों के लिए डिस्पेंसरी का संचालन कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ग्राम कोराई में जमीन प्रस्तवित की गई है। इसके लिए शासन स्तर पर पत्राचार करते हुए एवं नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए डिस्पेंसरी का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक यूपीआईटीएएस मेला व प्रदर्शनी में जनपद के उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग करने के लिए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उद्यमियों से समन्वय बनाते हुए प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

आईजीएल लिमिटेड अपनी लाइन बिछाने के दौरान मे. ब्रजबिहारी पल्प एंड पेपर लि. के दो केबल क्षतिग्रस्त हो गए थे उसको रिपेयर करने के निर्देश आईजीएल लिमिटेड के पदाधिकारी को दिए। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, एडीएम (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग, अधीक्षण अभियंता विद्युत, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, एनएचआई के पदाधिकारी सहित अधिकारीगण एवं उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

# टेबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिले



● शहीद वीरेन्द्र सिंह सिरोही इंजी. कालेज ऑफटेक्नोलाजी में वितरित किये गये टेबलेट

**कानपुर देहात।** बुधवार को पालीटेक्निक संस्थान शहीद वीरेन्द्र सिंह सिरोही इंजी. ऑफटेक्नोलाजी में शासन द्वारा प्राप्त टेबलेट का वितरण कार्यक्रम संस्था के चैयरमैन डा. सीपी गुप्ता एवॅ संस्था के प्रबन्धक सोहन सिंह यादव एवॅ समाजसेवी शशॉक यादव द्वारा किया गया। सॅस्था के प्रधानाचार्य इंजी. सीपी सिंह की उपस्थिति में 54 टेबलेटों का वितरण किया गया। सॅस्थान में द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को टेबलेट का वितरण किया गया। छात्रों को जैसे ही टेबलेट प्राप्त हुआ उनका चेहरे खुशी से झूम उठा, छात्रों को अपने उज्जवल भविष्य के लिये अब तकनीकी ज्ञान प्राप्त हो सकेगा। छात्रों ने संस्थान व प्रदेश सरकार को टेबलेट देने पर आभार जताया, इस दौरान छात्रों में सीमा नेहा, अर्पित, शबनम, रोहित अॅकित, दुष्यन्त आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह के कुख्यात बदमाश नौ मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने अंतर्जनपदीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के तीन कुख्यात बदमाशों को नौ मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की नवाबगंज पुलिस ने आज बताया कि जिले के थाना नवाबगंज के ग्राम डबौआ निवासी सूरज की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चुराए जाने की सूचना 26 अगस्त को थाना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस मोटरसाइकिल के लिए सक्रिय हुई। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र पटेल तथा सर्विलास प्रभारी उपनिरीक्षक विशेष कुमार ने अपने दल बल के साथ थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद नवाबगंज मार्ग पर दुनाया मोड के समीप कल मंगलवार रात्रि करीब 20.50 बजे, चोरी की मोटर साइ किलों को बिक्री के लिए ले जा रहे, अंतर्जनपदीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के तीन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया। अंतर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के पकड़े गए इन कुख्यात बदमाशों में मैनपुरी जिले के वेवर थाना के ग्राम मल्ला मऊ का निवासी जीतू व कानपुर देहात के थाना रनिया के चौराहा वियासत पुर का निवासी अंकित उर्फ यश द्विवेदी तथा फर्रुखाबाद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर का निवासी विशाल को विभिन्न स्थानों से चोरी की गई।




नौ मोटरसाइकिलों के साथ घर दवोचा गया पुलिस को इन पकड़े गए कुख्यात मोटरसाइकिलचोर बदमाशों ने बताया कि वह विभिन्न स्थानों से मोटर साइकिलो को चोरी करके उन्हें सस्ते दामों पर बेचने का काम करते चले आ रहे थे। इन चोर बदमाशो में विशाल पर विभिन्न धाराओं के चार मुकदमे व अंकित उर्फयश द्विवेदी पर चार मुकदमे तथा बदमाश जीतू पर तीन मुकदमे कायम है। पुलिस ने आज बुधवार को इन पकड़े गए तीनों मोटरसाइकिल चोरों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की।

## कच्चा घर ढहने से मलबे में दबकर अधेड़ की मौत

**बहुआ, फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के महाखेड़ा गांव में खाना खा कर आराम करते समय कच्चा घर ढहने से मलबे में दबकर एक अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवारीजनों में कोहराम मचा हुआ है। महाखेड़ा गांव निवासी रविशंकर शर्मा पुत्र छेदीलाल शर्मा (48) बगल के घर में मजदूरी कर रहा था। वह घर खाना खाने आया। खाना खाकर आराम करने लगा। तभी अचानक से उसका छप्पर भरभरा कर गिर गया, जिसके मलबे में वह दब गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। परिवार को मलबे में दबा देख सभी ने मिलकर उसे व उसके परिजनों को आनन-फानन में बाहर निकाला। घायलों की हालत देख ग्रामीण सभी को इलाज के लिए ले जा रहे थे। तभी रास्ते में भवन स्वामी रविशंकर की मौत हो गई। रविशंकर की मौत की जानकारी होते ही मृतक की पत्नी विष्णु देवी, पुत्री दिव्यांशी 14 वर्ष, पुत्र उत्कर्ष 12 वर्ष की चीत्कार गूंजने लगी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### कारीगरों को निःशुल्क पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन पाने का मौका

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश अग्निहोत्री ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कामगारों को उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालयए कानपुर देहात द्वारा वित्तीय वर्ष 2024.25 में जनपद में 10 अदद् पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण पॉपकॉर्न बनाने वाले भुर्जी समाज के कारीगर/ इस उद्योग में रूचि रखने वाले वाले कारीगरों को किया जाना है। लाभार्थियों का चयन, निर्धारित चयन समिति के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक लाभार्थी ऑन.लाइन पोर्टल/वेबसाइट पर जाकर ऑन.लाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन सेलेक्ट कर अपना आवेदन पंजीकरण करते हुए पंजीकृत आवेदन की प्रति किसी भी कार्यदिवस में 15.09.2024 तक कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, चिटिकपुर, रनियाँ, कानपुर देहात में जमा करा सकते है। उपरोक्त योजनाओं में आवेदन हेतु पात्रता निम्नवत होगी. आवेदक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष तक होनी चाहिए।

### इच्छुक हज आवेदक करें ऑनलाइन आवेदन

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशन व डीएम के मार्गदर्शन में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने सूचित किया है कि हज कमेटी ऑफइण्डिया मुम्बई द्वारा हज गाइडलाइंस 2025 में आंशिक संशोधन करते हुए 65 हज यात्री के साथ एक सहयोगी जिसकी आयु 65 वर्ष से कम मान्य होगी परन्तु सहयोगी के रूप में केवल पति/पत्नी लड़का/लड़की व भाई बहन पात्र होंगे। अन्य सम्बन्धों में सहयोगी के रूप में 18 से 60 वर्ष की आयु मान्य होगी। उपरोक्त के अतिरिक्त हज गाइडलाइंस 2025 के बिन्दु.6 में आंशिक संशोधन करते हुए अवगत कराया गया है कि सभी चयनित हज यात्रियों को कुर्रा अथवा चयन के एक सप्ताह के भीतर हज आवेदन फार्म की डाउनलोडेड प्रति, अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट के प्रथम व अन्तिम पृष्ठ की स्वहस्ताक्षरित फोटोप्रति व पासपोर्ट घोषणा पत्र जिसका प्रोफार्मा संलग्न है, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, घोषणा पत्र एण्ड अण्डरटेकिंग व अग्रिम धनराशि की पे.इन.स्लिप, उ0प्र0 राज्य हज समिति में डाक अथवा दस्ती जमा कराना होगा। हज.2025 के ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 09 सितम्बरए 2024 है, सभी इच्छुक हज आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वह वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र शीघ्र कर दें व अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें।

### चोरों ने दुकान का शटर काटकर नकदी की चोरी

**फर्रुखाबाद।** रात चोरों नें दुकान का शटर काटकर हजारों की नकदी चोरी कर ली। जानकारी होनें पर पुलिस नें मौके पर आकर जांच पढ़ताल की। शहर कोतवाली के रस्तोगी मोहल्ला निवासी नितिन पुत्र हरिओम रस्तोगी की रेलवे रोड़ पर बच्चो के सामान की दुकान है। नितिन नें बताया कि वह बीती रात लगभग 10 बजे दुकान बंदकर घर चला गया था। सुबह उन्हें शटर कटा होनें की जानकारी हुई। जब आकर देखा तो पता चला की चोरों नें नितिन की दुकान में लगे मीटर से कटिया डालकर बिजली ली और कटर की सहायता से शटर को काट दिया। जिसके बाद प्रवेश द्वार पर लगे शीशे को भी तोड़ दिया। चोरों नें बीती रात 2.40 से 2.50 के मध्य घटना को अंजाम दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस नें मौके पर आकर जाँच की। नितिन नें बताया की चोर गुल्लक में रखें 10 हजार रूपये चोरी कर लिये। घटना का सीसी टीवी मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी है। पल्ला चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार नें बताया कि चोरी जाँच की जा रही है।

### दबंग युवक रंगदारी मांगने वाला तमंचा सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** मऊदरवाजा थाना पुलिस ने तमंचे की नोक पर रंगदारी मांगने वाले दबंग विक्की को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया है। थाना मऊदरवाजा के ग्राम नूरपुर निवासी सुरेंद्र कुमार के दबंग पुत्र ध्रुव कुमार उर्फ विक्की ने बीते दिनों गांव के रवेंद्र कुमार को रुपए देने के लिए धमकाया था। विक्की ने सिर पर अवैध तमंचा रखकर दबगंई करते हुये रंगदारी में 5 हजार रुपयों की माँग की। रुपए न दिए जाने पर जानमाल की धमकी दी थी। ध्रुव कुमार उर्फ विक्की को देशी अवैध तमंचा 315 बोर व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### प्लाट पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत

**फतेहपुर।** प्लाट पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत एक महिला ने जिलाधिकारी से करते हुए कब्जा मुक्त कराते हुए दबंगों के खिलाफकार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। डीएम को दिए गए पत्र में कुन्ती देवी पत्नी स्व. राम आसरे निवासी आबूनगर मस्जिद के पीछे थाना कोतवाली सदर ने बताया कि उसने सन 1992 में रामखेलावन पुत्र भिक्खू निवासी आबूनगर से पच्चीस बाई पचास का प्लाट तांबेश्वर मंदिर के पीछे जेल रोड के पास खरीदा था। नींव भी डलवा दी थी। पूरे दस्तावेज भी उसके पास मौजूद हैं। अब वह प्लाट पर मकान बनवाना चाहती है तो नरेश पाल पुत्र स्व. रामखेलावन निवासी मंडप गेस्ट हाउस के पास जबरन प्लाट पर कब्जा कर रहा है।

## लापता हुए युवक की गुमशुदगी हुई दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** घर से गया युवक जब काफी समय तक वापस नहीं आया तो परिजनों द्वारा युवक की काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग न लगने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला रामगंज निवासी अमन वर्मा पुत्र राजेंद्र वर्मा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में कहा गया है कि रविवार की शाम 07 बजे उसका 21 वर्षीय भाई गौरव वर्मा काली शर्ट एवं जींस पहन कर घर से गया था जो की काफी समय तक घर वापस नहीं आया। उसने पास-पडास सहित रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।



लापता हुये युवक का फाईल फोटो।

# रोहिणी नक्षत्र में मेघ मेहरबान शहर से गांव तक बरसा पानी

● मंगलवार की देरशाम से शुरू हुई रिमझिम बारिश बुधवार तक रही जारी

● कई दिनों की रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**फतेहपुर।** सोमवार को रोहिणी नक्षत्र लगने के बाद मंगलवार को आखिरकार मेघा मेहरबान हुए और शहर से गांव तक बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से निजात मिल गई। बुधवार को दिनभर मौसम खुशनुमा बना रहा। शाम को चारों तरफ चहल-पहल नजर आई। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के साथ ही रोहिणी नक्षत्र की शुरुआत हुई। कहा जाता है कि इस नक्षत्र के लगने के बाद भारी बारिश होती है। हालांकि सोमवार को बादल रूठे रहे। मंगलवार की देर शाम अचानक मौसम के रुख में बदलाव हुआ। हवा चलने के साथ ही आसमान में बादल छा गए। सुबह लोगों की नींद खुली तो बादलों ने आसमान को ढक रखा था। सूर्यदेव ने बाहर निकलने के लिए काफी मशक्कत की, लेकिन बादलों से पार नहीं पा सके। दिन चढ़ने के साथ ही आसमान में बादलों का घेरा बढ़ता चला गया। सुबह साढ़े दस बजे के बाद शहर समेत आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी शुरु हो गई। घंटे भर तक बूंदाबांदी होती रही। इसके बाद कहीं कहीं तेज बारिश शुरु हो गई। शहर में रात भर रिमझिम बारिश हुई। जगह-जगह जलजमाव हो गया। लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई जगहों पर जलभराव के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# खोये हुये मोबाईल पर खुशी से चहके मोबाइल स्वामी

● सर्विलान्स सेल/साइबर क्राइम थाना द्वारा खोए हुए 71 मोबाइल बरामद किये

संवाददाता। कन्नौज

**जनपद** के समस्त थाना क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर गुम हुये मोबाइल फोन की सूचना पुलिस कार्यालय को उपलब्ध कराई जा रही थी। जिनकी बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्विलांस सेल/साइबर क्राइम थाना को निर्देशित किया गया था। आदेश के अनुपालन में सयुंक्त टीमों द्वारा अथक प्रयास करते हुये 71 अदद मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रूपये है को बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा जनपद में खोए हुए 71 मोबाइलों को संबंधित मोबाइल धारकों को सौंपा गया। मोबाइल धारकों द्वारा अपना मोबाइल वापस पाकर प्रसन्नता



खोये हुये मोबाईलों के स्वामियों को सौंपते एसपी।

जाहिर करते हुए पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हे अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा। किन्तु पुलिस द्वारा किये सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है। इस दौरान एसपी ने मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइल शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया सीईआईआर (सेन्ट्रल इक्यूपमेंट आईडेन्टिटी रेजिस्टर) पोर्टल के विषय में बताया कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित इस पोर्टल के माध्यम से आप अपना मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम यूपी कॉपैप के माध्यम से/संबंधित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है।

इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ सीआईआर पोर्टल की वेबसाइट (डबलयू डबलयू डबलयू सीआईआर.गोव.इन) पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है। बताया कि इस वर्ष में जनवरी से अब तक सर्विलान्स सेल/साइबर क्राइम थाना कन्नौज द्वारा खोए हुए 311 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 54 लाख रूपये) बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किये जा चुके हैं। बरामद करनें बाली टीम प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र, मुख्य आरक्षी रामऔतार, आरक्षी सहदेव सिंह, आरक्षी ज्ञानेन्द्र सिंह, महिला आरक्षी रंजना कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# हत्याहरण मेले में वन विभाग ने की तस्करों पर कार्रवाई

● आधा दर्जन को भेजा जेल वन्य जीव कराए मुक्त

**संडीला (हरदोई)।** कोथावां में चल रहे हत्याहरण मेले में वन विभागकर्मियों ने छापा मारकर वन्य जीव तस्करों से बड़ी संख्या में तोते तथा अन्य जीव मुक्त कराए। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार कछौना वन रेंज के क्षेत्राधिकारी विनय सिंह को सूचना मिली कि हत्याहरण मेले में बड़ी संख्या में वन्य जीव जंतुओं को तस्करों द्वारा बेचा जा रहा है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मेले में छापामारी की। वन विभाग की टीम के हाथ को सीतापुर जनपद के निवासी मान सिंह, राजपाल, हरजीत, सुरेन्द्र तथा दीपक एवं हरदोई निवासी अनिल कुमार बड़ी संख्या में वन्य जीवों के साथ मिले। वन विभाग के अनुसार तस्करों के पास से 150 तोते, 20 अन्य पक्षी तथा 2 कछुए बरामद



वनकर्मी पक्षियों को मुक्त करते हुए

हुए। यह कछुए भारतीय फ्लैप शेल प्रजाति के हैं जबकि तोते गुलाब चक्राकार प्रजाति के। सभी वन्य जीव तस्करों के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की आधा दर्जन धाराओं के अंतर्गत एफ़आईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है। वन विभाग की कार्रवाई से वन्य जीव तस्करों में भय फ़ैल गया है।

## महिला पुलिसकर्मी की मौत तीन घायल, एक गंभीर

**संडीला (हरदोई)।** मंगलवार की रात हरदोई से लौट रहे पुलिसकर्मियों की जीप अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गयी, जिसके कारण एक महिला कॉन्स्टेबिल की मौत हो गयी जबकि तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए जिनमें से एक की दशा गंभीर है। थाना कासिमपुर में तैनात एसआई प्रवीर सिंह, 22 वर्षीय कॉन्स्टेबिल शुभम राठौर, 25 वर्षीय कॉन्स्टेबिल मनोज कुमार और 35 वर्षीय महिला पुलिसकर्मी शशी सिंह पुलिस चौकी गौसगंज से हरदोई किसी मामले में पैरवी के लिए गए थे। देर रात संडीला मल्लावां मार्ग पर गौसगंज के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पुलिसकर्मियों की जीप अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गयी, जिससे उसपर सवार चारों पुलिसकर्मी डूब गए। आसपास के लोगों ने प्रयास करके चारों पुलिसकर्मियों को निकाला और उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में ले गएए लेकिन महिला कॉन्स्टेबिल शशी सिंह और कॉन्स्टेबिल शुभम की दशा चिंताजनक होने के कारण उन्हें सीएचसी संडीला भेजा गया।

# उल्टी दस्त से पीड़ित महिला की उपचार दौरान मौत

● मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर मारपीट का मढ़ा आरोप

संवाददाता। फतेहपुर

**चांदपुर** थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर बिलारी में उल्टी दस्त के बाद 24 वर्षीय महिला की हालत खराब हो गई। जिसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ठीक न होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार गोविंदपुर बिलारी गांव निवासी आशीष की पत्नी मोहनी को मंगलवार की दोपहर अचानक पेट में दर्द के बाद उल्टी दस्त शुरू हो गए। परिजन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव वापस आए और सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पिता अवधेश निवासी कोरो थाना रेवना जिला कानपुर नगर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी तीन मई 2023 को किया था। शादी के बाद से ससुरालीजन उसे मारते-पीटते थे। मारपीट के चलते ही उसे अधिक चोट लगने के कारण मौत हुई है। पति का कहना है कि उल्टी दस्त के बाद हालत ठीक न होने पर कानपुर ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारणः डीएम

**लखीमपुर खीरी।** जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। संचालन उपायुक्त उद्योग एससी गर्ग ने किया। उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उद्यमियों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। उद्यमी सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते है।



डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जानाएजल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। एसपी ने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु पुलिस प्रशासन तत्पर है। सीडीओ ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारियों की ओर से उठाई समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

उद्यमियों ने संकटा देवी मार्ग से जुड़े संपर्क मार्गो की पुलिया की एप्रोच को ठीक करवाने, रोडवेज बस अड्डे के प्रवेश द्वार पर नया पत्थर डलवाने का अनुरोध किया। आईएमए जिलाध्यक्ष ने इंडस्ट्रियल फीडर पर रात में ब्रेकडाउन का मुद्दा उठाया। डीएम ने विद्युत विभाग को इंडस्ट्रियल लाइन के फीडर की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। व्यापारी ने नहरपटरी पर हयूम पाइप डलवाकर मार्ग चोड़ीकरण का सुझाव दिया। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त (उद्योग) एससी गर्ग ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी।

# गंभीर सामाजिक खतरा बन रही है डीपफेक तकनीक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि डीपफेक तकनीक समाज में एक गंभीर खतरा बनने जा रही है और केवल तकनीक ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की काट हो सकती है। उच्च न्यायालय देश में डीपफेक तकनीक के गैर-नियमन के खिलाफ दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। डीपफेक तकनीक के तहत किसी तस्वीर या वीडियो में किसी व्यक्ति की जगह अन्य व्यक्ति की तस्वीर लगा दी जाती है। इसके तहत मूल व्यक्ति के शब्दों और कार्यों को बदलकर दर्शकों को गुमराह किया जा सकता है और गलत सूचना फैलाई जा सकती है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा, आपको (केंद्र सरकार को) इस पर काम शुरू करना होगा। आपको इस बारे में सोचना होगा। यह (डीपफेक) समाज में एक गंभीर खतरा बनने जा रहा है।

न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा, "आप भी कुछ अध्ययन करें। यह ऐसा कुछ है कि आप जो देख रहे हैं और जो सुन रहे



हैं, आप उस पर भरोसा नहीं कर सकते। यह कुछ ऐसा है जो चकित करता है। जो मैंने अपनी आंखों से देखा और जो मैंने अपने कानों से सुना, मुझे उस पर भरोसा नहीं करना है, यह बहुत ही चौंकाने वाला है। देश में डीपफेक तकनीक के गैर-नियमन के खिलाफ एक याचिका वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा ने दायर की है। ऐसी सामग्री के निर्माण में मदद देने वाले ऐप्लिकेशन और सॉफ्टवेयर तक सार्वजनिक पहुंच को रोकने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया।

डीपफेक और एआई के अनियंत्रित उपयोग के खिलाफ दूसरी याचिका वकील चैतन्य रोहिल्ला ने दायर की है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अपने सुझावों को शामिल करते हुए एक अतिरिक्त हलफनामा दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। मामले में अलगी सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि चुनावों से पहले, सरकार इस मुद्दे पर चिंतित थी और अब चीजें बदल गई हैं। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से यह एक दुर्भावना है और हमारी भाव-भंगिमा बदल गई होगी, लेकिन हम अभी भी उतने ही चिंतित हैं जितने तब थे।

केंद्र के वकील ने यह भी कहा कि अधिकारी मानते हैं कि यह ऐसी समस्या है जिससे निपटने की जरूरत है। शर्मा ने दलील दी, हम एआई विरोधी तकनीक का इस्तेमाल करके ऐसी स्थिति को खत्म कर सकते हैं, अन्यथा बहुत नुकसान हो सकता है। इन मुद्दों से निपटने के लिए चार चीजों की जरूरत है - पता लगाना, रोकथाम, शिकायत निवारण तंत्र और जागरूकता बढ़ाना। कोई भी कानून या सलाह बहुत असरकारी नहीं होगी। इस पर पीठ ने जवाब दिया कि एआई के लिए केवल तकनीक ही उसकी काट होगी।

पीठ ने कहा, इस तकनीक से होने वाले नुकसान को समझें क्योंकि आप सरकार हैं। एक संस्था के रूप में हमारी कुछ सीमाएं होंगी। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जरिए दोनों याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा था। इंडिपेंडेंट न्यूज सर्विस प्राइवेट लिमिटेड (इंडिया टीवी) के अध्यक्ष और प्रधान संपादक रजत शर्मा ने जनहित याचिका (पीआईएल) में कहा है कि डीपफेक तकनीक का प्रसार समाज के विभिन्न पहलुओं के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। याचिका में कहा गया है कि यह सार्वजनिक विमर्श और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करता है। याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने नवंबर 2023 में डीपफेक और ऐसी सामग्री से निपटने के लिए विनियमन तैयार करने का इरादा जताया था, लेकिन अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है।

## बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में छह गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के छठे और अंतिम चरण के तहत बुधवार को आयोजित परीक्षा के दौरान कथित तौर पर फर्जीवाड़ा करने के आरोप में छह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। एक बयान के अनुसार, गिरफ्तार किए गए अभ्यर्थियों में नालंदा के तीन और पूर्वी चंपारण, अररिया एवं कटिहार का एक-एक उम्मीदवार शामिल हैं। बिहार पुलिस में सिपाही (कांस्टेबल) के 21,391 पदों पर चयन के लिए केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा यह परीक्षा सात से 28 अगस्त के बीच छह चरणों में आयोजित की गई। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 17,87,720 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था जिनमें से 14,38,154 अभ्यर्थियों ने अपना ई प्रवेश पत्र डाउनलोड किया था और इनमें से करीब 67 प्रतिशत परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा के सभी छह चरणों में अब तक करीब 59 अभ्यर्थी कदाचार में लिप्त पाए गए।

# झारखंड के हित में भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया: पूर्व सीएम चंपई सोरेन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने झारखंड के हित में भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। चंपई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से इस्तीफा देते हुए कहा कि वह पार्टी की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों से व्यथित होकर यह कदम उठाने के लिए मजबूर हुए हैं। वरिष्ठ आदिवासी मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि कि वह किसी भी स्थिति से डरे हुए नहीं हैं। इस सप्ताह के प्रारंभ में नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात की थी और भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। वह बुधवार को अपने बेटे के साथ रांची पहुंचे जहां बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

चंपई सोरेन ने यहां कहा, फैसला (भाजपा में शामिल होने का) झारखंड के हित में है ....... मुझे संघर्षों की आदत है। जब उनसे इस आरोप के बारे



में पूछा कि उन पर नजर रखी जा रही है, तब पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह किसी भी स्थिति से भयभीत नहीं हैं। संकेत दिया कि बुधवार को ही वह झामुमो और मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दिन में आरोप लगाया था कि चंपई सोरेन की पिछले पांच महीनों से उनकी अपनी सरकार की पुलिस ही जासूसी कर रही थी।

शर्मा ने दावा किया था कि चंपई सोरेन के करीबी लोगों ने दिल्ली के एक होटल में झारखंड पुलिस की विशेष शाखा के दो उप निरीक्षकों (एसआई) को पूर्व मुख्यमंत्री पर नजर रखते हुए पकड़ा था। चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उससे बस थोड़े समय पहले उनके पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन ने धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। मंगलवार को चंपई सोरेन ने कहा था कि वह आदिवासी पहचान एवं अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं जो बांग्लादेश से बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण राज्य के संथाल परगना क्षेत्र में दांव पर लगी हुई है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद कुछ समय के लिए मुख्यमंत्री पद संभालने वाले झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने कहा कि केवल भाजपा ही आदिवासियों के मुद्दे पर गंभीर दिखाई देती है।

# वायुसेना ने युवाओं को प्रेरित करने के लिए वीरतापूर्ण कहानियों पर आधारित कॉमिक्स का विमोचन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने बुधवार को एक कॉमिक्स का विमोचन किया जिसमें वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह और 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान बोयरा की लड़ाई का वर्णन है। इस चित्रकथा का उद्देश्य युवाओं को वायुसेना के गौरवशाली इतिहास के बारे में शिक्षित करना और उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने यहां वायु भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में हीरोज ऑफ द इंडियन एयर फोर्स-वॉल्यूम-द्धु नामक कॉमिक्स का विमोचन किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बर्मा अभियान में लड़ाई लड़ने वाले और 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान मोर्चा संभालने वाले अर्जन सिंह भारतीय वायुसेना के मार्शल रैंक से सम्मानित अधिकारी थे और उन्होंने स्वतंत्रता से पहले विशिष्ट फ्लाइंग क्रॉस (डीएफसी) भी अर्जित किया था।

पिछले वर्ष परिकल्पित इस परियोजना का नेतृत्व एयर चीफ मार्शल चौधरी के दृष्टिकोण के तहत भारतीय वायुसेना के दिशा (डाईरेक्टरेट ऑफ इंडक्शन एंड सलैक्शन इन होलिस्टिक अप्रोच) प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कॉमिक्स जारी करने के कार्यक्रम में प्रसारित वीडियो के अनुसार, चित्रकथा के जरिए युवाओं विशेषकर स्कूली बच्चों तक पहुंचने तथा उन्हें भारतीय वायुसेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने को लेकर यह माध्यम चुना गया।

पहले खंड में दो कहानियां हैं। फाइंड योर कॉलिंग में अर्जन सिंह नामक लड़के की कहानी है जो भारतीय वायुसेना का पहला मार्शल बना। वहीं, बैटल ऑफ बोयरा 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना की रोमांचक कहानी बताती है। आकर्षक चित्रों के साथ इन कहानियों का उद्देश्य बच्चों में साहस, प्रेरणा और दृढ़ता के मूल्यों के प्रति बेहतर समझ पैदा करना तथा उन्हें उनके पदचिह्नों पर चलना सिखाना है। दूसरी कहानी में पायलट की नजर से युद्ध का वर्णन है। उन्होंने कहा, यह हवाई युद्ध मुकाबला नंबर 22 स्क्वाड्रन, स्विफ्ट्स के युवा पायलटों की युद्ध कौशल और वीरता का एक महत्वपूर्ण मुकाबला था, जिसने स्क्वाड्रन को सेबर स्लेयर्स का नाम दिलाया। वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि कॉमिक्स का उद्देश्य युवा पाठकों को शिक्षित करना और हवाई युद्ध में दिखाई गई वीरता को दर्शाना है। अधिकारी ने बताया कि पुस्तक का पीडीएफ संस्करण ऑनलाइन जारी किया जाएगा तथा यह सोशल मीडिया पर निशुल्क साझा के लिए उपलब्ध होगा।

# चंपई सोरेन पर पांच महीने से उनकी अपनी ही सरकार रख रही थी नजर: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को आरोप लगाया कि झारखंड के मंत्री चंपई सोरेन पर पिछले पांच महीने से उनकी अपनी ही सरकार की पुलिस नजर रख रही थी। शर्मा ने कहा कि सोरेन के करीबी लोगों ने दिल्ली के एक होटल में झारखंड पुलिस की विशेष शाखा के दो उप निरीक्षकों (एसआई) को पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर नजर रखते हुए पकड़ा था। हम सभी जानते हैं कि चंपई सोरेन झारखंड सरकार में मंत्री हैं, वह पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं। 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है लेकिन उन्हें अभी इस्तीफा देना है एवं वह फिलहाल मंत्री बने हुए हैं, परंतु उनकी अपनी ही सरकार उन पर नजर रखी हुई है।

असम के मुख्यमंत्री ने दावा किया, जब उन्होंने भाजपा के साथ बातचीत शुरू भी नहीं की थी, तब भी पांच महीनों से उन पर नजर रखी जा रही थी। उन्होंने दावा किया कि दो उपनिरीक्षक सोरेन की दिल्ली यात्राओं के दौरान उनके पीछे-पीछे जाते थे, ए दोनों उसी उड़ान से आते-जाते थे,जिस उड़ान से सोरेन



आते-जाते थे और उसी पंचसितारा होटल में ठहरते थे और जहां वह ठहरते थे।

शर्मा ने कहा, चंपई सोरेन के लोगों ने मंगलवार को दिल्ली में इन दोनों को देख लिया और उन्हें पकड़ लिया। प्रारंभ में उन्होंने पत्रकार होने का दावा किया लेकिन बाद में उन्होंने विशेष शाखा के उपनिरीक्षक होने की बात कबूली। उन्हें वहां चाणक्यपुरी थाने के हवाले कर दिया गया एवं सोरेन ने प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस उन्हें गिरफ्तार करेगी या नहीं- यह हम नहीं जानते क्योंकि उपनिरीक्षकों ने ड्यूटी पर होने का दावा किया। उन्होंने दोनों अधिकारियों के नाम नहीं बताए और न ही उनकी तस्वीर साझा की क्योंकि वे शायद नक्सल या अन्य किसी गुप्त अभियान पर हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों उपनिरीक्षकों ने दावा किया कि संवैधानिक पद पर आसीन एक व्यक्ति और विशेष शाखा के प्रमुख महानिरीक्षक प्रभात कुमार ने उन्हें चंपई सोरेन पर नजर रखने की ड्यूटी पर लगाया था। इसे जासूसी का गंभीर मामला करार देते हुए शर्मा ने कहा, यह भारतीय राजनीति में नजर रखने का दुर्लभतम मामला है। हम इसे सर्वोच्च स्तरों पर उठाएंगे। झामुमो और कांग्रेस को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा, वे संविधान का रक्षक होने का दावा करते हैं लेकिन यहां वे अपने ही एक साथी के निजता एवं जीवन के मूल अधिकार में ताकझांक कर रहे हैं। क्या सोरन एक नक्सली हैं, क्या वह चरमपंथी हैं? असम के मुख्यमंत्री ने सोरेन के फोन टैप कराए जाने की आशंका भी जताई और कहा कि उन्हें हनी ट्रैप करने की भी साजिश हो सकती है क्योंकि एक महिला भी दोनों एसआई से मिल रही थी। शर्मा ने कहा, हम इस मामले की गहन जांच की मांग करते हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ जंग जरूर जीतेंगे: इजराइली अधिकारी

**मुंबई।** इजराइल के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि आतंकवाद एक ऐसी बीमारी है जो तब तक नहीं रुकेगी, जब तक समान विचारधारा वाले सभी देश इसके खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ते। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच उनका देश आतंकवाद के खिलाफ जंग जरूर जीतेगा। इजराइल के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक याकूव ब्लिटश्टाइन ने मंगलवार को मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि इजराइल ही नहीं, बल्कि अन्य सभी जगहों पर भी आतंकवाद को खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा, आतंकवाद एक रोग है जिस पर काबू पाना जरूरी है। न केवल इजराइल में, बल्कि पूरी दुनिया में इसके खिलाफ लड़ने की जरूरत है। यह एक रोग है जो तब तक ठीक नहीं होगा जब तक कि समान विचारधारा वाले सभी देश इसके खिलाफ नहीं लड़ें ब्लिटश्टाइन ने अक्टूबर 2023 में इजराइल पर चरमपंथी समूह हमास द्वारा किए गए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उनका देश बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है लेकिन वह इससे उबर जाएगा। उन्होंने कहा, हम नए शहर एवं नए घर बनाएंगे और सभी नागरिकों को उनके घरों, उनके गांवों एवं शहरों में वापस लाएंगे। हम आतंकवाद के खिलाफ जंग जरूर जीतेंगे। उनकी यह टिप्पणी इजराइल द्वारा रविवार सुबह दक्षिणी लेबनान में किए गए सिलसिलेवार हवाई हमलों के बाद आई है। इजराइल ने इसे हिजबुल्ला के रॉकेट और मिसाइल हमले को रोकने के लिए किया गया हमला बताया था। इसकी प्रतिक्रिया में चरमपंथी समूह ने कहा कि उसने पिछले माह उसके एक शीर्ष कमांडर की हत्या किए जाने का बदला लेने के लिए सैकड़ों रॉकेट और ड्रोन दागे। ब्लिटश्टाइन ने मुंबई में चबाड़ हाउस का भी दौरा किया, जिस पर 2008 में आतंकवादियों ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि चबाड़ हाउस पर किया गया हमला सिर्फ यहूदी लोगों पर ही नहीं, बल्कि मानवता पर हमला था। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से यह आखिरी बार नहीं था जब यहूदी लोगों को आतंकी साजिशों का सामना करना पड़ा। ब्लिटश्टाइन ने कहा, लेकिन जैसा कि हम करते आए हैं, हम इस त्रासदी से उबरेंगे। यहूदी लोग बेहद मजबूत हैं और इसके खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि चबाड़ हाउस का पुन:निर्माण यहूदी लोगों की ताकत और साहस को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सभी देशों को यह समझना चाहिए कि इसकी शुरुआत हमसे (इजराइल) होगी, लेकिन यह तब तक नहीं रुकेगी, जब तक हम आतंकवाद को रोक नहीं देते।

## लिव इन में रह रही महिला की हत्या, आरोपी हिरासत में

**बरेली।** बरेली जिले में लिव इन में रह रही महिला की कथित रूप से हत्या करने के मामले में एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बरेली के पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भाटी ने बुधवार को बताया कि फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के सराय में रहने वाले एक शख्स ने अपनी 22 वर्षीय बेटी आसिया का विवाह किला के रज़ा कॉलोनी निवासी नफीस से किया था। इस दौरान नफीस के जानने वाले किला थाना क्षेत्र के नवदिया निवासी जूस विक्रेता परवेज से आसिया की कथित तौर पर नजदीकियां बढ़ गईं। दो बेटियों की मां आसिया तीन महीने पहले नफीस को छोड़कर परवेज के पास आ गई। परवेज की मां ने उससे निकाह करने का विरोध किया तथा निकाह को लेकर मंगलवार को आसिया और परवेज में झगड़ा हुआ। आसिया के भाई हसनैन ने आरोप लगाया है कि परवेज ने उसकी बहन को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उससे निकाह करने का वादा किया था।

# वीडियो में कुछ लोग गायों को नदी में फेंकते दिखे, चार पर मामला दर्ज

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक दर्जन से अधिक गायों को उफनती नदी में धकेलने का एक वीडियो वायरल होने के बाद एक नाबालिग समेत चार लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार दोपहर को नागौद थाना क्षेत्र के एक स्थान पर सतना नदी के किनारे से लगभग 15 गायों को उसमें धकेला दिया गया और उनमें से कुछ गाय डूब गईं। एक अधिकारी ने कहा कि अबतक सटीक संख्या का पता नहीं चल सका है।

नागौद थाने के प्रभारी अशोक पांडे ने कहा, मंगलवार शाम को बमहोर के पास रेलवे पुल के नीचे कुछ लोगों द्वारा गायों को सतना नदी में धकेलने का एक वीडियो सामने आया। एक पुलिस दल को मौके पर भेजा गया और मामला दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान बेटा बागरी, रवि बागरी और रामपाल चौधरी के तौर पर हुई है और उन्हें मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। यह कानून राज्य में गोहत्या पर रोक लगाता है। अधिकारी ने बताया कि साथ ही भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के संबंधित प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। पांडे ने बताया कि एक अन्य संदिग्ध नाबालिग है और उसे हिरासत में लिया गया है। विनोद पाराशर नामक व्यक्ति की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसने दावा किया है कि उसने घटना को देखा है। इससे पहले दिन में पुलिस अधिकारी ने कहा था कि करीब 50 गायों को कथित तौर पर नदी में धकेल दिया गया और उनमें से 15 से 20 गायों की मौत हो गई। हालांकि उन्होंने बाद में कहा कि करीब 15 गायों को नदी में जबरन फेंका गया और उनमें से कुछ गायों की मौत हो गई, लेकिन सटीक संख्या का पता लगाना अभी बाकी है।

# असम के विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**गुवाहाटी।** असम के विपक्षी दलों ने बुधवार को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जिसमें उन पर धर्म और जाति के आधार पर शत्रुता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने शर्मा पर आरोप लगाया कि वह एक विशिष्ट समुदाय को निशाना बनाकर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के प्रयास रहे हैं, जिससे राज्य में दंगे जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) के महासचिव लुरिनज्योति गोगोई द्वारा दिसपुर थाने में शिकायत दी गई। गोगोई के साथ मंच के अन्य दलों के नेता भी मौजूद थे। यूओएफए असम में 18 दलों का गठबंधन है।

मीडिया के साथ साझा की गई जानकारी में कहा गया, हम राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ धर्म और जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने की कोशिश करने के लिए यह प्राथमिकी दर्ज करा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि थाने के एक अधिकारी को शिकायत प्राप्त हुई है, लेकिन अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। धींग में 14 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना का जिक्र करते हुए यूओएफए ने दावा किया कि शर्मा एक विशेष समुदाय को निशाना बनाकर सांप्रदायिक उन्माद भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

विपक्षी दलों ने दावा किया कि इसके परिणामस्वरूप शिवसागर में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा हमला किया गया है। विपक्षी दलों ने कहा कि ऐसा राज्य में दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की साजिश के तहत किया गया है और आरोपी हिमंत विश्व शर्मा तथा भाजपा के अन्य नेता अशांति का माहौल बनाने की आपराधिक साजिश का हिस्सा हैं।

यूओएफए ने आरोप लगाया कि शर्मा का एक विशेष समुदाय के खिलाफ भड़काऊ बयान देने का इतिहास रहा है। इसने एक साल पहले के एक उदाहरण का हवाला दिया जब मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर जनता से एक विशिष्ट धार्मिक समुदाय के व्यक्तियों को बाहर निकालने का आग्रह किया था, उन्होंने गुवाहाटी के मियां कहा था। बांग्लाभाषी मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए मियां शब्द का इस्तेमाल विरोध स्वरूप किया जाता रहा है और गैर-बांग्ला भाषी लोग आमतौर पर उन्हें बांग्लादेशी प्रवासी बताते हैं। पिछले कुछ साल में गैर-बांग्ला भाषी समुदाय के लोगों ने इस शब्द का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। शिकायत में कहा गया, यदि ऐसे व्यक्ति (हिमंत विश्व शर्मा) को तुरंत गिरफ्तार कर उन पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वह राजनीतिक फायदा लेने के लिए राज्य में दंगे जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं।

## आईएमए ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की सदस्यता निलंबित की

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित कर दी। यह कदम इस महीने की शुरुआत में कोलकाता स्थित इस संस्थान में एक जूनियर डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के बीच उठाया गया है। एसोसिएशन की कोलकाता शाखा के उपाध्यक्ष घोष की सदस्यता के निलंबन का फैसला आईएमए की अनुशासन समिति द्वारा लिया गया। आईएमए ने एक आदेश में कहा कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर.वी. अशोकन द्वारा बुधवार को गठित समिति ने स्नातकोत्तर रेजिडेंट डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले तथा आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उसके बाद के घटनाक्रम पर स्वत: संज्ञान लेते हुए विचार किया। इसमें कहा गया है कि आईएमए महासचिव ने अशोकन के साथ मृत चिकित्सक के माता-पिता से उनके घर पर मुलाकात की थी। आदेश में कहा गया, उन्होंने स्थिति से निपटने में आपके (घोष) खिलाफ अपनी शिकायतें रखीं, साथ ही उनके साथ अपने व्यवहार में अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप उचित तरीके से मुद्दे को संभालने में सहानुभूति और संवेदनशीलता की कमी के बारे में भी बताया। इसमें कहा गया, आईएमए बंगाल राज्य शाखा के साथ-साथ डॉक्टरों के कुछ संघों ने भी आपके द्वारा पूरे पेशे को बदनाम करने की प्रकृति का हवाला देते हुए कार्रवाई की मांग की है। आदेश में कहा गया है कि आईएमए की अनुशासन समिति ने सर्वसम्मति से आपको इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सदस्यता से तत्काल निलंबित करने का निर्णय लिया है। इससे पहले आईएमए को लिखे एक पत्र में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) ने घोष के संगठन के साथ जुड़े रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए उनकी सदस्यता रद्द किए जाने की मांग की थी।

# पेज 1 का शेष

## राष्ट्रपति...

कानून बनाए गए और सामाजिक अभियान चलाए गए। लेकिन इसके बावजूद कुछ ऐसा है जो लगातार हमारे रास्ते की बाधा बना हुआ है और हमें परेशान करता है। दिसंबर 2012 में, उस तत्व से हमारा सीधा आमना-सामना हुआ जब एक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। सदमे और गुस्से का माहौल था। हम दृढ़ संकल्पित थे कि किसी और निर्भया के साथ ऐसा न हो। हमने योजनाएं और रणनीतियां बनाईं। इन पहलों ने कुछ हद तक बदलाव किया। लेकिन इसके बावजूद, जब तक एक भी महिला उस माहौल में स्वयं को असुरक्षित महसूस करती रहेगी, जहां वह रहती या काम करती है, तब तक हमारा काम अधूरा ही रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी में हुई उस त्रासदी के बाद के बारह वर्षों में, इसी तरह की अनगिनत त्रासदियां हुई हैं। हालांकि उनमें से कुछ ने ही पूरे देश का ध्यान खींचा। इन्हें भी जल्द ही भुला दिया गया। क्या हमने सबक सीखा। जैसे-जैसे सामाजिक विरोध कम होते गए, ए घटनाएं सामाजिक स्मृति के गहरे और दुर्गम कोने में दब गईं, जिन्हें केवल तभी याद किया जाता है जब कोई और जघन्य अपराध होता है। मुझे डर है कि यह सामूहिक विस्मृति उतनी ही घृणित है जितनी वह मानसिकता जिसके बारे में मैंने बात की। इतिहास अक्सर दर्द देता है। इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक स्मृतिलोप का सहारा लेते हैं और शुतुरमुर्ग की तरह अपने सिर को रेत में दबा लेते हैं। अब समय आ गया है कि न केवल इतिहास का सीधे सामना किया जाए, बल्कि अपनी आत्मा के भीतर झांका जाए और महिलाओं के खिलाफ अपराध की इस बीमारी की जड़ तक पहुंचा जाए।

## 12 नए...

निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में देश के कई शहरों में या उसके आसपास प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित करने की घोषणा की गई थी। इस तरह के आठ औद्योगिक शहर पहले से ही कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। चार शहरों- धोलेरा (गुजरात), ऑरिक (महाराष्ट्र), विक्रम उद्योगपुरी (मध्य प्रदेश) और कृष्णपट्टनम (आंध्र प्रदेश) में उद्योगों के लिए भूमि आवंटन का काम चल रहा है। अन्य चार शहरों में भी सरकार का विशेष उद्देश्य वाहन (एसपीवी) सड़क संपर्क, पानी और बिजली आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया में है। देश में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना की घोषणा के साथ इस तरह के शहरों की कुल संख्या 20 हो जाएगी। स कदम से देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने और रोजगार सृजन में मदद मिलने का अनुमान है। एनआईसीडीपी को बड़े उद्योगों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) दोनों से निवेश की सुविधा प्रदान करके एक जीवंत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

## मॉलीबुड...

और चुप रहने के लिए एक लाख रुपये मांगे। गुजरे जमाने की स्टार गीत विजयन ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 1991 में फिल्म निर्माताओं ने उनके साथ छेड़छाड़ की थी। मीनू मुनीर ने मीडिया के सामने आरोप लगाया कि उनके फोन पर धमकी भरे कॉल आ रहे हैं और पुलिस ने पहचान की है कि ये कॉल आंध्र प्रदेश से किए गए थे। हालांकि बुधवार को फिल्म बिरादरी में काफी शांति रही, लेकिन एएमएमए के विभिन्न खेमों में खामोशी से जंग चल रही है। अभिनेता जगदीश ने कहा कि अभिनेत्रियों द्वारा किए गए खुलासे के बाद एएमएमए पदाधिकारियों का सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का फैसला चौंकाने वाला है। उन्होंने मीडिया से कहा, उन्हें स्थिति से निपटने के लिए साहस और सूझबूझ दिखानी चाहिए थी। वामपंथी फिल्म कलाकार जॉय मैथ्यू ने आरोपियों के खिलाफ कानून लागू करने वाली एजेंसियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की। लेकिन फिल्म उद्योग में तीन दशकों से अधिक के पेशेवर अनुभव वाले फिल्म निर्माता शांतिविला दिनेशन ने द पायनियर को बताया कि महिला कलाकारों द्वारा लगाए गए आरोपों या खुलासों में कुछ भी नया नहीं है। दिनेश ने कहा, उन्हें उसी समय इस कदम का विरोध करना चाहिए था। अगर उन्होंने इस कदम का विरोध किया होता, तो ऐसी घटनाएं नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि ये आरोप भविष्य में भी जारी रहेंगे। बुधवार रात 8 बजे तक एसआईटी ने बलात्कार और छेड़छाड़ के कुल 17 मामले दर्ज किए हैं।

## धनशोधन...

खत्म नहीं करती है, पीठ ने स्पष्ट किया कि पीएमएलए मामले में हिरासत में लिए गए आरोपी द्वारा जांच अधिकारी के समक्ष दिया गया कोई भी आपत्तिजनक बयान अदालत में स्वीकार्य नहीं होगा। ऐसे बयानों को स्वीकार्य बनाना बेहद अनुचित होगा क्योंकि यह न्याय के सभी सिद्धांतों के खिलाफ होगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर बुधवार को अपलोड किए गए बीआरएस नेता के कविता पर 13 पन्नों के फैसले में जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने इस सुस्थापित सिद्धांत को दोहराया कि 'जमानत नियम है और इनकार अपवाद है।' दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सह-आरोपी मनीष सिसोदिया के मामले सहित विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए फैसले में कहा गया, किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने से पहले लंबे समय तक कारावास को बिना सुनवाई के सजा नहीं बनने दिया जाना चाहिए। फैसले में कहा गया, हमने आगे कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार वैधानिक प्रतिबंधों (धन शोधन निवारण अधिनियम) से बेहतर है।

## जिन्ना...

अयोध्या, कन्नौज और कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लोगों को जब भी सत्ता प्राप्त हुई तो सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने का कार्य किया। अपनी योजनाओं के माध्यम से तुष्टिकरण करते थे और समाज को विकास की धारा से विमुख करने का कार्य करते थे। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह जैसे राष्ट्र नायकों का अपमान किया है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा ही है, जो इन महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर बना विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है। कांग्रेस और सपा के लोगों को सिर्फ अपना परिवार दिखता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। अराजकता, अव्यवस्था और गुंडागर्दी की छूट किसी को नहीं देंगे। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था।

## ईडी ने...

परिवार और एक जुड़ी हुई कंपनी के खिलाफ फेमा एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के समक्ष एक शिकायत दर्ज की, जिसमें उन पर विभिन्न फेमा प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया, विशेष रूप से वर्ष 2017 में सिंगापुर में निगमित एक शेल कंपनी में 42 करोड़ रुपये के उनके निवेश के संबंध में। एजेंसी ने आरोपियों पर सिंगापुर के विदेशी शेयरों के अधिग्रहण और धारण और उसके बाद फेमा के मौजूदा प्रावधानों की अवहेलना करते हुए परिवार के सदस्यों के बीच इसके हस्तांतरण और श्रीलंकाई इकाई में किए गए लगभग 9 करोड़ रुपये के निवेश के संबंध में भी आरोप लगाया। इसने कहा कि यह शिकायत 11 सितंबर, 2020 के आदेश के तहत जब्त की गई संपत्तियों को जब्त करने की प्रार्थना के साथ दायर की गई थी। ईडी ने कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ताओं (जगथराचकन और परिवार) ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रिट याचिकाएँ दायर की हैं। ईडी ने कहा, दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद, माननीय एकल पीठ (मद्रास उच्च न्यायालय) ने 30 नवंबर 2023 के आदेश के माध्यम से अन्य बातों के साथ-साथ यह माना कि संपत्ति की जब्ती के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश न्यायाधिकरण के न्यायनिर्णयन की शक्ति में हस्तक्षेप नहीं करेगा। नोटिस प्राप्तकर्ताओं ने बाद में उसी उच्च न्यायालय और एक खंडपीठ के समक्ष रिट अपील दायर की, जिसने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद इस वर्ष 23 जुलाई को उनकी याचिका खारिज कर दी। ईडी ने दावा किया, परिणामस्वरूप, कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद फेमा के तहत न्यायनिर्णयन कार्यवाही पूरी की गई। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, केंद्र की भाजपा सरकार की प्रतिरोध की राजनीति की कोई सीमा नहीं है! आप सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करना और डीएमके सांसद जगतरक्षकन के घर पर छापेमारी करना, इंडिया गुट के नेताओं के खिलाफ राजनीतिक उद्देश्यों के लिए स्वतंत्र जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के स्पष्ट उदाहरण हैं।

# जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि यह योजना सम्मान, सशक्तीकरण और राष्ट्र के आर्थिक जीवन में भागीदारी के अवसर का प्रतीक है। मोदी ने जन धन योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वालों की भी सराहना की और कहा कि यह योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है... जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और इस योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई।

उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच लिंक्डइन पर बाद में लिखा, आज प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज एक नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो। मोदी ने कहा, आप में से कई लोग, खासकर युवा सोच रहे होंगे..यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है? आखिरकार, इस युग में बैंक खाता होना बेहद ही बुनियादी बात है और इसे सामान्य बात भी माना जाता है। हालांकि, जब हमने 2014 में सत्ता संभाली, तो स्थिति बहुत अलग थी। आजादी के करीब 65 साल हो चुके थे, लेकिन हमारे लगभग आधे परिवारों के लिए बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच दूर का सपना थी। उन्होंने कहा कि उनकी दुनिया ऐसी थी जहां बचत घर पर रखी जाती थी, जिसके खोने तथा चोरी होने का खतरा बना रहता था। मोदी ने कहा, कर्ज तक पहुंच साहूकारों की दया पर निर्भर थी। वित्तीय सुरक्षा के अभाव से कई सपने पूरे नहीं हो पाते थे। उन्होंने कहा, जब जन-धन योजना शुरू की गई तो मुझे याद है कि इसे लेकर भी संशय की स्थिति थी। कुछ लोगों ने पूछा था - क्या इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बैंकिंग प्रणाली में लाना वास्तव में संभव है? क्या इस प्रयास से कोई ठोस बदलाव आएगा? हां। चुनौतियां काफी व्यापक थीं लेकिन इसे हकीकत बनाने के लिए भारत के लोगों का दृढ़ संकल्प भी उतना ही बड़ा था। मोदी ने कहा कि जन धन योजना की सफलता के दो पहलू हैं। एक पहलू यह है कि 53 करोड़ से अधिक लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था कि वे बैंकिंग प्रणाली से जुड़ पाएंगे लेकिन अब उनके पास बैंक खाते हैं।उन्होंने कहा कि इन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 प्रतिशत से अधिक खाते ग्रामीण या अर्द्धशहरी क्षेत्रों में हैं, जिससे वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया महानगरों तक सीमित नहीं रही। करीब 39 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष हस्तांतरण हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन, दूसरा पहलू प्रभावशाली आंकड़ों से कहीं आगे है। जहां तक महिला सशक्तीकरण का सवाल है, जन धन योजना परिवर्तनकारी साबित हुई है। करीब 30 करोड़ महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। मोदी ने कहा कि इसी तरह, इस योजना के लाभ व बैंक खाते के जरिए मिलने वाले अन्य लाभों ने करोड़ों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग परिवारों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन धन, जेएएम त्रिमूर्ति - जनधन, आधार और मोबाइल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है। वर्ष 2014 में आज के दिन शुरू की गई प्रधानमंत्री जन धन योजना वित्तीय समावेशन पर एक राष्ट्रीय मिशन है। इस योजना का उद्देश्य प्रत्एक परिवार के लिए कम से कम एक बुनियादी बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षरता, ऋण, बीमा और पेंशन सुविधा तक पहुंच के साथ बैंकिंग सुविधाओं को लेकर पहुंच सुनिश्चित करना है।

## असम सरकार ओबीसी प्रमाणपत्र मामले में मेघालय विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ मामला दर्ज करेगी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मेघालय के एक निजी विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ 32 साल पहले राज्य के करीमगंज जिले से धोखाधड़ी से ओबीसी प्रमाणपत्र हासिल करने के आरोप में मामला दर्ज करेगी। शर्मा ने बुधवार को कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेघालय (यूएसटीएम) के कुलपति महबाबुल हक ने 1992 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित होने का प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उसी वर्ष एक शिकायत के आधार पर अगस्त 1996 में ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिया गया था क्योंकि यह पाया गया था कि हक प्रमाणपत्र प्राप्त करने के पात्र नहीं हैं। उन्होंने कहा, करीमगंज के जिला आयुक्त को उसी समय उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर देनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया पर अब हम हक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेंगे। इस महीने की शुरुआत में शर्मा ने यूएसटीएम और इसके मालिक तथा कुलपति हक को गुवाहाटी में बाढ़ जिहाद का जिम्मेदार ठहराया था।

# भारत में युद्ध, आतंकवाद और नक्सलवाद से भी अधिक जानें सड़क हादसों में गईं: गडकरी



**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत में युद्ध, आतंकवाद और नक्सलवाद से भी अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में होती है। गडकरी ने उद्योग मंडल फिक्की के सड़क सुरक्षा पुरस्कार और संगोष्ठी-2024 के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क परियोजनाओं की खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के कारण ब्लैकस्पॉट्स (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) की संख्या बढ़ रही है।उन्होंने कहा, युद्ध, आतंकवाद और नक्सलवाद से भी अधिक लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में गई है। गडकरी के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 1.5 लाख लोगों की मृत्यु होती है, जबकि तीन लाख लोग घायल होते हैं।उन्होंने कहा, इससे देश को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। बलि के बकरे की तरह हर दुर्घटना के लिए चालक को दोषी ठहराया जाता है। मैं आपको बता दूं, और मैंने बारीकी से देखा है कि ज्यादातर दुर्घटनाएं सड़क इंजीनियरिंग में खामी की वजह से होती हैं। मंत्री ने सभी राजमार्गों के सुरक्षा ऑडिट की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए, हमें लेन अनुशासन का पालन करने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एम्बुलेंस और उसके चालकों के लिए कोड तैयार कर रहा है, ताकि उन्हें सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को शीघ्र बचाने के लिए कटर जैसी अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा सके।

# भारत में छात्रों की आत्महत्या दर समग्र प्रवृत्ति और जनसंख्या वृद्धि दर से अधिक हुई : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** (भाषा) भारत में छात्र आत्महत्या की घटनाएं चिंताजनक वार्षिक दर से बढ़ी हैं, जो जनसंख्या वृद्धि दर और समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों से भी अधिक है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर, छात्र आत्महत्या: भारत में फैलती महामारी रिपोर्ट बुधवार को वार्षिक आईसी3 सम्मेलन और एक्सपो 2024 में जारी की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं छात्र आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि छात्र आत्महत्या के मामलों की कम रिपोर्टिंग होने की संभावना है। आईसी3 इंस्टीट्यूट द्वारा संकलित रिपोर्ट में कहा गया, पिछले दो दशकों में, छात्र आत्महत्या की घटनाओं में चार प्रतिशत की खतरनाक वार्षिक दर से वृद्धि हुई है, जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी है। 2022 में, कुल छात्र आत्महत्या के मामलों में 53 प्रतिशत पुरुष छात्रों ने खुदकुशी की। 2021 और 2022 के बीच, छात्रों की आत्महत्या में छह प्रतिशत की कमी आई जबकि छात्राओं की आत्महत्या में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया, छात्र आत्महत्या की घटनाएं जनसंख्या वृद्धि दर और समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों दोनों को पार करती जा रही हैं। पिछले दशक में, जबकि 0-24 वर्ष की आयुवर्ग आबादी 58.2 करोड़ से घटकर 58.1 करोड़ हो गई, वहीं छात्र आत्महत्याओं की संख्या 6,654 से बढ़कर 13,044 हो गई। आईसी3 संस्थान एक स्वयंसेवी आधारित संगठन है जो दुनिया भर के उच्च विद्यालयों को उनके प्रशासकों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण संसाधनों के माध्यम से सहायता प्रदान करता है ताकि मजबूत करियर और कॉलेज परामर्श विभागों की स्थापना और रखरखाव में मदद मिल सके। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश को सबसे अधिक छात्र आत्महत्या वाले राज्यों के रूप में पहचाना गया है, जो कुल मिलाकर राष्ट्रीय स्तर का एक तिहाई है। दक्षिणी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सामूहिक रूप से ऐसे मामलों की संख्या 29 प्रतिशत है, जबकि अपने उच्च शैक्षणिक वातावरण के लिए जाना जाने वाला राजस्थान 10वें स्थान पर है, जो कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों से जुड़े गहन दबाव को दर्शाता है। आईसी3 मूवमेंट के संस्थापक गणेश कोहली ने कहा कि यह रिपोर्ट हमारे शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

# रेलवे, रक्षा जैसे क्षेत्रों में राजनीति नहीं होनी चाहिए: अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** (भाषा) रेल दुर्घटनाओं को लेकर राजनीतिक आलोचनाओं का सामना कर रहे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय परिवहन सेवा देश की जीवन रेखा है और इसे लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप नहीं होने चाहिए। वैष्णव ने कहा कि कुछ घटनाओं में परेशान करने वाले कुछ तथ्य सामने आए हैं लेकिन रेलवे प्रत्एक घटना की विस्तृत जांच कर रहा है। उन्होंने रेलवे पटरियों पर पत्थर और रॉड जैसी वस्तुएं रखे जाने से रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की घटनाओं के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में ए बात कही।

वैष्णव ने कहा, कुछ घटनाओं में कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं जो परेशान करने वाले हैं और इन्हें गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में रेल मंत्री ने कहा, रेलवे और रक्षा ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें लेकर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। मेरा मानना है कि रेलवे को



राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

वैष्णव ने कहा कि रेलवे देश की जीवन रेखा है और अगर कुछ भी नकारात्मक होता है तो यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए कि ट्रेन सेवाओं का संचालन कुशलता से हो। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे ने पिछले एक वर्ष के दौरान मौजूदा नेटवर्क में 5,300 किलोमीटर रेलवे लाइन जोड़ी हैं। वैष्णव ने कहा, दस वर्ष पहले रेलवे में निर्माण की औसत गति चार किलोमीटर प्रतिदिन थी। आज यह 14.5 किलोमीटर प्रतिदिन है। उन्होंने कहा कि सभी स्वीकृत रेलवे परियोजनाएं अगले पांच वर्ष में पूरी हो जाएंगी। रेलवे में भर्ती के बारे में पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा कि सरकार ने रेलवे में रिक्तियों को भरने के लिए भर्ती कैलेंडर तैयार किया है।

उन्होंने कहा, चार तिमाहियों को रोजगार की एक विशेष श्रेणी से जोड़ा गया है। पहली तिमाही अर्थात जनवरी से मार्च को लोको पायलट की भर्ती के लिए निर्धारित किया गया है, दूसरी तिमाही तकनीशियन और जूनियर इंजीनियर को नियुक्त करने के लिए, तीसरी तिमाही गैर-तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती के लिए और चौथी तिमाही लेवल-। अधिकारियों के लिए निर्धारित की गई है।

## सरकार लड़कियों को गैर-पारंपरिक नौकरियों के लिए प्रशिक्षित करने की योजना करेगी शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार जल्द ही 14 से 18 साल की लड़कियों को गैर-पारंपरिक नौकरियों के लिए प्रशिक्षित करने की एक योजना शुरू करेगी, जिसका मकसद श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने कहा कि योजना को शुरुआती चरण में 27 जिलों में अगले दो से तीन सप्ताह में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह योजना शुरुआती चरण में 27 जिलों में पेश की जा रही है और अंततः इसे देशभर के 218 जिलों में विस्तारित किया जाएगा। गैर-पारंपरिक पेशे को आमतौर पर एक निश्चित भूमिका के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें पुरुष या महिला की भागीदारी 25 प्रतिशत से कम होती है। किशोरियों व महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विशेष परियोजना की शुरूआत के तहत 14 से 18 वर्ष की लड़कियों को उनकी शिक्षा जारी रखने के दौरान उनके स्कूलों तथा घरों के नजदीक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सचिव ने बताया कि योजना शुरुआती स्तर पर दो से तीन सप्ताह में शुरू की जाएगी, जिसके तहत डिजिटल कौशल, डिजिटल मार्केटिंग और व्यक्तित्व अभिविन्यास के साथ-साथ गैर-पारंपरिक नौकरियों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से अंततः श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। मलिक ने कहा, हमने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत वर्तमान में देशभर के 27 जिलों तथा बाद में 218 जिलों की 14-18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षण साझेदारों, जन शिक्षण संस्थानों तथा सरकारी संस्थानों के जरिए गैर-परंपरागत भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। दोनों मंत्रालयों के अधिकारियों को इस योजना के संबंध में जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यशाला से इतर पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने यह बात कही। सचिव ने कहा कि इस कार्यक्रम से अंततः श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

## गीता भरत जैन पर फिल्म बनेगी

**मुंबई।** हिंदू हितों की रक्षक, एक निर्दलीय नगर सेविका से महापौर और फिर विधायक बनी गीता भरत जैन के कामकाज व उनके जीवन पर जल्द फ़िल्म 'श्द आयरन लेडी रू गीता जैन' का निर्माण किया जाएगा।[ उनके राजनीतिक व सामाजिक जीवन पर फ़िल्म का ऐलान मीरा रोड में आयोजित दही.हांडी उत्सव के दौरान हज़ारों की संख्या में उपस्थित लोगों के बीच किया गया। ग़ौरतलब है कि 27 अगस्त को गीता भरत जैन द्वारा आयोजित इस दही.हांडी उत्सव की मुख्य अतिथि के रूप में मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी भी उपस्थित थीं। उन्हीं के हाथों गीता भरत जैन पर बनने वाली फ़िल्म 'द आयरन लेडी गीता जैन का क्लैप देकर इस फ़िल्म के बनाए जाने की घोषणा की गई। इस विशेष अवसर पर हाल में रिलीज हुई और चर्चित रही फ़िल्म हमारे बारह के निर्देशक कमल चंद्रा भी उपस्थित थे।

# जिला कृषि मौसम विज्ञान इकाइयों को पुनर्जीवित करने की सरकार की योजना

**नई दिल्ली।** (भाषा) सरकार जिला कृषि मौसम विज्ञान इकाइयों के नेटवर्क को पुनर्जीवित करने की योजना बना रही है, जो देश के लाखों किसानों को ब्लॉक-स्तर पर मौसम संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान करती थीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल की शुरुआत में इन्हें बंद करने का निर्देश दिया था। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश समेत कई नेताओं ने इन इकाइयों को बंद किए जाने का विरोध किया था।

यह पूछे जाने पर कि क्या जिला कृषि मौसम विज्ञान इकाइयों (डीएएमयू) को पुनर्जीवित करने की कोई योजना है, एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मौसम के पूर्वानुमान में मानव बुद्धि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, भले ही अब हम मॉडल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा, डीएएमयू प्रकृति में अस्थाई थीं, कर्मचारियों को प्रत्एक परियोजना के हिसाब से नियुक्त किया जाता था। पदों की तदर्थ प्रकृति ने पूर्वानुमान की गुणवत्ता को प्रभावित किया। इस बार एक स्थाई संरचना होगी। श्रमशक्ति में स्थाई और संविदात्मक दोनों कर्मचारी शामिल होंगे। हमारा लक्ष्य प्रक्रिया को औपचारिक बनाना बनाना है। सरकार ने 2015 में किसानों को फसल और स्थान-विशिष्ट विस्तृत सलाह प्रदान करने तथा उन्हें दिन-प्रतिदिन निर्णय लेने में सहायता करने के लिए ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (जीएमएसवी) शुरू की थी। पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहयोग से देश में कृषि-जलवायु क्षेत्रों में 130 कृषि मौसम क्षेत्र इकाइयां (एएमएफयू) स्थापित की गईं। प्रत्एक एएमएफयू के दायरे में चार से पांच जिले आते हैं।

## अमिताभ बच्चन के पारिवारिक कार्यालय ने स्विगी में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।**(भाषा) बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के पारिवारिक कार्यालय द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर पर खानपान के उत्पादों की आपूर्ति करने वाले मंच स्विगी में मामूली हिस्सेदारी खरीदने की सूचना है। स्विगी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आने वाला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हिस्सेदारी कंपनी के कर्मचारियों और शुरुआती निवेशकों से शेयर खरीदकर हासिल की गई है। इस संबंध में पूछने पर स्विगी ने कोई टिप्पणी नहीं की।

## आईपीएस अधिकारी भाग्यश्री नवटके के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज

**पुणे।**(भाषा) पुणे पुलिस ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी भाग्यश्री नवटके के खिलाफ जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में मामला दर्ज किया है। नवटके ने एक क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़े।,200 करोड़ रुपए के कथित घोटाले की जांच का नेतृत्व किया था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। घोटाले की जांच में प्रक्रियागत खामियों को उजागर करने संबंधी अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की रिपोर्ट के आधार पर महाराष्ट्र गृह विभाग के निर्देश पर नवटके और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।नवटके ने 2021 में पुणे जिले में भाईचंद हीराचंद रायसोनी क्रेडिट सोसाइटी से जुड़े कथित घोटाले से संबंधित मामलों की जांच के लिए डीसीपी (आर्थिक अपराध शाखा) के तौर पर विशेष जांच दल का नेतृत्व किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, सीआईडी (अपराध जांच विभाग) ने कथित भाईचंद हीराचंद रायसोनी (बीएचआर) घोटाले से संबंधित जांच की। सीआईडी ने राज्य के गृह विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने कहा कि राज्य के गृह विभाग ने पुणे पुलिस को सीआईडी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

## मदरसों को मुफ्त कानूनी मदद देने के लिए एनजीओ ने शुरू की हेल्पलाइन

**नई दिल्ली।** देश में मदरसों को कानूनी मामलों में मुफ्त सहायता प्रदान करने के मकसद से एक गैर सरकारी संगठन ने हेल्पलाइन शुरू की है। आरईसीटी ऑफ लीगल सेल नामक संगठन के प्रमुख सैयद काब रशीदी का कहना है कि बड़ी संख्या में ऐसे मदरसे हैं जो कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित कानूनी मदद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने यहां कहा, मदरसों के सामने वित्तीय बाधाओं के साथ उचित कानूनी मदद की अनुपलब्धता भी एक चुनौती है। कई मामलों में इन संस्थानों को नोटिस मिलते हैं, लेकिन उनकी ओर से उचित जवाब दाखिल नहीं किया जाता। ऐसे में हमारे संगठन ने मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने का फैसला किया है।

### कश्मीरी पंडितों ने राजनीतिक दलों से कहा

# घाटी में उनकी वापसी और पुनर्वास की मांग पर ध्यान दें



जम्मू।(भाषा) जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नजदीक आते ही विस्थापित कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी में अपने गृह निर्वाचन क्षेत्रों से मीलों दूर होने के बावजूद मतदान करने के लिए उत्सुक हैं और वे चाहते हैं कि वापसी तथा पुनर्वास की उनकी प्राथमिक मांग पूरी की जाए। आतंकवाद के बढ़ने के कारण 1990 में पलायन के बाद से देश के विभिन्न हिस्सों में फैला यह समुदाय विधानसभा चुनावों में अपने एजेंडे के रूप में शांति, सुरक्षा और सम्मान के साथ घाटी में स्थाई बसावट की वकालत कर रहा है। रेडियो शारदा के निदेशक रमेश हंगलू ने कहा, जम्मू-कश्मीर में सभी ने चुनावों का स्वागत किया है। लोकतंत्र में हमेशा से विश्वास रखने वाले कश्मीरी पंडितों ने इसका स्वागत किया है। हमारी अपेक्षा है कि हमारे वोट का सही इस्तेमाल हो। निर्वाचन आयोग ने हमें जो अधिकार दिए हैं, उसके अनुसार हम मतदान केंद्रों पर जाएंगे और वोट डालेंगे।

हंगलू ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। हम राहत और पुनर्वास चाहते हैं और अंततः कश्मीर में अपने घरों को लौटना चाहते हैं। यह हमारी मुख्य मांग है। हम इस मांग पर दृढ़ रहना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं। समुदाय के सदस्यों को लंबे समय से लगता रहा है कि राजनीतिक दलों ने उनकी उपेक्षा की है और घाटी में वापसी एवं पुनर्वास के बारे में उनकी चिंताओं को दूर करने में विफल रहे हैं। वर्षों से वे कश्मीर में अपने बसने की वकालत करते रहे हैं, चाहे वह एक ही किसी खास स्थान पर हो या उत्तर, मध्य और दक्षिण कश्मीर में तीन अलग-अलग क्षेत्रों में फैला हो। कश्मीरी पंडित आईटी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और व्यवसाई अरविंद कौल ने कहा, देश में शरणार्थी के रूप में रह रहे कश्मीरी पंडित के रूप में मेरी बड़ी उम्मीदें हैं कि जो भी सरकार बने, उसे घाटी में कश्मीरी पंडितों की वापसी और पुनर्वास को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने अफसोस जताया कि पिछले 30 वर्षों में किसी भी सरकार ने हमारे मुद्दों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया। कश्मीरी पंडितों का कहना है कि उन्होंने दशकों में कई बार विस्थापन झेला है। उनमें से कई लोगों का कहना है कि उनका असली घर कश्मीर में है, न कि घाटी के बाहर के स्थानों में, जहां उन्होंने विस्थापन के बाद से घर बना लिए हैं। उन्होंने कि वे अब भी खुद को अपनी ही भूमि पर शरणार्थी के रूप में देखते हैं। प्रेम नाथ शास्त्री संस्कृत शोध संस्थान (पीएनएसएसएसएस) की प्रशासक रोहिणी ज्योति ने कहा, हम सात बार पलायन का सामना कर चुके हैं, हमलों के कारण सात बार पलायन करना पड़ा है। उन्होंने कहा, वर्ष 1990 में पूरे समुदाय को घाटी से बाहर निकाल दिया गया था। तब से हम यहां शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। हमारे पास यहां घर हैं, लेकिन हम उन्हें घर नहीं कह सकते। यह हमारा जन्म स्थान नहीं है। सरकार को हमारी बात सुननी चाहिए। यह विचारधारा की लड़ाई है। अगर सरकार चाहे तो वह हमें घाटी में फिर से बसा सकती है और हमें कश्मीर वापस ला सकती है। इस भावना को दोहराते हुए, हंगलू ने उनकी (कश्मीरी पंडितों की) वापसी के लिए एक सुविचारित योजना की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, पिछले 30 वर्षों से इस पर चर्चा की जा रही है। लेकिन हमें अपनी शर्तों के तहत वापस लाने का तरीका महत्वपूर्ण है। हम घाटी में वापसी का समर्थन करते हैं, लेकिन क्रियान्वयन योजना महत्वपूर्ण है। यह एक दीर्घकालिक रणनीति होनी चाहिए, न कि केवल एक अस्थाई पुनर्वास। हमारी जड़ें वहां हैं, वहां एक अनुकूल माहौल होना चाहिए और हम सभी को इसके लिए काम करना चाहिए। घाटी में समुदाय के पुनर्वास के इस गंभीर मानवीय मुद्दे को कथित रूप से कमजोर करने के लिए राजनीतिक दलों पर कटाक्ष करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता विकास रैना ने कहा, तीन लाख कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया है। सरकारें केवल दिखावटी सेवा के माध्यम से इस मुद्दे का समाधान कर रही है। चुनावों से पहले, राहत और पुनर्वास विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं कि कश्मीरी प्रवासी स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से मतदान कर सकें।

# भारत ने अमेरिकी हथियार निर्माता सिग सॉयर को और 73 हजार सिग 716 राइफल का ऑर्डर दिया

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारत ने अमेरिका की हथियार निर्माता कंपनी सिग सॉयर को और 73,000 सिग716 राइफल का ऑर्डर दिया है। कंपनी ने यह जानकारी दी। अमेरिकी कंपनी ने यह भी कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयासों में साझेदार बनने पर उसे गर्व है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद जारी रहने के बीच यह कदम उठाया गया है। रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने पिछले साल दिसंबर में अतिरिक्त 73,000 सिग राइफल की खरीद के लिए मंजूरी दी थी। अमेरिका में जारी एक बयान में सिग सॉयर ने कहा कि वह भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के साथ और 73,000 सिग716 राइफलों की आपूर्ति के लिए दूसरे खरीद अनुबंध की घोषणा करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही है। बयान के अनुसार, यह आपूर्ति होने के बाद भारतीय सेना के पास।,45,400 सिग716 राइफल होंगी। भारत ने इससे पहले सिग सॉयर को 2019 में 72,400 सिग716 राइफल की आपूर्ति का अनुबंध दिया था। बयान में कहा गया है, फील्ड में इसके सफल रहने और सैनिकों के बीच इसकी भारी स्वीकृति के कारण अतिरिक्त 73,000 राइफलों के लिए एक और ऑर्डर मिला है। बयान में सिग सॉयर के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रॉन कोहेन के हवाले से कहा गया, हमें भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयास में साझेदार होने पर गर्व है, और इससे भी अधिक गर्व इस बात पर है कि सिग716 राइफल ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना होने के साथ रक्षा मंत्रालय के आधुनिकीकरण लक्ष्यों को प्राप्त किया है। सिग सॉयर राइफलों की खरीद, स्वदेश निर्मित इंसास राइफलों को प्रतिस्थापित करने की दिशा में एक कदम है। इंडियन स्मॉल आर्म्स सिस्टम (इन्सास) को 1988 में सेना में शामिल किया गया था। वर्ष 1993 में राइफल के डिजाइन में बदलाव किया गया।

# इजराइल ने वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया, नौ फलस्तीनियों की मौत

**अल-फारा रिफ्यूजी कैम्प (वेस्ट बैंक)।** इजराइल ने बुधवार को वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया जिसमें कम से कम नौ फलस्तीनियों की मौत हो गई और सेना ने संवदेनशील जेनिन शहर को घेर लिया है। फलस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल ने सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से लगभग हर दिन वेस्ट बैंक पर हमले किए हैं। इजराइली सेना के एक प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने कहा कि बड़ी संख्या में सैनिक संवदेनशील जेनिन शहर में घुसे जो लंबे समय से आतंकवादियों का गढ़ रहा है। सैनिक तुल्कारिम शहर और अल-फारा रिफ्यूजी कैम्प में भी घुसे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान मारे गए सभी नौ लोग आतंकवादी थे। इनमें से तीन तुल्कारिम में एक हवाई हमले में तथा चार अल-फारा में एक हवाई हमले में मारे गए। पांच अन्य संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। फलस्तीनी आतंकवादी समूहों ने कहा कि इजराइली सेना के साथ उनकी मुठभेड़ जारी है। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने फलस्तीनी रेडियो से कहा कि इजराइली बलों ने शहर को घेर लिया है, निकासी और प्रवेश बिन्दुओं को बंद कर दिया है तथा अस्पतालों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। वेस्ट बैंक में फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली बलों ने एक अस्पताल तक जाने वाली सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है और जेनिन में अन्य चिकित्सा केंद्रों की घेराबंदी कर दी है।

शोशनी ने कहा कि सेना आतंकवादियों को अस्पतालों में शरण लेने से रोकने का प्रयास कर रही है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने गाजा के साथ तुलना करते हुए वेस्ट बैंक में भी इसी तरह के कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमें खतरे से उसी तरह निपटना चाहिए जैसे कि हम गाजा में आतंकवादी बुनियादी ढांचे से निपटे थे जिनमें फलस्तीनी निवासियों को अस्थाई रूप से हटाना और हर आवश्यक कदम उठाना शामिल है। यह हर तरह से एक युद्ध है और हमें इसे जीतना होगा। शोशनी ने कहा कि नागरिकों को बाहर निकालने की कोई योजना नहीं है। हमास ने वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों से इसके खिलाफ खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा कि ए हमले गाजा में युद्ध का विस्तार करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा हैं और उसने युद्ध में इजराइल के लिए अमेरिकी समर्थन को जिम्मेदार ठहराया।

फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी के अनुसार, फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नाबिल अबू रुदेनेह ने हमलों की निंदा की और अमेरिका से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। गाजा में 10 महीने से अधिक समय पहले युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में 600 से अधिक फलस्तीनियों को मार गिराया है। इजराइल का कहना है कि हमास तथा अन्य आतंकवादी समूहों का खात्मा करने तथा इजराइलियों पर हमले रोकने के लिए इस अभियान की आवश्यकता है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वेस्ट बैंक के एक अन्य शहर तुबास में बुधवार को तड़के सात लोगों और जेनिन में दो लोगों की मौत हो गई। मंत्रालय ने जेनिन में मारे गए लोगों की पहचान कासिम जबरीन (25) और आसिम बलूत (39) के रूप में की है।

## संरा के म्यांमा से संबंधित प्रस्ताव में नागरिकों पर सैन्य हमलों की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** ब्रिटेन ने म्यांमा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र का एक व्यापक प्रस्ताव सदस्य देशों को वितरित किया है, जिसमें शांति प्रयासों को नए सिरे से शुरू करने का आग्रह किया गया है, नागरिकों पर हमलों, खासतौर पर सेना द्वारा किए गए हमलों की निंदा की गई है और अवैध हथियारों की तस्करी रोकने का आह्वान किया गया है। एसोसिएटेड प्रेस को मंगलवार को प्रस्ताव का मसौदा प्राप्त हुआ जिसमें म्यांमा में बढ़ती हिंसा पर चिंता व्यक्त की गई है। म्यांमा में इन दिनों सैन्य शासन और प्रतिरोधी बलों के बीच गृहयुद्ध छिड़ा हुआ है। प्रस्ताव में बड़े पैमाने पर सुरक्षित, तेजी से और निर्बाध मानवीय सहायता की पहुंच को आसान बनाने का आह्वान किया गया है तथा देश में बिगड़ती मानवीय स्थिति और सहायता पहुंचाने पर लगाए गए प्रतिबंधों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। ऐसी स्थिति के कारण देश में भुखमरी बढ़ रही है। इसमें आगाह किया गया है कि मौजूदा हालात में भेदभाव, जातीय आधारित हिंसा, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन, मानवाधिकारों का हनन और संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में यौन शोषणा की घटनाएं और अधिक बढ़ने की आशंका है। लोकतंत्र समर्थक गुरिल्ला और अराकान सेना सहित जातीय अल्पसंख्यक सशस्त्र बल देश के सैन्य शासकों को हटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सेना ने एक फरवरी 2021 को आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली थी। सू ची और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया था जो अब तक रिहा नहीं हुए हैं।

## मेक्सिको ने अमेरिकी और कनाडाई दूतावासों के साथ संबंधों को अल्प विराम दिया

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने प्रस्तावित न्यायिक सुधार पर चिंता व्यक्त करने के कारण अमेरिका और कनाडा के दूतावासों के साथ संबंधों में अल्प विराम का फैसला किया है। आलोचकों का कहना है कि न्यायिक सुधार संबंधी इन कदमों से मेक्सिको की न्यायपालिका की स्वतंत्रता कमजोर हो सकती है। मेक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि इस अल्प विराम का तात्पर्य क्या है। औपचारिक कूटनीतिक भाषा में इस शब्द का इस्तेमाल नहीं किया जाता और मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने भी इस बारे में टिप्पणी करने के एसोसिएटेड प्रेस के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। मेक्सिको के राष्ट्रपति के न्यायिक सुधार प्रस्ताव में न्यायाधीशों को चुने जाने संबंधी प्रावधान शामिल है। विश्लेषकों, न्यायाधीशों एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को आशंका है कि इससे न्यायालयों में कम अनुभव वाले एवं राजनीतिक रूप से पक्षपाती व्यक्तियों की नियुक्ति हो सकती है।

इस प्रस्ताव के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं और इसकी व्यापक आलोचना हो रही है। अमेरिकी राजदूत केन सालाजार ने इस प्रस्ताव को लोकतंत्र के लिए जोखिम बताते हुए पिछले सप्ताह कहा था कि इससे मेक्सिको के अमेरिका के साथ वाणिज्यिक संबंधों पर असर पड़ सकता है। ओब्राडोर ने राजदूत की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने मैक्सिको की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। ओब्राडोर ने मंगलवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि ए तीखी टिप्पणियां सालाजार की नहीं, बल्कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की थीं। उन्होंने कहा, हम उन्हें (सालजार) देश छोड़ने के लिए नहीं कह रहे। हमें उम्मीद है कि वह मेक्सिको की स्वतंत्रता और संप्रभुता का सम्मान करने का वादा करेंगे लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता और वह इन नीतियों को जारी रखते हैं, तब तक संबंधों में अल्प विराम रहेगा। ओब्राडोर ने इस प्रस्ताव पर आशंका व्यक्त करने के लिए कनाडा पर उसके आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया और उसके साथ संबंधों को लेकर भी इसी तरह का कदम उठाने की घोषणा की।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों में अपनी पार्टी की संलिप्तता से जमात-ए-इस्लामी प्रमुख का इनकार

**ढाका।** जमात-ए-इस्लामी पार्टी शफीकुर रहमान ने कहा है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों में उनकी पार्टी शामिल नहीं थी और उन्होंने अपनी पार्टी की नकारात्मक छवि के लिए दुर्भावनापूर्ण मीडिया अभियान को जिम्मेदार ठहराया। रहमान ने उन आरोपों का भी खंडन किया कि उनकी पार्टी बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल थी। भारत से कहा कि अगर कोई सबूत है तो वह पेश करे। बांग्लादेश में जमात कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदुओं पर हमले के आरोपों को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए रहमान ने आरोपों को निराधार बताया। हम अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक धारणा में विश्वास नहीं करते हैं, हम एकता में विश्वास करते हैं। हम हिंदुओं को अल्पसंख्यक नहीं मानते हैं, वे बांग्लादेश में हमारे भाई और मित्र हैं। हम अपने हिंदू भाइयों के साथ हैं और हम उनके साथ खड़े रहेंगे।

रहमान ने कहा, जमात के कार्यकर्ताओं ने पांच अगस्त के बाद हिंदुओं के मंदिरों और घरों की रखवाली की ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। ए निराधार आरोप हैं। जमात के कार्यकर्ता और नेता हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले 16 साल में आप एक भी ऐसा उदाहरण नहीं दिखा सकते, जहां जमात ने हिंदुओं की संपत्ति पर कब्जा किया या उसे लूटा हो। अवामी लीग के नेताओं ने ऐसा किया है और इसका आरोप हम पर लगाया है। जमात का मानना है कि बांग्लादेश के नागरिक के रूप में, सभी समुदायों के सदस्यों को इस देश में समान अधिकार हैं। हमारा संविधान इसकी गारंटी देता है। हमने अपने हिंदू भाइयों पर कभी अत्याचार नहीं किया। वे हमारे भाई और मित्र हैं। रहमान ने जमात-ए-इस्लामी की नकारात्मक छवि के लिए दुर्भावनापूर्ण मीडिया अभियान को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, यह धारणा कि हम उग्रवादी संगठन हैं, पूरी तरह गलत है।

# सौहार्दपूर्ण संबंध चाहता है बांग्लादेश, हस्तक्षेप नहीं: जमात-ए-इस्लामी प्रमुख

**ढाका।** बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने कहा है कि उनकी पार्टी भारत के साथ सौहार्दपूर्ण और स्थिर संबंध चाहती है, लेकिन साथ ही कहा कि नई दिल्ली को पड़ोस में अपनी विदेश नीति पर पुनर्विचार करने की जरूरत है, क्योंकि द्विपक्षीय संबंधों का मतलब एक-दूसरे के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप करना नहीं है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के अमीर (प्रमुख) रहमान ने पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि उनकी पार्टी भारत और बांग्लादेश के बीच घनिष्ठ संबंधों का समर्थन करती है, लेकिन यह भी मानती है कि बांग्लादेश को अतीत को पीछे छोड़कर अमेरिका, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के साथ मजबूत और संतुलित संबंध बनाए रखना चाहिए।



रहमान (65) ने दलील दी कि जमात-ए-इस्लामी को भारत विरोधी मानने की नई दिल्ली की धारणा गलत है। उन्होंने कहा, जमात-ए-इस्लामी किसी देश के खिलाफ नहीं है, यह एक गलत धारणा है। हम बांग्लादेश के समर्थक हैं और केवल बांग्लादेश के हितों की रक्षा करने में रुचि रखते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इस धारणा को बदलने की जरूरत है। जमात-ए-इस्लामी ने सुझाव दिया कि बेहतर होता यदि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अशांति के कारण इस्तीफा देने के बाद भारत नहीं भागतीं। उन्होंने कानून का सामना करने के लिए उनके बांग्लादेश लौटने की वकालत की। उन्होंने कहा, भारत हमारा पड़ोसी है और हम अच्छे, स्थिर और सामंजस्यपूर्ण द्विपक्षीय संबंध चाहते हैं। हालांकि, भारत ने अतीत में कुछ ऐसे काम किए हैं जो बांग्लादेश के लोगों को पसंद नहीं आए।

उदाहरण के लिए, 2014 के बांग्लादेश चुनावों के दौरान, एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने ढाका का दौरा किया और निर्देश दिया कि किसे भाग लेना चाहिए और किसे नहीं। यह अस्वीकार्य था, क्योंकि यह पड़ोसी देश की भूमिका नहीं है। हमारा मानना है कि भारत अंततः बांग्लादेश के संबंध में अपनी विदेश नीति का पुनर्मूल्यांकन करेगा। हमारा मानना है कि एक-दूसरे के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप से बचना चाहिए।

रहमान ने कहा कि जमात-ए-इस्लामी चाहती है कि भारत उसका मित्र बने और द्विपक्षीय संबंधों में जिम्मेदार भूमिका निभाए , साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी पार्टी संबंधों को बेहतर बनाने की अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करती है, लेकिन चाहती है कि ए संबंध एक-दूसरे के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप न करने वाले होने चाहिए। उन्होंने ढाका में पीटीआई से कहा, साथ मिलकर काम करना और हस्तक्षेप करना दो अलग-अलग बातें हैं। साथ मिलकर काम करना सकारात्मक अर्थ रखता है, जबकि हस्तक्षेप नकारात्मक है। द्विपक्षीय संबंधों का मतलब सहयोग और आपसी सम्मान होना चाहिए। भारत हमारा सबसे करीबी पड़ोसी हैअ हम जमीन और समुद्री दोनों सीमाएं साझा करते हैं, इसलिए हमारे बीच अच्छे संबंध होने चाहिए क्योंकि आप अपने पड़ोसी से दूर नहीं रह सकते।

बांग्लादेश में जमात कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदुओं पर हमले के आरोपों से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए रहमान ने इन्हें निराधार बताते हुए इनका खंडन किया। रहमान ने जमात-ए-इस्लामी के नकारात्मक चित्रण के लिए दुर्भावनापूर्ण मीडिया अभियान को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पिछले 15 वर्षों में शेख हसीना सरकार द्वारा किए गए अत्याचारों का सबसे ज्यादा शिकार होने के बावजूद, हम अब भी डटे हैं और जमात को अब भी लोगों का समर्थन प्राप्त है। पाकिस्तान के साथ संबंधों पर रहमान ने कहा, हम उनके साथ भी अच्छे संबंध चाहते हैं। हम उपमहाद्वीप में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमा, भूटान और श्रीलंका सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ समान और संतुलित संबंध चाहते हैं। स्थिरता बनाए रखने के लिए यह संतुलन बहुत जरूरी है।

## राजनीतिक अशांति और बाढ़ के बीच संकट से जूझ रहा बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग

**ढाका।** बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ कहा जाने वाला कपड़ा उद्योग हिंसक विरोध-प्रदर्शनों, विनाशकारी बाढ़ और राजनीतिक अशांति के कारण संकट से जूझ रहा है। इसके कारण क्षेत्र की वृद्धि और वैश्विक स्तर पर उसकी पहुंच खतरे में आ गई है। बांग्लादेश की कुल निर्यात आय में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी कपड़ा उद्योग की है और यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देता है। कपड़ा उद्योग देश में लाखों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ व्यापक स्तर पर हुए विरोध-प्रदर्शनों के कारण पांच अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और देश छोड़कर भारत चली गई थीं। वह फिलहाल भारत में ही हैं। देश में दो माह तक प्रदर्शन, कर्फ्यू और हिंसा देखी गई। इस अशांति ने न केवल कारखानों के संचालन को बाधित किया है, बल्कि इससे गंभीर आर्थिक नुकसान भी हुआ। बांग्लादेश गार्मेंट मैनुफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (बीजीएमईए) ने हाल ही में वित्तीय घाटे की रिपोर्ट जारी की जिसमें बंद और संचार व्यवस्था बाधित होने के कारण 6,400 करोड़ टका (लगभग 4,500 करोड़ रुपए) के नुकसान का अनुमान जताया गया। बीजीएमईए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष खांडोकर रफीक-उल इस्लाम ने कहा कि इस वर्ष निर्यात को लगभग 45 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाएगा। मेरा मानना है कि यह स्थाई संकट नहीं है और हम इससे उबर जाएंगे। नुकसान के सही आकलन का बाद में पता चलेगा, लेकिन हां, इसका (अशांति और बाढ़ का) असर हुआ है। पूर्व मंत्री एवं बीजीएमईए के अध्यक्ष गुलाम सरवर मिलन ने कहा कि राजनीतिक अशांति और बाढ़ से कपड़ा उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है, क्योंकि उत्पादन और कच्चे माल की आपूर्ति शृंखला दोनों पर बुरा असर पड़ा है। कपड़ा उद्योग अभूतपूर्व संकट से जूझ रहा है। उत्पादन पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में लगभग 15-20 प्रतिशत कम है। कई ऑर्डर प्रभावित हुए हैं क्योंकि निवेशक और ऑर्डर लाने वाले निवेश करने से कतरा रहे हैं। कई छोटी इकाइयां या तो बंद हो गई हैं या बड़ी इकाइयों के लिए ठेके पर काम कर रही हैं। बीजीएमईए सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश में कपड़े के लगभग तीन हजार छोटे-बड़े कारखानों में से लगभग 800-900 पिछले साल से बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा, बड़े कारखाने तो बच गए हैं छोटे और मध्यम स्तर के कारखानों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अगर यही हालात रहे तो स्थिति और खराब होगी। बाढ़ ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है, जिससे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है तथा परिवहन व्यवस्था जटिल हो गई है। डेल्टाई बांग्लादेश और भारत के ऊपरी इलाकों में मानसून की बारिश से आई बाढ़ के कारण कई लोगों की जान चली गई और लगभग 30 लाख लोग बेघर या प्रभावित हुए हैं, जिससे सत्ता परिवर्तन के बीच नवगठित अंतरिम सरकार के सामने एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती खड़ी हो गई है। पूर्व सैन्य मेजर एवं ऊनी कपड़ों के कारखाने के मालिक महफूजुर रहमान ने कहा, बाढ़ के कारण आपूर्ति शृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है। हम 2023-24 में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे, जब हमारा कपड़ा निर्यात 46 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास पहुंच गया था। इस बार इसमें बेहद कमी आने की आशंका है।

## अमेरिका में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए करीब 24,000 भारतीयों ने किए हस्ताक्षर, मोदी करेंगे संबोधित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय प्रवासी समुदाय के 24,000 से अधिक सदस्यों ने एक विशाल सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हस्ताक्षर किए हैं, जिसे अगले महीने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। मोदी एंड यूएस प्रोग्रेस टूगेदर नामक कार्यक्रम नासाउ वेटरन्स मेमोरियल कॉलेजियम में 22 सितंबर को आयोजित होगा। इसमें 15,000 लोगों के बैठने की क्षमता है। इंडो-अमेरिकन कम्युनिटी ऑफ यूएसए (आईएसीयू) ने मंगलवार को कहा कि 24,000 से अधिक भारतीय-अमेरिकियों ने इस विशाल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हस्ताक्षर किए हैं जिसे प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे। मोदी का 26 सितंबर को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। आईएसीयू ने बताया कि कम से कम 42 राज्यों के भारतीय-अमेरिकियों के इस कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना है।

## यूनुस नीत अंतरिम सरकार ने जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर से प्रतिबंध हटाया

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार ने बुधवार को जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर से प्रतिबंध हटा दिया। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने शासन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। हसीना सरकार ने पार्टी को उग्रवादी और आतंकवादी संगठन बताते हुए प्रतिबंधित कर दिया था और उसकी छात्र इकाई और अन्य संबद्ध संगठनों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर आंदोलन भड़काने का दोषी ठहराया था।

संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार, हिंसक विरोध प्रदर्शनों और हसीना सरकार की कार्रवाई में 600 से अधिक लोग मारे गए। गृह मंत्रालय ने बुधवार को पार्टी पर से प्रतिबंध हटा दिया, जिससे उसे अपनी गतिविधियां फिर शुरू करने का रास्ता मिल गया। चुनाव लड़ने के लिए उसे निर्वाचन आयोग में पंजीकृत कराना होगा। पार्टी के नेतृत्व की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जमात-ए-इस्लामी पर 2013 से चुनावों में भाग लेने पर रोक है, जब आयोग ने उसका पंजीकरण रद्द कर दिया था और उच्च न्यायालय ने इस निर्णय को बरकरार रखा था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि पार्टी ने धर्मनिरपेक्षता का विरोध करके संविधान का उल्लंघन किया है। बांग्लादेश के विधि मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा कि हसीना सरकार का प्रतिबंध राजनीति से प्रेरित था और किसी विचारधारा पर आधारित नहीं था। हसीना की प्रतिद्वंद्वी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने भी प्रतिबंध के लिए पूर्ववर्ती सरकार को दोषी ठहराया।

## ढाका में झील से बरामद किया महिला टीवी पत्रकार का शव

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** की राजधानी ढाका में एक झील से बुधवार को 32 वर्षीय महिला टीवी पत्रकार का शव बरामद किया गया। मीडिया में जारी की गई खबरों में यह जानकारी दी गई। मृतक की पहचान सारा रहनुमा के रूप में हुई है। वह बांग्ला भाषा के सैटेलाइट और केबल टीवी चैनल गाजी टीवी की न्यूजरूम एडिटर थीं। यह गाजी ग्रुप का चैनल है। ढाका ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित की गई खबर में बताया गया कि ढाका की हातिरझील में सारा रहनुमा का शव तैरता हुआ पाया गया। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) पुलिस चौकी के प्रभारी निरीक्षक बच्चू मिया ने महिला पत्रकार का शव मिलने की पुष्टि की।

पैदल यात्रियों ने झील से उनका शव निकाला और ढाका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मंगलवार देर रात दो बजे मृत घोषित कर दिया। सारा को अस्पताल लाने वाले सागर नामक व्यक्ति ने बताया, मैंने महिला को हातिरझील में तैरते देखा था, जिसके बाद उन्हें डीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सारा ने अपनी मौत से पहले सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर मंगलवार रात की गई एक पोस्ट में फहीम फैसल नामक व्यक्ति को टैग किया था। उन्होंने पोस्ट में लिखा था, तुम्हारे जैसा दोस्त पाकर बहुत अच्छा लगा। अल्लाह हमेशा तुम्हारा भला करे। उम्मीद है, तुम जल्द ही अपने सारे सपने पूरे कर लोगे। मुझे पता है कि हमने साथ मिलकर बहुत सारी योजनाएं बनाई थीं। माफ करना हम अपनी योजनाएं पूरी नहीं कर पाए। भगवान तुम्हारे जीवन के हर क्षेत्र में तुम्हारा भला करे।

सारा ने इससे पहले एक पोस्ट में लिखा था, मृत्यु जैसा जीवन जीने से मर जाना बेहतर है। निरीक्षक बच्चू मिया ने कहा कि डीएमसीएच मुर्दाघर में शव रखा गया। पुलिस ने कहा कि सारा की मौत का कारण जानने के लिए जांच की जाएगी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के अमेरिका में रहने वाले बेटे साजिब वाजेद ने महिला पत्रकार की मौत को राजनीतिक रंग देते हुए कहा कि यह देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक और क्रूर हमला है।

वाजेद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गाजी टीवी की न्यूजरूम एडिटर सारा रहनुमा मृत पाई गईं। उनका शव ढाका शहर में हातिरझील से बरामद किया गया। यह बांग्लादेश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक और क्रूर हमला है। गाजी टीवी एक धर्मनिरपेक्ष समाचार चैनल है जिसके मालिक गुलाम दस्तगीर गाजी हैं जिन्हें हाल में गिरफ्तार किया गया था। बांग्लादेश के न्यूज चैनल समय न्यूज ने उनके पति सईद शुवरो के हवाले से बताया कि घटना के दिन सारा काम पर गई थीं, लेकिन रात को घर नहीं लौटीं। शुवरो को तड़के करीब तीन बजे सूचना मिली कि सारा ने हातिरझील में छलांग लगा दी है। शुवरो ने बताया कि सारा उससे तलाक लेना चाहती थी। समाचार चैनल ने कहा कि सारा की मौत की परिस्थितियां रहस्यमई लग रही हैं।

## रूस के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के बीच अमेरिका संयंत्र ने तोप के गोलों का उत्पादन बढ़ाया

**स्क्रैंटन (अमेरिका)।** रूस के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई में इस्तेमाल के लिए तोप के गोले बनाने वाले पेनसिल्वेनिया स्थित संयंत्र ने बढ़ती मांग के मद्देनजर उत्पादन को 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। ऐतिहासिक कारखाने के 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से किए जा रहे आधुनिकीकरण के बारे में बताते हुए उत्पादन में हुई वृद्धि की इस सप्ताह जानकारी दी। स्क्रैंटन आर्मी एम्युनीशन प्लांट इस्पात की 2,000 पाउंड (907 किलोग्राम) छड़ों को काटकर 155 मिमी हॉवित्जर के गोलों में ढालता है, जिन्हें आयोवा भेजा जाता है और वहां उन्हें विस्फोटकों से भरा जाता है और फ्यूज से जोड़ा जाता है। वहां से कई गोलों को यूक्रेन में लड़ाई के लिए भेजा जाता है जहां इनकी अत्यधिक मांग है। स्क्रैंटन संयंत्र के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि उसने निकटवर्ती विल्क्स-बें में स्थित दो अन्य गोला-बारूद संयंत्रों के साथ मिलकर अपना उत्पादन 24,000 गोले प्रति माह से हाल में बढ़ाकर 36,000 गोले प्रति माह कर दिया है। उन्होंने बताया कि तीन नई उत्पादन लाइन विकसित की जा रही हैं।,

## पाकिस्तान में बिजली दरों में वृद्धि और नए करों के विरोध में व्यापारियों ने हड़ताल की

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में बिजली की दरों में वृद्धि और दुकानदारों पर लगाए गए नए करों के विरोध में बुधवार को व्यापारी हड़ताल पर चले गए तथा प्रमुख शहरों और नगरीय क्षेत्रों में अपने कारोबार बंद कर दिए। पिछले महीने पाकिस्तान द्वारा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ सात अरब अमेरिकी डॉलर के नए ऋण के लिए समझौता किए जाने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने बिजली की दरों में लगातार वृद्धि की है। इन बढ़ती दरों ने भारी असंतोष पैदा कर दिया है और लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।

बुधवार को पूरे पाकिस्तान में अधिकतर बाजार बंद रहे, हालांकि दवाओं की दुकानें और किराना दुकानें खुली रहीं। हड़ताल कर रहे एक नेता काशिफ चौधरी ने कहा कि आम जनता को असुविधा न हो, इसलिए इन दुकानों को बंद नहीं किया गया। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद, निकटवर्ती शहर रावलपिंडी और देश की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर तथा मुख्य आर्थिक केंद्र कराची में दुकानें बंद रहीं।

हड़ताल का आह्वान धार्मिक जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान पार्टी के प्रमुख नईम-उर-रहमान ने किया और अधिकांश व्यापारी संगठनों ने इसका समर्थन किया। हालांकि, उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा और दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांतों में व्यापारियों ने आंशिक हड़ताल की, जहां कुछ दुकानें खुली रहीं। हड़ताल का उद्देश्य हाल ही में बिजली बिलों में की गई बढ़ोतरी तथा आईएमएफ के साथ हुई वार्ता के बाद लगाए गए विवादास्पद कर को वापस लेने के लिए सरकार पर दबाव डालना है।

जुलाई में हुआ समझौता पाकिस्तान द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था को सहारा देने और वैश्विक ऋणदाता से आर्थिक सहयोग के माध्यम से अपने ऋणों से निपटने के लिए किया गया नवीनतम प्रयास था। इस वर्ष की शुरुआत में, आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए 1.1 अरब डॉलर के तत्काल ऋण को मंजूरी दी थी।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सांप्रदायिक हिंसा में दो शिया मारे गए

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक घातक सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम दो शिया लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक अन्य घायल हो गए, जिसके कारण अधिकारियों को क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। दो संप्रदायों (शिया और सुन्नी) के बीच संघर्ष लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर मियांवाली जिले के कालाबाग टाउन में सोमवार शाम से शुरू हुआ और मंगलवार देर शाम तक जारी रहा। पैगम्बर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन से जुड़े चेहल्लुम के अवसर पर कालाबाग कस्बे में एक निश्चित मार्ग से जुलूस निकालने को लेकर दो संप्रदायों के बीच तनाव बढ़ गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को पीटीआई भाषा को बताया कि सुन्नियों ने इस बात पर आपत्ति जताई थी कि शियाओं को उस रास्ते से जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, जिस रास्ते से उनकी मस्जिदें जाती हैं। हालांकि शियाओं ने जोर देकर कहा कि वे किसी भी प्रतिबंध की परवाह किए बिना शहर में जुलूस निकालेंगे। अधिकारी ने बताया कि शियाओं ने निश्चित मार्ग पर जुलूस निकाला जिसके कारण सांप्रदायिक झड़प हुई। उन्होंने कहा, दोनों संप्रदायों के बीच गोलीबारी सोमवार शाम को शुरू हुई और मंगलवार देर रात तक चली। गोली लगने से घायल हुए करीब 33 लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां दो शिया लोगों की मौत हो गई जबकि तीन से चार अन्य की हालत गंभीर है। घातक झड़प के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाकिस्तान रेंजर्स को क्षेत्र में तैनात किया गया।

# कमला हैरिस बना सकती हैं इतिहास

**● 1836 से केवल एक उपराष्ट्रपति को ही चुना गया है राष्ट्रपति**

**भाषा।** न्यूयार्क

**उपराष्ट्रपति** कमला हैरिस व्हाइट हाउस के लिए अपना अभियान शुरू कर रही हैं और वह खुद का नाम इतिहास में दर्ज कराने के लिए भी पूरी मशक्कत करेंगी। साल 1836 के बाद से, केवल एक मौजूदा उपराष्ट्रपति जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश 1988 में राष्ट्रपति पद पर चुने गए थे। उपराष्ट्रपति रहते हुए व्हाइट हाउस पहुंचने की कोशिश में असफल रहे लोगों में 1960 में रिचर्ड निक्सन, 1968 में ह्यूबर्ट हम्फ्री और 2000 में अल गोर शामिल रहे हैं। युद्ध और घोटालों से लेकर अपराध और टेलीविजन पर होने वाली बहसों जैसे मुद्दों से प्रभावित चुनावों में तीनों हार गए। लेकिन प्रत्एक उपराष्ट्रपति के लिए दो अन्य कारक भी महत्वपूर्ण साबित हुए: क्या निवर्तमान राष्ट्रपति लोकप्रिय थे और क्या राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बीच संबंध अच्छे थे?

प्रिंसटन विश्वविद्यालय में इतिहास और सार्वजनिक मामलों के प्रोफेसर जूलियन जेलिजर कहते हैं, लोग वास्तव में चाहते हैं कि दोनों मिलकर काम करें। उन्होंने कहा, अगर उपराष्ट्रपति जिस व्यक्ति के साथ काम कर रहा है, वह लोकप्रिय है तो लोग उसकी कार्यशैली को पसंद करते हैं। साल 1988 में, बुश ने मैसाचुसेट्स के गवर्नर डेमोक्रेट माइकल डुकाकिस को आसानी से हरा दिया, जिन्हें रिपब्लिकन ने कमजोर और संपर्क से परे करार दिया था।

बुश को एक ठोस अर्थव्यवस्था और शीत युद्ध के तनाव में कमी से मदद मिली। राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की स्वीकृति रेटिंग 1986-87 के ईरान-कॉन्ट्रा घोटाले के मद्देनजर तेजी से गिरने के बाद बढ़ी और रीगन तथा बुश ने चुनाव अभियान के दौरान एक साथ अच्छा काम किया। रीगन ने अपने उपराष्ट्रपति का खुलकर समर्थन किया, जिन्होंने 1980 के प्राइमरी में उनके खिलाफ चुनाव लड़ा था। उन्होंने रिपब्लिकन सम्मेलन में बुश की प्रशंसा एक प्रतिबद्ध और अमूल्य भागीदार के रूप में की, कैलिफोर्निया की एक रैली में उनके साथ दिखाई दिए और मिशिगन, न्यू जर्सी और मिसौरी में सभाओं में भाषण दिया। इतिहासकार-पत्रकार जोनाथन डारमन ने कहा, रीगन द्वेष रखने वाले व्यक्ति नहीं थे। और बुश ने उपराष्ट्रपति रहते हुए अपने रिश्ते की जटिलता से बाहर निकलने का काम अच्छी तरह से किया।



जब गोर 2000 में चुनाव लड़े, तो उन्हें जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश की तरह ही लाभ मिला। अर्थव्यवस्था मजबूत थी, देश में शांति थी और राष्ट्रपति बिल क्लिंटन को व्हाइट हाउस की इंटर्न मोनिका लेविंस्की के साथ उनके संबंध को लेकर महाभियोग के बावजूद उच्च रेटिंग प्राप्त थी। गोर ने इससे पहले के आठ वर्षों में क्लिंटन के साथ मिलकर काम किया था, लेकिन इस स्कैंडल के कारण उनके बीच तनाव बना रहा।

उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रपति की मौजूदगी को कम से कम रखा और डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में अपने एक्सेप्टेंस भाषण में खुद को अपने दम पर चुनाव में उतरा नेता बताया। जानकार लोग मानते हैं कि क्लिंटन से उनकी दूरी ही उन्हें चुनाव में झटका देने वाली साबित हुई। गोर की तरह, निक्सन भी तत्कालीन राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर की लोकप्रियता का फायदा नहीं उठा सके या नहीं उठाना चाहते थे।

# टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी जाएगी क्योंकि यह खेल का आधार है: जय शाह

भाषा। नई दिल्ली



**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नव-निर्वाचित चेयरमैन जय शाह ने कहा है कि वह अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित करेंगे कि टेस्ट क्रिकेट खेल का आधार बने और इस दौरान वह क्रिकेट की प्रगति में बाधा डालने वाली बाधाओं को दूर करने का भी प्रयास करेंगे। वर्ष 2019 से बीसीसीआई सचिव की भूमिका निभा रहे 35 वर्षीय शाह 62 वर्षीय ग्रेग बार्कले से एक दिसंबर को पदभार ग्रहण करेंगे। वह आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन होंगे। न्यूजीलैंड के बार्कले ने दो साल के लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। बीसीसीआई द्वारा जारी बयान में शाह ने कहा, टी20 स्वाभाविक रूप से एक रोमांचक प्रारूप है लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि टेस्ट क्रिकेट सभी के लिए प्राथमिकता बना रहे क्योंकि यह हमारे खेल का आधार है। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्रिकेटरों को लंबे प्रारूप की ओर आकर्षित किया जाए और हमारे प्रयास इस लक्ष्य की ओर केंद्रित होंगे। शाह ने कहा, मैं अपने कार्यकाल के दौरान प्रतिभा खोज के लिए एक अलग कार्यक्रम स्थापित करने की दिशा में काम करना चाहूंगा और मैं इस कार्यक्रम में आपके समर्थन की आशा करता हूं। शाह ने दुनिया भर में खेल के मानकों को और ऊपर उठाने पर जोर दिया उन्होंने कहा, मैं आईसीसी के सदस्य बोर्डों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने आईसीसी के अध्यक्ष को इस प्रतिष्ठित भूमिका को संभालने के लिए मुझ पर अपना भरोसा जताया। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं दुनिया भर में हमारे खेल के मानक को ऊपर उठाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

## तेंदुलकर ने बीसीसीआई सचिव के रूप में जय शाह के कामकाज की प्रशंसा की



**मुंबई। (भाषा)** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शाह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव के रूप में पुरुष और महिला क्रिकेट को समान प्राथमिकता देने के उनके प्रयासों के कारण भारतीय बोर्ड अन्य संचालन संस्थाओं से काफी आगे निकल गया। शाह ने अक्टूबर 2019 में बीसीसीआई का पद संभाला था। वह पांच साल तक इस पद पर रहे जिसे अब उन्हें छोड़ना पड़ेगा। वह एक दिसंबर को आईसीसी में अपना पद संभालेंगे। तेंदुलकर उन कई क्रिकेटरों में शामिल है जिन्होंने शाह को बधाई और शुभकामनाएं दी है।तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, उत्साही होना और क्रिकेट के लिए कुछ अच्छा करने की भावना रखना एक क्रिकेट प्रशासक के लिए आवश्यक गुण है। जय शाह ने बीसीसीआई सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन गुणों का अच्छी तरह से उपयोग किया। उन्होंने कहा, महिला क्रिकेट और पुरुष क्रिकेट दोनों को प्राथमिकता देने की दिशा में उनके प्रयासों ने बीसीसीआई को अग्रणी बना दिया है जिसका अन्य बोर्ड भी अनुसरण कर सकते है। मैं उन्हें अपनी अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह सबसे कम उम्र में आईसीसी के अध्यक्ष बने है। शाह आईसीसी के प्रमुख बनने वाले पांचवें भारतीय होंगे और तेंदुलकर को उम्मीद है कि वह इस विरासत को आगे ले जाने में सफल रहेंगे। तेंदुलकर ने कहा, भारत के कई खेल प्रशासकों ने इससे पहले भी आईसीसी का नेतृत्व किया है। इनमें जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर शामिल है। मुझे यकीन है कि वह उनकी विरासत को आगे बढ़ाएंगे और क्रिकेट के खेल को आगे ले जाने में सफल रहेंगे।

## लखनऊ के मेंटर नियुक्त किए गए जहीर खान ने इसे नई शुरुआत के लिए खास बताया



**कोलकाता।** (भाषा) भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) का पद संभालने के बाद इसे उस फ्रेंचाइजी के लिए बेहद खास शुरुआत बताया जो दो बार प्लेऑफ में पहुंचने के बावजूद आईपीएल जीतने में नाकाम रही।लखनऊ की टीम ने 2022 में पदार्पण करने के बाद गौतम गंभीर के मेंटर रहते हुए दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई लेकिन पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नही रहा और टीम सातवें स्थान पर रही। जहीर ने मेंटर नियुक्त किए जाने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, लखनऊ आईपीएल में नई फ्रेंचाइजी है लेकिन इसे इस रूप में नही देखा जाना चाहिए क्योंकि टीम हर तरह से तैयार है। उन्होंने कहा, इस फ्रेंचाइजी ने काफी प्रगति की है। लगातार प्लेऑफ में पहुंचकर उसने अपनी निरंतरता दिखाई है जो इस तरह के कड़े टूर्नामेंट में मुश्किल होता है। जब मैं फ्रेंचाइजी की सफलता में अपना योगदान देने के बारे में सोचता हूं तो इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है।

## राहुल एलएसजी का अभिन्न अंग कप्तानी और रिटेंशन पर फैसला करने के लिए अभी काफी समय: गोयनका



**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका ने केएल राहुल के टीम में भविष्य को लेकर अटकलों के बीच उन्हें फ्रेंचाइजी का अभिन्न अंग बताया लेकिन अगले आईपीएल सत्र के लिए खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार रखना) करने और कप्तानी पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करारी हार के बाद राहुल के साथ गोयनका की बहस पिछले सत्र में आईपीएल के चर्चा के केंद्रों में से एक थी। सोमवार को राहुल ने कोलकाता में टीम के मालिक से मुलाकात की और टीम में बने रहने की इच्छा व्यक्त की। महीनों पहले दोनों के बीच चर्चा का वीडियो सामने आने के बाद अटकलें तेज हो गई थीं कि क्या यह बल्लेबाज फ्रेंचाइजी में बरकरार रहना चाहेगा? जहीर को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में पेश करते हुए गोयनका ने पत्रकारों से कहा, देखिए, मैं पिछले तीन वर्षों से केएल से नियमित रूप से मिल रहा हूं। मुझे आश्चर्य है कि इस बैठक को इतनी अधिक सुर्खियां मिली। जैसा कि मैंने कहा है कि हमने रिटेंशन नियम जारी होने तक कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा, लेकिन केएल शुरू से ही एलएसजी परिवार का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह परिवार की तरह हैं और परिवार ही रहेंगे। खिलाड़ियों को रिटेन करने और कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर गोयनका ने कहा कि वे अभी तक किसी निर्णय पर नहीं पहुंचे हैं और बीसीसीआई द्वारा रिटेंशन के नियम जारी किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास इस पर निर्णय लेने के लिए सितंबर, अक्टूबर और नवंबर का पूरा समय है। नीतियों को सामने आने दें। हमने आगे की टीम के बारे में भी नहीं सोचा है, रिटेंशन तीन-चार-पांच या छह खिलाड़ियों का होगा, हमें कोई जानकारी नहीं है। गोयनका ने कहा, इसके लिए अभी काफी समय है इसलिए यह जल्दबाजी होगी। पहले बीसीसीआई को नीति की घोषणा करने दीजिए, फिर इस पर चर्चा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वे नए मेंटर जहीर के नेतृत्व में आमूलचूल बदलाव करने वाले हैं, गोयनका ने कहा, आप हमेशा सुधार करने की कोशिश करते हैं और यह एक निरंतर प्रयास है। जब आपके पास बड़ी नीलामी होती है, तो रीसेट होना तय है, लेकिन आप जितना संभव हो सके कोर खिलाड़ियों को बनाए रखना चाहते हैं। देखते हैं यह कैसे होता है। उन्होंने कहा, कोई नहीं जानता कि क्या होगा। निश्चित रूप से कोच (जस्टिन लैंगर) बरकरार रहेंगे, लांस क्लूसनर (सहायक कोच), जोंटी रोड्स (क्षेत्ररक्षण कोच) भी बरकरार रहेंगे। हम मोर्ने मोर्कल और गौतम गंभीर के लिए खुश हैं, बहुत खुश हैं कि वे राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन गए हैं।

# भारत में ओलंपिक जरूर होने चाहिए, इससे खेलों में योग्यता को बढ़ावा मिलेगा: राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी की भारत की महत्वाकांक्षा सही दिशा में उठाया गया कदम है क्योंकि इससे ना केवल लोगों को प्रेरणा मिलेगी बल्कि देश के खेल परिदृश्य में योग्यता को भी बढ़ावा मिलेगा।राष्ट्रपति ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में पीटीआई के वरिष्ठ संपादकों के साथ विशेष बातचीत की और कबड्डी जैसे भारत के स्वदेशी खेलों की प्रशंसा की। मुर्मू ने कहा, मुझे खेल देखना पसंद है, हालांकि मुझे खेलने के बहुत ज्यादा मौके नहीं मिले। लेकिन जब भी मौका मिला, मैंने भारतीय खेलों को प्राथमिकता दी। राष्ट्रपति ने कहा, ओलंपिक निश्चित रूप से भारत में होने चाहिए। इससे लोग प्रेरित होंगे और खेलों में योग्यता को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने पीटीआई-भाषा के लिए महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विशेष हस्ताक्षरित लेख भी लिखा। मेजबान देश पर निर्णय 2026 से पहले लिए जाने की उम्मीद नहीं है और यह 2027 में भी हो सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अगले साल अपने चुनाव कराने के बाद ही प्रक्रिया शुरू करेगी। पोलैंड, मैक्सिको, इंडोनेशिया, कतर और सऊदी अरब उन देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी में रुचि दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी महीने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आएजन की देश की क्षमता पर भरोसा जताया था। उन्होंने कहा था, भारत का सपना 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना है, हम इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। मुर्मू ने जून में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।उन्होंने पिछले महीने राष्ट्रपति भवन में साइना नेहवाल के साथ बैडमिंटन खेलते हुए अपनी तस्वीरें साझा की थीं। तस्वीरों के कैप्शन में लिखा था कि राष्ट्रपति को खेलों से स्वाभाविक प्यार है।

# कोहली और जायसवाल की टेस्ट रैंकिंग में सुधार, रोहित छठे स्थान पर खिसके





**दुबई।**(भाषा) सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान के नुकसान से छठे पायदान पर हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवा यशस्वी जासयवाल भी बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। वह एक स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड में 56 और 32 रन की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीन स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रोहित को पीछे छोड़ा।बाबर को छह स्थान का नुकसान हुआ है और वह संयुक्त तीसरे से नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट में वह नाकाम रहे थे। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पहले टेस्ट में शतक की बदौलत सात स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम भी सात स्थान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ 17वीं रैंकिंग पर हैं।भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा क्रमश: तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं।इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स (चार स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर) और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो (10 स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर) को रैंकिंग में फायद हुआ है जबकि पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह (चार स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर) और इंग्लैंड के गस एटकिंसन (चार स्थान के फायदे से 42वें स्थान पर) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। ऑलराउंडरों की सूची में जडेजा और अश्विन शीर्ष दो स्थान पर हैं जबकि अक्षर पटेल छठे पायदान पर हैं।

## वेस्टइंडीज ने तीसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से जीती

**तारोबा।( एपी )** निकोलस पूरन के 13 गेंद में 35 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने वर्षाबाधित तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला 3 . 0 से अपने नाम कर ली। बारिश के कारण खेल एक घंटे विलंब से शुरू हुआ। दक्षिण अफ्रीका की पारी के पांचवें ओवर में बारिश फिर शुरू हो गई जिससे मैच प्रति टीम 13 ओवर का कर दिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने उस समय बिना किसी नुकसान के 23 रन बना लिए थे जब बारिश शुरू हुई। ट्रिस्टन स्टब्स ने 15 गेंद में 40 रन बनाकर टीम को चार विकेट पर 108 रन तक पहुंचाया। स्टब्स ने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। जवाब में पूरन ने दो चौके और चार छक्के जड़े। वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 60 रन था जब पूरन चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए। शाइ होप ने 24 गेंद में नाबाद 42 और शिमरोन हेटमाएर ने 17 गेंद में 31 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट की अटूट साझेदारी में 56 रन जोड़े। इस साल टी20 विश्व कप से पहले भी वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को टी20 श्रृंखला में 3 . 0 से हराया था।

## दिशा और आराध्य ने इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन में किया उलटफेर

**पुणे।** भारत के दिशा संतोष और आराध्य शर्मा ने बुधवार को यहां इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमश: लड़कियों और लड़कों के एकल के शुरुआती दौर में बड़ा उलटफेर किया। दिशा ने चीनी ताइपे की छठी वरीयता प्राप्त लियाओ जुई ची को 21-15 21-18 से जबकि क्वालीफायर आराध्य शर्मा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त साई प्रसाद तीगाला को 15-21 21-7 21-15 से हराया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में टंकारा ज्ञान दत्तू तलसिला ने ऑस्ट्रेलिया के श्रेय ढांड को 20-22, 21-19, 23-21 से जबकि गैरवरीयता प्राप्त प्रतीक कौंडिल्य ने दसवीं वरीयता प्राप्त साई श्रेयस पल्लेरला को 21-19, 21-12 से पराजित किया। एक अन्य मैच में चीनी ताइपे के यांग चिएह डैन ने सोलहवीं वरीयता प्राप्त उमा महेश्वर रेड्डी पर 21-17, 21-10 से जीत दर्ज की। वर्गीस जेम्स ने आठवीं वरीयता प्राप्त अमन सुरेश को 21-16, 21-15 से हराकर उलटफेर किया।लड़कियों के शुरुआती दौर में रुजुला रामू ने 16वीं वरीयता प्राप्त यश्वी भट्ट को करीबी मुकाबले में 19-21, 21-15, 21-5 से हराया।

# अपने करियर को नई दिशा देना चाहते हैं करुण नायर

**बेंगलुरु।**(भाषा) अभी तक अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करने वाले भारतीय बल्लेबाज करुण नायर अपने करियर को नई दिशा देना चाहते हैं लेकिन वह बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे वह एक स्थिति में फंस सकते हैं। करुण को भारत की तरफ से मैच खेले हुए सात साल हो गए हैं, लेकिन उन्होंने पिछले एक साल में कुछ पुराना जलवा दिखाया है। इस बल्लेबाज ने इस दौरान विदर्भ और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में नॉर्थम्पटनशर की तरफ से कुछ उपयोगी पारियां खेली। उन्होंने पीटीआई से कहा, आपको कड़ी मेहनत करने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। सब कुछ अगले मैच से जुड़ा होता है और मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहा हूं क्योंकि कभी-कभी आप यह सोचकर फंस जाते हैं कि आगे क्या होने वाला है।

नायर ने कहा, मैंने पिछले एक साल में सभी प्रारूपों में काफी रन बनाए हैं। मैं हर मौके पर वही करने की कोशिश कर रहा हूं जो मैं पिछले एक साल से करता आ रहा हूं। मैं हर मौके को नए अवसर के रूप में देख रहा हूं। करुण के करियर में सकारात्मक बदलाव का पहला संकेत तब मिला जब उन्हें 2023 की शुरुआत में नॉर्थम्पटनशर की तरफ से खेलने का मौका मिला। उन्होंने तब तीन मैच में 83 की औसत से 249 रन बनाए, जिसमें चैंपियन सरे के खिलाफ शतक भी शामिल था। इस साल उन्होंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच में 49 के औसत से 487 रन बनाए जिसमें एक शतक शामिल है।उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि भारतीय बल्लेबाजों के लिए इंग्लैंड में जाकर रन बनाना आसान नहीं होता है। इसलिए मैंने एक बल्लेबाज के रूप में खुद को समझने, रन बनाने के तरीके ढूंढने और खुद पर विश्वास करने के बारे में बहुत कुछ सीखा है।

## पैरालंपिक में एथलेटिक्स में भारत 10 पदक जीत सकता है: कोच सत्यनारायण

**नई दिल्ली।** (भाषा) पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण का मानना है कि भारत बुधवार से शुरू हो रहे पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण सहित 10 पदक जीत सकता है और उनका लक्ष्य पिछले पैरालंपिक के अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। सत्यनारायण ने कहा कि भारतीय एथलीटों ने पेरिस पैरा खेलों के लिए गहन प्रशिक्षण लिया है। इस प्रतियोगिताओं में भारत का 84 खिलाड़ियों का अब तक का सबसे बड़ा दल हिस्सा ले रहा है जिसमें 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल हैं। सत्यनारायण ने एक विज्ञप्ति में कहा, तोक्यो में हमारे कई एथलीटों ने रजत और कांस्य पदक हासिल किए। इस बार हमारा ध्यान उन्हें स्वर्ण पदक में बदलने पर है। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण गहन रहा है और हमारे एथलीटों ने अविश्वसनीय समर्पण दिखाया है।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

## पाठक को मुख्य गोलकीपर बनाया गया

**नई दिल्ली।** (भाषा) पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए कृशन बहादुर पाठक को हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली 18 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे। अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे। डिफेंस का जिम्मा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित पर होगा। वहीं मिडफील्ड में राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अभिषेक, सुखजीत सिंह, हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह रहेंगे। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम के दस सदस्य इस टीम में हैं। कोच क्रेग फुल्टोन ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान में कहा , हमारे लिए यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। टीम पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने का जश्न मनाने के बाद शिविर में लौट आई है। उन्होंने कहा , पिछले कुछ सप्ताह शानदार रहे जब टीम को बेशुमार प्यार मिला। हमें उम्मीद है कि यह समर्थन आगे भी जारी रहेगा। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी से नया ओलंपिक चक्र शुरू हो रहा है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम आठ सितंबर को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद जापान (नौ सितंबर), मलेशिया (11 सितंबर), कोरिया (12 सितंबर) और पाकिस्तान (14 सितंबर) से खेलना है। सेमीफाइनल 16 सितंबर को और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

## मेघालय के स्कूल ने सुब्रतो कप का सब-जूनियर लड़कों के वर्ग का खिताब जीता

**बेंगलुरू।** मेघालय के नोनगिरी प्रेसबिटेरियन सेकेंडरी स्कूल ने बुधवार को यहां एकतरफा फाइनल में उत्तर प्रदेश के मेजर ध्यानचंद खेल कॉलेज को 3-0 से हराकर 63वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के सब जूनियर लड़कों के वर्ग का खिताब जीत लिया। नोनगिरी प्रेसबिटेरियन की ओर से प्रॉस्परवेल रिनटोंग (पहले और 34वें मिनट) ने दो जबकि नामेबानलेन नोंगकसेह ने एक गोल किया। एयर मार्शल नागेश कपूर ने बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय और एथलीट अश्विनी अकुंजी के साथ ट्रॉफी विजेता टीम को दी। नोनगिरी प्रेसबिटेरियन को खिताब जीतने के लिए चार लाख रुपए की इनामी राशि मिली जबकि उप विजेता रही उत्तर प्रदेश की टीम को दो लाख रुपए मिले। सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीम को 50-50 हजार रुपए जबकि क्वार्टर फाइनल में हारने वाली टीमों को 25-25 हजार रुपए मिले।

## आयुष के पांच विकेट से पुरानी दिल्ली 6 ने उत्तर दिल्ली स्ट्राइकर्स को हराया

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज आयुष ठाकुर के पांच विकेट की मदद से पुरानी दिल्ली 6 ने दिल्ली प्रीमियर लीग में उत्तर दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रन से हरा दिया। आयुष ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य के जवाब में उत्तर दिल्ली टीम सात विकेट पर 172 रन ही बना सकी। आयुष ने पहले ओवर में सलामी बल्लेबाज सार्थक रंजन का विकेट लिया। इसके बाद तीसरे ओवर में यश डबास और पांचवें ओवर में क्षितिज शर्मा को पवेलियन भेजा।

# सिंकफील्ड कप: गुकेश ने गिरी से ड्रॉ खेला, प्रज्ञानानंदा ने करुआना को बराबरी पर रोका

**सेट लुई** (अमेरिका)।(भाषा) भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में आठ बाजियों में आठवीं बार ड्रॉ खेला। यह टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश ने नीदरलैंड के अनीष गिरी से सिर्फ 23 चाल में ड्रॉ खेला जबकि प्रज्ञानानंदा ने स्थानीय दावेदार फाबियानो करूआना को 28 चाल में बराबरी पर रोका।आठवें दौर की सभी बाजियां ड्रॉ रही। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने एक दौर शेष रहते ग्रैंड शतरंज टूर जीत लिया और उन्हें अपने इस प्रदर्शन के लिए एक लाख डॉलर की बोनस राशि भी मिलेगी। आठवें दौर में फिरोजा ने सबसे लंबी बाजी खेली। उनकी और रूस के इयान नेपोमनियाची की बाजी 80 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुई।दस खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट की दिन की दो अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने चीन डिंग लिरेन जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव ने अमेरिका के वेस्ली सो से अंक बांटे। इस ड्रॉ से फिरोजा के आठ बाजियों में 5.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने अजेय बढ़त हासिल कर ली है। करूआना अंकों के आधार पर उनकी बराबरी कर सकते हैं लेकिन इसके लिए उन्हें गिरी को हराना होगा जबकि फिरोजा की प्रज्ञानानंदा के खिलाफ हार की दुआ करनी होगी। करूआना अंकों के आधार पर उनकी बराबरी कर सकते हैं लेकिन इसके लिए उन्हें गिरी को हराना होगा जबकि फिरोजा की प्रज्ञानानंदा के खिलाफ हार की दुआ करनी होगी।अंक बराबर रहने के बावजूद हालांकि फिरोजा का ग्रैंड शतरंज टूर जीतना तय है।टूर्नामेंट में पांच खिलाड़ी चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रहे हैं जिसमें गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वाचिएर लाग्रेव, सो और अब्दुसत्तोरोव शामिल हैं। नेपोमनियाची और लिरेन 3.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं जबकि इनसे आधा अंक पीछे गिरी अंतिम पायदान पर हैं।

## कोरिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त

**सियोल।** अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप की बुधवार को यहं कोरिया ओपन के पहले दौर में हार के साथ इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया। दुनिया के 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता को महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 8-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि आकर्षी को पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी मालविका को कड़े मुकाबले में दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क जेयर्सफेल्ट के खिलाफ 21-18 15-21 17-21 से हार मिली। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी को को सुंग ह्युन और इयोम हए वोन की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ 7-21 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## लीजैंड लीग क्रिकेट का तीसरा सत्र अगले महीने 40 साल बाद कश्मीर में खेलेंगे दिग्गज क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** शिखर धवन और दिनेश कार्तिक समेत कई दिग्गज 20 सितंबर से शुरू हो रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सत्र में नजर आएंगे और करीब 40 साल बाद दिग्गज क्रिकेटर श्रीनगर में खेलेंगे। लीग 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगी। इसमें छह टीमें 25 मैच खेलेंगी और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल 16 अक्टूबर को होगा। फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का पूल बनाया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।